www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 24 सितंबर 2025 | 9 आश्विन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 267, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

सूर्योदय 6:09 सूर्यास्त 6:17

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.4 न्यू | 25 अधि |
| धर्मशाला | 19.6 न्यू | 28 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,102 |
| निफ्टी | 25,169 |

सोना 1,14,324 चांदी 1,35,267

## तृतीय चंद्रघंटा



**आज** शारदीय नवरात्र का तीसरा दिन है। नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा के तृतीय स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां चंद्रघंटा को राक्षसों का वध करने वाला कहा जाता है। मां चंद्रघंटा के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्द्धचंद्र हैं, जिसके कारण मां को चंद्रघंटा कहा जाता है। मान्यता है कि मां ने अपने भक्तों का कल्याण करने के लिए हाथों में त्रिशूल, तलवार और गदा रखी है।

**मां चंद्रघंटा का मंत्र:-**

*ॐ देवी चंद्रघंटायै नम:।*
*या देवी सर्वभूतेषु मां चंद्रघंटा रूपेण संस्थिता।*
*नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:।*

# हिमाचल की तबाही पर सख्त हुआ सुप्रीम कोर्ट, पूछा-कौन है जिम्मेदार?

## अनियंत्रित विकास पर सरकार से पूछे कई सवाल, 28 अक्तूबर तक मांगा जवाब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश में अनियोजित निर्माण पर सुप्रीम कोर्ट ने अपनी स्वत: संज्ञान वाली जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की। एससी ने एक आदेश पारित किया, जिसमें हिमाचल सरकार से राज्य में प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और पारिस्थितिक असंतुलन से संबंधित कुछ सवालों के जवाब मांगे गए।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सवालों की एक प्रश्नावली जारी की। राज्य सरकार को इसका जवाब 28 अक्तूबर तक देना है। अदालत ने कहा कि सवालों को लेकर विस्तृत आदेश आज सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट के सवाल पारिस्थितिक असंतुलन, प्राकृतिक आपदाओं, उनके कारणों और राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से संबंधित होंगे। कोर्ट ने ये सवाल एमिकस क्यूरी की रिपोर्ट के पेज नंबर 65 के आधार पर पूछे हैं। राज्य सरकार को पारिस्थितिक असंतुलन के मुद्दे पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकार को अनियोजित शहरीकरण और वनों की कटाई पर रोक लगाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। कोर्ट ने राज्य सरकार से एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जिसमें पारिस्थितिक असंतुलन के कारणों और समाधानों का उल्लेख करना होगा।

**सुप्रीम कोर्ट पहले भी कर चुका है सख्त टिप्पणी:** इससे पहले, एमएस प्रिस्टीन होटल्स एंड रिजॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दायर याचिका की सुनवाई के दौरान एक अगस्त 2025 को जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा था यदि हिमाचल में निर्माण कार्य और विकास योजनाएं इसी तरह बिना वैज्ञानिक दृष्टिकोण के चलती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब हिमाचल देश के नक्शे से गायब हो जाएगा। भगवान करें कि ऐसा न हो।

### अदालतें रिकवरी एजेंट नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अदालतें वसूली (रिकवरी) एजेंट के रूप में कार्य नहीं कर सकतीं तथा उसने किसी विवाद में पक्षकारों द्वारा दीवानी विवादों को आपराधिक मामलों में बदल देने की प्रवृत्ति की निंदा की। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ कहा कि बकाया राशि की वसूली के लिए गिरफ्तारी की धमकी का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। यह हालिया प्रवृत्ति बन गई है कि पक्षकार धन की वसूली के लिए आपराधिक मामले दर्ज कराते हैं, जबकि यह पूरी तरह से दिवानी विवाद होता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणियां उत्तर प्रदेश से जुड़े एक आपराधिक मामले में कीं हैं, जहां धन की वसूली के विवाद में एक व्यक्ति पर अपहरण के आरोप लगाए गए थे। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने कहा कि इस तरह की शिकायतों में वृद्धि हुई है। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसे मामलों में पुलिस बीच में फंस जाती है, क्योंकि यदि वह संज्ञेय अपराध का मामला होते हुए भी प्राथमिकी दर्ज नहीं करती तो अदालत उसे फटकार लगाती है और यदि दर्ज करती है तो पक्षपात का आरोप लगाया जाता है और यह कहा जाता है कि पुलिस ने विधिक प्रक्रिया का पालन नहीं किया।

# हाईकोर्ट ने युग के दो हत्यारों की फांसी की सजा उम्रकैद में बदली, एक बरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



फिरौती के लिए मासूम की कर दी थी हत्या



शिमला के बहुचर्चित युग हत्याकांड के दोषियों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने दो दोषियों की फांसी की सजा को उम्रकैद में बदल दिया है। यह निर्णय सजा-ए-मौत की सजा के पुष्टिकरण और दोषियों की अपील पर सुनाया गया। ऐसे में अब दो दोषियों को अंतिम सांस तक जेल में ही रहना होगा। वहीं, कोर्ट ने एक दोषी को बरी कर दिया है।

मामला सत्र न्यायाधीश शिमला की ओर से रेफरेंस के तौर पर हाईकोर्ट के समक्ष रखा गया था और दोषियों की ओर से दोष सिद्धि के खिलाफ अपील दायर की गई थी। अपील व रेफरेंस पर न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर व न्यायाधीश राकेश कैंथला की विशेष खंडपीठ ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिस पर मंगलवार को फैसला सुनाया गया।

गौरतलब है कि 2014 में फिरौती के लिए 4 साल के युग की किडनैपिंग के बाद हत्या कर दी गई थी और शव पत्थर बांधकर पानी के टैंक में फेंक दिया था। फैसले पर युग के परिजनों ने नाराजगी जताई है और सुप्रीम कोर्ट में न्याय के लिए गुहार लगाने की बात कही है। युग के पिता विनोद गुप्ता ने कहा कि 11 वर्ष के बीत जाने के बाद भी युग को न्याय नहीं मिला है और अब हाईकोर्ट ने फांसी की सजा को उम्रकैद में बदल दिया है, जिससे वह खुश नहीं हैं। युग के दोषियों को फांसी दे देनी चाहिए थी, लेकिन इतना वक्त बीत जाने पर भी दोषी जिंदा हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में देंगे फैसले को चुनौती : विनोद कुमार

**युग** के पिता विनोद कुमार ने कहा कि जिस आरोपी को छोड़ा गया, उसी के घर में युग को रखा गया था और उसी की गाड़ी से किडनैपिंग को अंजाम दिया गया था। उन्होंने कहा कि वे 11 साल से न्यायालय का दरवाजा खटखटा रहे हैं, लेकिन आज भी न्याय नहीं मिला। उन्होंने भावुक होकर कहा कि अगर उनका बेटा जिंदा होता तो आज 15 साल का हो गया होता। अब युग के माता-पिता इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। विनोद कुमार ने कहा कि अगर वहां से भी न्याय नहीं मिला, तो भगवान दोषियों को जरूर सजा देगा।

### आयुष्मान भारत योजना के सात वर्ष पूरे होने पर पीएम मोदी बोले-

# जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांति का गवाह बन रहा है भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आयुष्मान भारत योजना के सात वर्ष पूरे होने के अवसर पर बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट भी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पोस्ट में इस योजना का जिक्र करते हुए कहा कि आज हम आयुष्मान भारत के सात वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। यह एक ऐसी पहल थी, जिसने भविष्य की जरूरतों को समझते हुए लोगों के लिए उच्च गुणवत्ता और किफायती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया।

इस योजना का जिक्र करते हुए पोस्ट में कहा गया कि शासन में सच्चा नेतृत्व भविष्य की जरूरतों का पूर्वानुमान लगाने में निहित है। आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के सात वर्ष पूरे होने पर, भारत एक स्वास्थ्य सेवा क्रांति का जश्न मना रहा है, जिसने 55 करोड़ से ज्यादा नागरिकों के लिए वित्तीय सुरक्षा, सार्वभौमिक पहुंच और सम्मानजनक देखभाल सुनिश्चित करते हुए, स्वास्थ्य सेवाओं की नई परिभाषा गढ़ी है। पोस्ट में आगे कहा गया है कि यह एक ऐसी स्कीम है, जो इस बात का खाका तैयार करती है कि कैसे दूरदर्शी नीतियां जन स्वास्थ्य की नियति को नए सिरे से लिख सकती हैं। उन्होंने कहा कि इसकी बदौलत, भारत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में एक क्रांति का गवाह बन रहा है। इसने वित्तीय सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया है। (अनंत ज्ञान)

# अनाथ बच्चों को नई दिशा दे रही सरकार : सीएम सुक्खू

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**नामी स्कूलों में दाखिले शुरू, बच्चों को दिए जा रहे समान अवसर**



**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार अनाथ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए ठोस कदम उठा रही है। इसी प्रयास के तहत इन्हें प्रदेश के नामी शैक्षणिक संस्थानों में दाखिला दिलाया जा रहा है। सोलन स्थित पाइनग्रोव पब्लिक स्कूल में चार, शिमला के तारा हॉल स्कूल में तीन और दयानंद पब्लिक स्कूल में आठ बच्चों को प्रवेश मिला है।

सीएम ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य अनाथ बच्चों को शिक्षा, खेलकूद और अन्य सह-पाठयक्रम गतिविधियों में समान अवसर उपलब्ध कराना है। रोजगारपरक उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग भी दिया जा रहा है, ताकि ये बच्चे आत्मनिर्भर बन सकें और अपनी प्रतिभा को खुलकर सामने ला सकें।

### मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना दे रही बेसहारों को सहारा

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि प्रदेश के सभी अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' का दर्जा दिया गया है। इसके तहत उनकी देखभाल, सुरक्षा और शिक्षा की जिम्मेदारी 27 वर्ष की आयु तक राज्य सरकार वहन करेगी। साथ ही आईटीआई, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग और फार्मेसी कॉलेजों सहित सभी तकनीकी शिक्षा संस्थानों में हर पाठ्यक्रम में एक सीट आरक्षित की गई है, ताकि उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण के बेहतर अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि इन बच्चों को देशभर के ऐतिहासिक स्थलों और प्रमुख नगरों का भ्रमण करवाने के लिए एक्सपोजर विजिट भी आयोजित की जा रही है। इसमें हवाई यात्रा और तीन सितारा होटलों में आवास सहित सभी खर्च राज्य सरकार उठा रही है। हिमाचल देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने अनाथ बच्चों के कल्याण के लिए विशेष कानून बनाकर उनके सम्मानजनक जीवन और शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित किया है।

# कोलकाता में भारी बारिश से बाढ़, सात की मौत

**एजेंसी, नई कोलकाता**

**सड़कों-घरों में पानी भरा, रेलवे-मेट्रो सर्विस ठप**

पश्चिम बंगाल के कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में सोमवार देर रात से मंगलवार सुबह तक मूसलाधार बारिश से बाढ़ आ गई। पानी में बिजली का करंट फैलने से अब तक सात लोगों की मौत हो गई है। कोलकाता में पिछले 24 घंटों में लगभग 247.5 मिमी बारिश हुई।

शहर की कई सड़कों पर 3 फुट तक पानी भर गया है। यातायात व्यवस्था सुबह से चरमरा गई है। सड़कों पर खड़ी गाड़ियां आधी से ज्यादा डूब गई हैं। वहीं घरों और रेसिडेंशियल कॉम्प्लेक्स में भी पानी भरा है। सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि मैंने ऐसी बारिश पहले कभी नहीं देखी। जिन लोगों की जान गई है, उनके लिए उन्हें दुख है। हमारे घर भी पानी में डूब गए हैं। हम सब परेशान हैं। मुझे पूजा पंडालों के लिए भी बहुत बुरा लग रहा है। कोलकाता एयरपोर्ट पर पानी भरने और खराब मौसम के कारण 30 फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं और 42 फ्लाइट्स लेट हो गईं।

पानी भरने से शहीद खुदीराम और मैदान मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो सेवा रोक दी गई है। हावड़ा और सियालदह डिवीजनों के रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया है। जिससे कई ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। बंगाल सरकार ने बारिश के चलते पूरे राज्य में सभी सरकारी स्कूल और कॉलेजों में तय समय से दो दिन पहले ही दुर्गा पूजा की छुट्टियां कर दी हैं। (अनंत ज्ञान)

## सपा नेता आजम खान 23 महीने बाद जेल से रिहा



**एजेंसी, सीतापुर।** सपा नेता आजम खान 23 महीने बाद सीतापुर जेल से मंगलवार दोपहर रिहा हो गए। 5 दिन पहले हाईकोर्ट ने उन्हें बीयर बार पर कब्जे से जुड़े केस में जमानत दी थी। यह आखिरी मामला था, जिसमें उन्हें जमानत मिली। हालांकि, जमानत मिलते ही पुलिस ने शत्रु संपत्ति मामले में नई धाराएं जोड़ दी हैं। 20 सितंबर को रामपुर कोर्ट ने ये धाराएं खारिज कर दीं, जिससे रिहाई का रास्ता साफ हो गया। आजम पर 104 केस दर्ज हैं। दोनों बेटे अदीब और अब्दुल्ला समेत मुरादाबाद सांसद रुचि वीरा और 400 से ज्यादा कार्यकर्ता उन्हें लेने पहुंचे। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- दियोटसिद्ध में बिजली के खंभे से गिरने पर प्रवासी की मौत पेज 2
- 'मेरा घर, मेरे हक' की आवाज बुलंद करने उमड़ी भारी भीड़ -पेज 5
- शिवालिक हाइड्रो प्रोजेक्ट की डंपिंग से उरई गांव की फसलें हुईं बर्बाद -पेज 7
- नि:संतानों को संतान सुख देती हैं मां सिमसा -पेज 10
- 350 करोड़ की लागत से बन रहा हाईटेक प्रोजेक्ट -पेज 12

# ढलियारा में श्रद्धालुओं से भरा ट्रक पलटा; चार की मौत, 17 घायल

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**



अस्पताल में उपचाराधीन घायलों के बयान दर्ज करती पुलिस।

**गरली।** पंजाब के बठिंडा से लंगर सेवा के लिए निकले श्रद्धालुओं से भरा ट्रक मंगलवार को ढलियारा में पलट गया और पलभर में चीख-पुकार मच गई। देखते ही देखते सड़क पर खून से लथपथ पड़े श्रद्धालुओं को देख लोगों का दिल दहल उठा। स्थानीय लोग और राहगीर तुरंत मदद को दौड़े और राहत कार्य शुरू किया। घायलों को 108 एंबुलेंस व अन्य निजी वाहनों की मदद से देहरा अस्पताल पहुंचाया गया।

डॉक्टरों ने बताया कि हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 8 श्रद्धालुओं की हालत गंभीर होने पर उन्हें टांडा मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार यह श्रद्धालु चिंतपूर्णी होते हुए चामुंडा मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे, लेकिन ढलियारा के समीप ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। ग्रामीणों ने घायलों को अपनी गाड़ियों से अस्पताल तक पहुंचाया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया है, वहीं घायलों का उपचार युद्ध स्तर पर जारी है।

### पांवटा साहिब में यमुना नदी में तीन युवक डूबे

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

यमुना नदी में नहाने गए 3 युवक अचानक तेज बहाव में बह गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीनों युवक नदी में नहा रहे थे, तभी पानी का तेज बहाव आने से वे गहरे पानी में चले गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया गया है। नदी किनारे भारी संख्या में लोग इकट्ठे हो गए, वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि यमुना नदी में सावधानी बरतें और बिना सुरक्षा के नदी में उतरने से बचें। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है और युवकों की तलाश की जा रही है।

# मैंने सात युद्ध रोके, लाखों लोगों की बचाई जान : ट्रंप

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर एक बार यह कहते हुए सुर्खियां बटोरी हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव को खत्म करने में अहम भूमिका निभाई। ट्रंप का दावा है कि साल की शुरुआत में दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को उन्होंने 'व्यापारिक दबाव' के जरिए शांत कराया था। उनका कहना है कि केवल यही नहीं, बल्कि उन्होंने दुनिया के सात बड़े संघर्षों को थमने में योगदान दिया है और इसके लिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए।

एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय मंच पर अमेरिका की साख ऊंची है और इसी वजह से उनकी मध्यस्थता कई विवादों को सुलझा पाई है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि भारत-पाकिस्तान और थाईलैंड-कंबोडिया जैसे देशों के बीच टकराव को उन्होंने रोका। ट्रंप ने दावा किया, भारत और पाकिस्तान के मामले में मैंने साफ कर दिया कि यदि लड़ाई हुई तो हम व्यापार बंद कर देंगे।

चूंकि दोनों देशों को व्यापार की जरूरत थी, इसीलिए हालात काबू में आ गए। ट्रंप का कहना है कि उनके प्रयासों से भारत-पाकिस्तान, थाईलैंड-कंबोडिया, आर्मेनिया-अजरबैजान, कोसोवो-सर्बिया, इजरायल-ईरान, मिस्र-इथियोपिया और रवांडा-कांगो जैसे सात विवाद टले। (अनंत ज्ञान)

### एम करुणानिधि की मूर्ति लगाने पर रोक

**एजेंसी, चेन्नई।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तमिलनाडु सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि नेताओं का महिमामंडन करने के लिए जनता के पैसों का इस्तेमाल क्यों किया जाए। राज्य सरकार पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि की मूर्ति लगाने की परमिशन के लिए याचिका लेकर पहुंची थी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने कहा कि इसकी अनुमति नहीं है। आप अपने पूर्व नेताओं के महिमामंडन के लिए जनता के पैसों का इस्तेमाल क्यों कर रहे हैं? सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से याचिका वापस लेने और मद्रास हाईकोर्ट जाने को कहा। मद्रास हाईकोर्ट ने सार्वजनिक स्थानों पर मूर्तियां लगाने पर रोक लगा दी थी। तमिलनाडु सरकार ने तिरुनेलवेली में मुख्य सड़क पर वल्लियूर डेली वेजिटेबल मार्केट के एंट्री गेट पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि की कांस्य प्रतिमा और नाम बोर्ड स्थापित करने का प्रस्ताव रखा था।

# मोहनलाल को मिला दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**शाहरुख खान-विक्रांत मैसी को बेस्ट एक्टर रानी को बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड**



राष्ट्रपति से दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड लेते मलयाली एक्टर मोहनलाल।

71वीं नेशनल अवॉर्ड सेरेमनी नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हुई। शाहरुख खान, विक्रांत मैसी को बेस्ट एक्टर और रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला।

मलयाली एक्टर मोहनलाल को फिल्म जगत में दिए गए उनके योगदान के लिए हिंदी सिनेमा के सबसे गौरवपूर्ण दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें शॉल पहनाई और गोल्डन लोटस अवॉर्ड दिया। इस दौरान मोहनलाल को स्टैंडिंग ओवेशन मिला।

यह मेरे लिए गहन गौरव और कृतज्ञता का पल है कि मैं आज यहां खड़ा हूं। मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के प्रतिनिधि के रूप में यहां खड़ा होना मेरे लिए अत्यंत विनम्र और गौरवपूर्ण पल है। मैं गहराई से विनम्र हूं कि मैं इस पुरस्कार का सबसे युवा प्राप्तकर्ता हूं और अपने राज्य से यह राष्ट्रीय मान्यता पाने वाला केवल दूसरा व्यक्ति हूं। यह पल सिर्फ मेरा नहीं है, यह पूरे मलयालम सिनेमा परिवार का है। सच कहूं तो, मैंने कभी इस पल का सपना देखने की हिम्मत भी नहीं की थी। अपने सबसे बड़े सपनों में भी नहीं। इसलिए, यह सिर्फ कोई सपना सच होने जैसा नहीं है, यह उससे कहीं बड़ा, जादुई, और पवित्र है। सिनेमा मेरी आत्मा की धड़कन है।

शाहरुख खान को फिल्म जवान और विक्रांत मैसी को फिल्म 12वीं फेल के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला है। वहीं रानी मुखर्जी को मिसेस चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला। ये शाहरुख, विक्रांत और रानी तीनों के करियर का पहला नेशनल अवॉर्ड है। (अनंत ज्ञान)

**तैयारी** हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्शन कमीशन ने पंचायत चुनाव की तैयारियां की तेज

# पंचायत चुनाव: 3 करोड़ बैलेट पेपर के दिए प्रिंटिंग ऑर्डर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




बैलेट पेपर से होंगे पंचायत चुनाव

हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्शन कमीशन ने पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। इन चुनाव के लिए कमीशन ने 3 करोड़ बैलेट पेपर की प्रिंटिंग का ऑर्डर दिया है। इनकी प्रिंटिंग हिमाचल सरकार की प्रेस में करवाई जाएगी। साल 2020 के चुनाव में 2 करोड़ 75 लाख बैलेट पेपर प्रिंट किए गए थे। इस बार 25 लाख ज्यादा बैलेट छापे जा रहे हैं।

पंचायतों में यह चुनाव प्रधान, उपप्रधान, वार्ड मेंबर, पंचायत समिति सदस्य (बीडीसी) और जिला परिषद के लिए होने है। प्रत्येक पद के लिए 60-60 लाख बैलेट पेपर प्रिंट किए जाएंगे। नॉमिनेशन के बाद नाम वापसी होते ही इन बैलेट पेपर पर चुनाव लड़ने वाले दावेदारों के नाम मैनुअली लिखे जाएंगे।

बेशक, लोकसभा और विधानसभा चुनाव ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) से होते हैं। मगर, पंचायत चुनाव बैलेट से ही करवाए जाते हैं। इस बार भी बैलेट पेपर से ही वोटिंग होगी। इसलिए, इलेक्शन कमीशन ने एडवांस में ही बैलेट पेपर प्रिंट करने के निर्देश दे दिए है।

### इस बार चुने जाएंगे 3577 पंचायत प्रधान

**प्रदेश** में इस बार 3577 पंचायत प्रधान और इतने ही उपप्रधान चुने जाएंगे, जबकि साल 2020 के चुनाव में 3616 प्रधान व इतने ही उपप्रधान निर्वाचित हुए थे। कुछ पंचायतों को नगर पंचायत में अपग्रेड करने और कुछ को शहरी निकाय में मर्ज करने की वजह से इस बार 39 पंचायतें कम हुई है। वहीं, पिछले चुनाव में 1696 बीडीसी मेंबर चुने गए थे। इस बार बीडीसी के कुछ वार्ड कम हो सकते हैं। इसी तरह, 2020 में 249 जिला परिषद सदस्य निर्वाचित हुए थे। इस बार जिला परिषद के दो से तीन वार्ड बढ़ सकते है। वहीं, पिछले चुनाव में 21 हजार 403 वार्ड मेंबर चुने गए थे। इस बार इनकी संख्या भी कम होगी। कुछ जिलों में वार्डबंदी का काम अंतिम चरण में है। अगले डेढ़ से दो सप्ताह में वार्ड मेंबर, बीडीसी और जिला परिषद मेंबर की स्थिति साफ हो जाएगी।

### ईवीएम से करवाए जाएंगे निकाय चुनाव

**नगर** निकाय चुनाव ईवीएम से होंगे। प्रदेश में 74 निकाय है। इनमें से शिमला नगर निगम को छोड़कर अन्य सभी शहरी निकाय में इसी साल चुनाव होने हैं। यह चुनाव 7 नगर निगम, 29 नगर परिषद और 37 नगर पंचायत में होने है। पंचायत व निकाय चुनाव के लिए इलेक्शन कमीशन ने 25 सितंबर तक आरक्षण रोस्टर तय करने के निर्देश दे रखे हैं। आरक्षण रोस्टर के बाद ही पंचायतों में तय हो पाएगा कि कौन-सी पंचायत ओपन महिला, रिजर्व महिला, एससी महिला, ओबीसी, एसटी, एसटी महिला या फिर अनारक्षित है। वहीं, पंचायतों में आरक्षण रोस्टर तय होने से पहले ही चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों ने दावेदारी जताना शुरू कर दिया है। 15 नवंबर के बाद कभी भी इन चुनाव का ऐलान हो सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### धनेटा-बड़सर सड़क 22 अक्तूबर तक रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** जिले के महत्वपूर्ण मार्ग धनेटा-बड़सर सड़क का अपग्रेडेशन कार्य आरंभ किया गया है। अभी 0 से 8 किलोमीटर तक के अपग्रेडेशन के कार्य के चलते सड़क के इस हिस्से पर यातायात 22 अक्तूबर तक बंद कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि अपग्रेडेशन के कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए धनेटा-बड़सर सड़क के उक्त हिस्से पर वाहनों की आवाजाही 22 अक्तूबर तक बंद की गई है। उन्होंने बताया कि इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक धनेटा-राजनौण, डिग्री कालेज, मंडियानी सड़क से आवाजाही कर सकते हैं। उपायुक्त ने इस दौरान सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

### आकांक्षा ने 81 हजार एकत्रित कर सौंपी मदद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के चबूतरा गांव में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए री पंचायत के लाहौल गांव की आकांक्षा डडवाल ने मानवता और संवेदनशीलता का परिचय दिया। आकांक्षा ने अपने माता-पिता, रिश्तेदारों और सहेलियों की मदद से 81,000 रुपये की राशि एकत्रित की। यह सहायता राजपूत महासभा हमीरपुर के जिला महासचिव जोगिंदर ठाकुर की उपस्थिति में आपदा प्रभावित परिवारों को वितरित की गई। चबूतरा गांव में भूस्खलन से दर्जनों परिवार बेघर हो गए थे। आकांक्षा का यह कदम युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है और समाज में सकारात्मक सोच व सेवा भावना को बढ़ावा देने वाला है।

### भाजपा की राजनीतिक बयानबाजी निंदनीय

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बेटी के लंदन स्थित एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान में प्रवेश के लिए मुख्यमंत्री के विदेश दौरे के विषय में भाजपा की राजनीतिक बयानबाजी न केवल निंदनीय है अपितु उनकी विक्षिप्त मानसिकता को भी दर्शाती है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने जारी प्रेस बयान में कहा कि प्रदेश में बाढ़ और बारिश से उत्पन्न हुई स्थितियों से प्रदेश सरकार ने पूरी संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण से राहत एवं पुनर्वास कार्य किया है और मुख्यमंत्री ने जयराम सरकार के समय कोविड महामारी के दौरान अपनी निजी पूंजी से 11 लाख व 2023 की आपदा में 51 लाख रुपए राहत कोष में दान करके उच्च मानवीय मूल्यों का उदाहरण पेश किया है। जबकि भाजपा नेताओं ने मात्र आलोचना और राजनीतिक बयानबाजी करने का ही कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सीएम की बेटी को विश्व के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान में दाखिला और स्कॉलरशिप मिलना प्रदेश के लिए भी गौरव की बात है।

### मतदाता सूचियों को लेकर बैठक कल

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर के तहत मतदाताओं की मतदाता सूची से संबंधित को लेकर के विशेष बैठक का आयोजन किया जाएगा जिसकी अध्यक्षता उपमंडल अधिकारी नागरिक विकास शुक्ला द्वारा की जाएगी। जानकारी देते हुए नगर परिषद कार्यालय सुजानपुर की वरिष्ठ लिपिक सीनत शर्मा ने बताया कि 25 सितंबर वीरवार को नगर परिषद कार्यालय में प्रातः 11 बजे मतदाता सूची को लेकर निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी विकास शुक्ला विशेष बैठक में भाग लेंगे जिसमें नगर परिषद के सभी जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

### मतदाता के सत्यापन को लेकर बैठक कल

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** नगर परिषद नादौन के मतदाताओं की सूची के सत्यापन बारे नगर परिषद नादौन ने 25 सितंबर को प्रातः 11 बजे नगर परिषद कार्यालय बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में संभावित मतदाताओं की सूची का वार्ड वाईज सत्यापन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रमन शर्मा ने यहां जारी प्रेस ब्यान में नगर परिषद क्षेत्र के मतदाताओं से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय व स्थान पर पहुंचकर बैठक में भाग लें और नगर परिषद नादौन की मतदाता सूची में अपना नाम चेक कर सकते हैं। और यदि कोई छूट गया है या गलत मतदाता आ गए हैं तो बैठक में सुझाव दर्ज करवा सकते हैं।

### महिलाओं के लिए फ्री चिकित्सा शिविर 27 को

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** शिरडी श्री साई बाबा के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर 27 सितंबर को डीडीएम साई कॉलेज कल्लर जलाड़ी में महिलाओं के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ महिलाओं के स्त्री रोग से संबंधित निशुल्क जांच करेंगे। यह जानकारी देते हुए डीडीएम साई कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी राजेश कपिल ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना तथा उन्हें स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। इस शिविर के माध्यम से महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा और उन्हें स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी तथा आस-पास के क्षेत्र की महिलाएं इस शिविर में लाभ उठा सकती हैं।

### जीएसटी कटौती से जनता को मिला तोहफा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी समीरपुर मंडल के अध्यक्ष अभय वीर सिंह लवली, महामंत्री एडवोकेट संजीव कुमार और हिटलर ठाकुर ने जारी प्रेस बयान में कहा कि देश में लागू किए गए नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी ने आम नागरिकों को बड़ा उपहार दिया है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह एक ऐतिहासिक निर्णय है, जिससे आम जनता को जीएसटी कटौती के माध्यम से बड़ी राहत मिली है। नई जीएसटी धाराओं के तहत कई दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं पर 0 प्रतिशत जीएसटी लागू किया गया है। वहीं, जिन वस्तुओं पर पहले 28 प्रतिशत टैक्स लगाया जाता था, उस पर टैक्स घटाकर 5 प्रतिशत या 18 प्रतिशत कर दिया गया है। भाजपा नेताओं ने बताया कि इस सुधार से न केवल आम जनता को बल्कि देश के व्यापारी वर्ग को भी लाभ मिलेगा। इसके अलावा जीएसटी की जटिलताओं को सरल बनाया गया है, जिससे कर प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ी है। उन्होंने इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

### नीलम कौशल के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कबीर पंथ समाज सुधार सभा, हमीरपुर के मुख्य सलाहकार सत्यपाल कौशल सेवानिवृत महानिरीक्षक हिमाचल पुलिस की पत्नी नीलम कौशल का सोमवार को दिल का दौरा पड़ने के कारण का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को केंद्रीय विद्यालय, हमीरपुर के पास श्मशानघाट में किया गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सभा के अध्यक्ष सतीश कुमार कौशल, कमलेश कुमार शेखर महासचिव, इंदर राम, रिटायर्ड एडिशनल सेशन जज, डॉ. आर.के.बन्याल, अनिल चौधरी, नानक चंद कौंडल, बलदेव चंद, डॉ. रवि कुमार कौशिक, वीर सिंह मस्ताना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पंजाब सिंह कौशल, पूर्व अध्यक्ष, सुशील कुमार उपाध्यक्ष, राज कुमार उपाध्यक्ष, हेम राज कौंडल, ओ.पी. सुमन, अवनीश राणा, ओम प्रकाश, हरनाम सिंह, सुरेश कुमार डोगरा, कृष्ण कुमार कौशल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे और अचानक और असामयिक निधन पर सभी ने दुख व्यक्त किया और भगवान से प्रार्थना की कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति तथा शोकाकुल परिजनों को इस दुःख की घड़ी को सहन करने की शक्ति व हिम्मत प्रदान करें।

### शिवम ने ऑल इंडिया रैंक-2 किया हासिल

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** क्षेत्र के होनहार छात्र शिवम कानूनगो ने अखिल भारतीय स्तर पर आईसीएआर-आईएआरआई परीक्षा-2025 में ऑल इंडिया रैंक-2 हासिल कर पूरे प्रदेश और खासकर भोरंज (तरक्वाड़ी) क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह सफलता शिवम की मेहनत, समर्पण और लक्ष्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतिफल है। अब शिवम कानूनगो भारत के शीर्ष कृषि संस्थान आईसीएआर-आईएआरआई नई दिल्ली से पीएचडी की पढ़ाई करेंगे। उन्होंने स्नातक की शिक्षा डॉ. वाई.एस. परमार विश्वविद्यालय, नौणी के नेरी (हमीरपुर) कॉलेज से पूरी की थी और परास्नातक की डिग्री शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, जम्मू से फ्लोरीकल्चर एंड लैंडस्केपिंग में प्राप्त की। इस शानदार उपलब्धि पर राजीव राणा, प्रदेश चेयरमैन, असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (के.के.सी.), हिमाचल प्रदेश ने उन्हें सम्मानित कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिवम जैसे प्रतिभाशाली छात्र प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं और यह सिद्ध करते हैं कि हिमाचल के छात्र राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।

### आंगनबाड़ी केंद्र जाहू कलां में मनाया पोषण माह

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना भोरंज के अधीन आने वाले आंगनबाड़ी केंद्र जाहू कलां में राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के तहत महिलाओं को लोकल फॉर वोकल से जागरूक करके इसके महत्व से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जाहू कलां सावित्री रांगड़ा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते समय और बिमारियों की मार से बचने के लिए हमें अपने खान-पान और रहन-सहन में काफी बदलाव करने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से अपील की कि पारम्परिक भोजन को पुनः अपनाएं और सभी ऑर्गेनिक खाद्य पदार्थों को भोजन का हिस्सा बनाएं। इससे मनुष्य शारीरिक व मानसिक तौर पर कमजोर नहीं होगा। समय रहते बीमारियों से बचने के लिए खाद्य पदार्थों में लोकल फॉर वोकल के महत्व को समझना होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन 16 अक्तूबर तक हो रहा है और रोज विभिन्न गतिविधियों से महिलाओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।

# वेरिफिकेशन के बाद कामगार कल्याण बोर्ड के 206 लाभार्थी पाए अपात्र : कंवर

## बोर्ड अध्यक्ष बोले-प्रदेशभर में एक माह के दौरान 736 क्लेम्स का किया भौतिक परीक्षण

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** मजदूर यूनियन द्वारा सोमवार को भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के कार्यालय का घेराव करने के बाद कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने मंगलवार को बोर्ड के मुख्यालय में आईटी विशेषज्ञों और विभिन्न जिलों के जिला श्रम कल्याण अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक बैठक की। जिसमें श्रमिकों के क्लेम फार्म की वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि प्रदेश भर में श्रमिकों को दिए जाने लाभों से पहले उनकी वेरिफिकेशन की जा रही है। उन्होंने बताया कि वेरिफिकेशन के दौरान कई अपात्र लोग सामने आए हैं जो गरीब मजदूरों के हक को लेना चाह रहे हैं। उन्होंने जिला श्रम कल्याण अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्वयं फील्ड में जाकर भौतिक परीक्षण करके ही श्रमिकों के क्लेम फॉर्म्स को मुख्यालय को भेंजे। अध्यक्ष ने जिला श्रम कल्याण अधिकारियों से भौतिक परीक्षण की ताजा रिपोर्ट भी तलब की। इस दौरान जिला चंबा के श्रम कल्याण अधिकारी ने बताया कि जिला चंबा में करीब



नरदेव सिंह कंवर ने जिला श्रम कल्याण अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की।

150 लाभार्थियों का भौतिक परीक्षण किया गया है और इसमें सभी लाभार्थी कामगार ही पाए गए हैं। इसी के साथ कांगड़ा के जिला श्रम अधिकारी ने 98 लोगों का भौतिक परीक्षण किया, जिसमें से 71 लोग अपात्र पाए गए। मंडी के श्रम कल्याण अधिकारी द्वारा किए गए 32 लोगों के भौतिक परीक्षण में सभी पात्र पाए गए हैं।

सोलन जिला में 48 लोगों के भौतिक परीक्षण के दौरान सभी लोग पात्र पाए गए हैं। सिरमौर जिले में 25 भौतिक परीक्षण में भी सभी लोग पात्र पाए गए हैं। किन्नौर, शिमला और रामपुर के श्रम अधिकारियों द्वारा किए क्रमशः 26, 28 और 27

**भौतिक परीक्षण के बाद तुरंत मुख्यालय को भेजें क्लेम के मामले**

लाभार्थियों के भौतिक परीक्षण में सभी पात्र बताए गए। जिला हमीरपुर में 130 में से करीब 100 लोग अपात्र पाए गए। जिला बिलासपुर में 45 में से 23 लोग ही पात्र पाए गए और 22 लोग अपात्र पाए गए। जिला ऊना के श्रम कल्याण अधिकारी द्वारा किए गए 72 लोगों के भौतिक परीक्षण में से 8 अपात्र लोगों की पुष्टि हुई है। कुल्लू में भी 55 में से 5 लोग अपात्र पाए गए। इस प्रकार, प्रदेशभर में एक माह की अवधि के दौरान 736 क्लेम्स का भौतिक परीक्षण किया गया, जिसमें से 206 अपात्र पाए गए हैं। अध्यक्ष ने सभी जिला श्रम कल्याण अधिकारियों को भौतिक परीक्षण कर जल्द से जल्द इन क्लेम्स को मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्ष 2021-22 के लंबित क्लेम्स को भी 3 माह के भीतर यानी 31 दिसंबर से पहले भौतिक परीक्षण कर मुख्यालय को भेजने के निर्देश दिए। इस बैठक में बोर्ड के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजीव कुमार भी उपस्थित रहे।

# 55 करोड़ भारतीयों को आयुष्मान भारत ने दिया जीवन सुरक्षा कवच : अनुराग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना के सात वर्षों में लगभग 55 करोड़ लोगों को लाभान्वित किया गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि यह योजना



देशवासियों के स्वास्थ्य में एक क्रांति के समान है। मोदी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के तहत स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी है, जिससे यह योजना एक जन आंदोलन बन चुकी है।

आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज प्रदान किया जाता है। अब तक 42 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जिससे करोड़ों

**सांसद ने प्रधानमंत्री मोदी की स्वास्थ्य क्रांति की सफलता पर दिया जोर**

परिवार बिना कोई खर्च किए इलाज करवा पा रहे हैं। इस योजना ने हर वर्ष लगभग 6 करोड़ लोगों को गरीबी में गिरने से बचाया है।

इसके अलावा, 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को भी विशेष राहत दी जा रही है, और अब तक 496 करोड़ रुपये से अधिक का मुफ्त इलाज वरिष्ठ नागरिकों को प्रदान किया गया है। देशभर में 1.8 लाख से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए गए हैं, जहां 14 से 63 प्रकार के मुफ्त टेस्ट और वेलनेस सेशन्स आयोजित किए जा रहे हैं।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार की यह योजना स्वास्थ्य संकट को आर्थिक संकट में बदलने से रोकती है और गरीब व मध्यम वर्ग के लिए एक वरदान साबित हुई है।

# दियोटसिद्ध में बिजली के खंभे से गिरने पर प्रवासी की मौत

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** हिमाचल प्रदेश के जिला हमीरपुर स्थित बाबा बालकनाथ मंदिर दियोटसिद्ध में एक बड़ा हादसा हुआ है। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है। बाबा की नगरी में कार पार्किंग के समीप ट्रांसफार्मर को ठीक करते वक्त एक व्यक्ति जो बिजली के खंभे पर चढ़ा हुआ था, इस दौरान संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गया और उसी को बचाने के चक्कर में एक अन्य मजदूर भी घायल हो गया। आनन-फानन में उसे निजी हॉस्पिटल शाहतलाई में एडमिट करवाया गया व दूसरा व्यक्ति उपचार देने के बाद सिविल हॉस्पिटल बड़सर के लिए रैफर किया गया। डॉक्टरों के घायल व्यक्ति को बचाने की बहुत कोशिश की, लेकिन जख्म ज्यादा होने के चलते उसने दम तोड़ दिया।

बड़सर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक गिरवर प्रसाद (40) जिला हरदोई गांव जलवा खेड़ा यूपी का रहने वाला

**संतुलन बिगड़ने से हुआ हादसा, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की**

था। जानकारी यह भी मिल रही है कि लोग कुछ दिन पहले ही हिमाचल आए थे। सूत्रों की माने तो ये करीब 1.30 घंटे से बिजली के खंभे पर काम कर रहे थे, लेकिन अचानक से ये दोनों नीचे गिर गए और घायल हो गए। घटना के कारणों पर स्थिति साफ नहीं है, ज्यादा जानकारी मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही मिलेगी।

घायल व्यक्ति को उपचार के बाद छुट्टी दी गई है। उसका नाम जलाल चौधरी बेस्ट बंगाल का रहने वाला है। एक निजी ठेकेदार राजीव कुमार के पास लेबर का काम करते थे। डीएसपी लालमन शर्मा का कहना है कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक को पोस्टमार्टम के लिए राधा कृष्ण मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के लिए भेज दिया है।

# चिट्टा मामले के दोषी को एक साल की सजा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश सचिन रघु ने अंकुश शर्मा निवासी तहसील नादौन, जिला हमीरपुर को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 के तहत दोषी ठहराया है। मामला 2 अगस्त 2022 का है, जब आरोपी से आशा राम कुटिया, अणु कलां के पास 10 ग्राम हेरोइन बरामद की गई थी। इसके बाद पुलिस थाना सदर में एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत केस दर्ज किया गया। उप-जिला अटॉर्नी अजय ठाकुर ने अभियोजन पक्ष की तरफ से मामले की सुनवाई की। अभियोजन ने 17 गवाहों को प्रस्तुत किया, जिनके साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी पाया। आरोपी को धारा 21 के तहत एक साल की सजा और 20,000 रुपये जुर्माना लगाया गया है। यदि जुर्माना नहीं अदा किया गया, तो आरोपी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। यह सजा प्रदेश में ड्रग्स के खिलाफ कड़े कदमों का हिस्सा है, जिससे नशे की समस्या को नियंत्रित करने का संदेश दिया गया है।

# आपदा में आए नेता सिर्फ हार पहनाकर लौट गए : राजेश

## विधायक को नहीं दिख रहा विकास, लाल-हरे चश्मे से हो रही राजनीति

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

कांग्रेस पार्टी के नेता इंजीनियर राजेश बन्याल जिन्हें हिमुडा का डायरेक्टर भी बनाया गया है ने बड़सर विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि 400 करोड रुपए के विकास कार्य इस विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री द्वारा करवाए जा रहे हैं। जिनमें 138 करोड़ की पेयजल योजना, 17 करोड रुपए का मिनी सचिवालय बनकर तैयार है इसके अलावा, विभिन्न प्रोजेक्ट इस विधानसभा क्षेत्र में चले हैं।

बड़सर को नगर पंचायत का दर्जा देने की बात हो तथा नगर पंचायत के लिए एक करोड़ से अधिक राशि मंजूर करने का कार्य हो। नगर पंचायत में 23 घरों का सर्वे किया गया है जिसके लिए हर परिवार को ढ़ाई लाख रुपए दिए जा रहे हैं। विधायक इंद्रदत्त लखनपाल को बड़सर का विकास नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि विधायक ने हरे रंग से लाल रंग का चश्मा लगाया है जिस कारण उन्हें विकास नजर नहीं आ रहा है।



**बड़सर में 400 करोड़ रुपए के विकास कार्य, फिर भी सवालों में विधायक**

बन्याल ने विधायक लखनपाल पर तंज कसा है कि कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए हैं। बस अड्डे का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने शिलान्यास किया था परंतु आज तक पिछले 12 सालों से विधायक लखनपाल ही हैं उन्होंने बस अड्डा क्यों नहीं बनाया। इसका जवाब भी जनता जानना चाहती है। उन्होंने अनुराग पर भी छींटाकशी करते हुए कहा कि सांसद आए तो आपदा प्रभावित लोगों को महरम

**सांसद निधि का हिसाब दें अनुराग ठाकुर, जनता पूछ रही जवाबः कांग्रेस**

लगाने परंतु हार पहना कर चलेंगे। संसद को 500 करोड़ सांसद निधि मिलती हैं बड़सर विधानसभा की जनता के बहुत ही हितैषी हैं सबके सामने जनता को हिसाब दें।

इस अवसर पर कांग्रेस नेता एवं जिला महासचिव पवन कालिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय शर्मा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष विपिन कुमार, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता निक्काराम शर्मा, जिला परिषद सदस्य मीना धीमान, सहित कई लोग उपस्थित थे।

# साधारण परिवारों के विद्यार्थियों को मात्र एक प्रतिशत ब्याज पर मिलेगा ऋण : अमरजीत सिंह

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

अब साधारण परिवारों के बच्चों को देश-विदेश के बड़े से बड़े संस्थानों से उच्च शिक्षा या व्यावसायिक शिक्षा हासिल करने के लिए पैसों की कमी आड़े नहीं आएगी। इन परिवारों के बच्चे भी अब विश्व के किसी भी संस्थान से शिक्षा प्राप्त करने के अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। क्योंकि, इन बच्चों के लिए प्रदेश सरकार ने डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना के माध्यम से केवल एक प्रतिशत ब्याज पर ऋण देने का प्रावधान किया है।

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि अधिकतम चार लाख रुपए तक की सालाना आय वाले हिमाचली परिवारों के बच्चे इस योजना के लिए पात्र हैं। आवेदक की आयु 28 वर्ष से कम होनी चाहिए तथा पिछली कक्षा या परीक्षा में उसके कम से कम 60 प्रतिशत अंक होने चाहिए। जिला हमीरपुर के पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों के बच्चे निर्धारित आवेदन प्रपत्र भरकर और इसके साथ सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न करके

**प्रदेश सरकार ने डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना में किया प्रावधान**

**चार लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए परिवार की वार्षिक आय**

उपायुक्त कार्यालय की ग्रामीण विकास शाखा में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की प्रति, बोनाफाइड हिमाचली प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र और कॉलेज का ऑफर लेटर या प्रवेश पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

उपायुक्त ने बताया कि आवेदक की पात्रता की जांच के बाद ही ऋण मंजूर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पात्र विद्यार्थी को उच्च शिक्षा के लिए अधिकतम 20 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध करवाया जा सकता है, जिसकी दर केवल एक प्रतिशत होगी। यह राशि विद्यार्थी की ट्यूशन फीस, पुस्तकों, प्रयोगशाला शुल्क, उपकरणों, लैपटॉप, छात्रावास एवं अन्य आवास और अन्य शैक्षणिक आवश्यकताओं पर खर्च की जा सकती है। यह योजना मेडिकल, इंजीनियरिंग, नर्सिंग, फार्मेसी, कानून प्रबंधन, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, पीएचडी और अन्य पेशेवर एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए लागू की गई है। विदेशों में शिक्षा के लिए भी इस धनराशि का उपयोग किया जा सकता है।

अमरजीत सिंह ने बताया कि पात्र एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को तुरंत ऋण आवंटन सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार ने हर जिले में उपायुक्त कार्यालय के माध्यम से एक कोष स्थापित किया है, ताकि विद्यार्थियों को तत्काल पहली किस्त जारी की जा सके। योजना की जानकारी जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। उपायुक्त ने जिला हमीरपुर के पात्र एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

# नगर पंचायत भोरंज की मतदाता सूचियों के प्रारूप किए साझा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** नगर पंचायत भोरंज के विभिन्न वार्डों की मतदाता सूचियों के प्रारूप के पूर्वालोकन एवं चर्चा के लिए मंगलवार को यहां मिनी सचिवालय में एक बैठक आयोजित की गई। एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शशिपाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में नगर पंचायत क्षेत्र भोरंज में शामिल की गई ग्राम पंचायतों के पूर्व जनप्रतिनिधि और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसडीएम ने बताया कि नगर पंचायत भोरंज के विभिन्न वार्डों के मतदाताओं की मैपिंग का कार्य 8 सितंबर से आरंभ किया गया था, जिसे 17 सितंबर तक पूरा कर लिया गया। मतदाताओं की मैपिंग के बाद मतदाता सूचियों का प्रारूप तैयार किया गया है। एसडीएम ने इस प्रारूप को पूर्व पंचायत जनप्रतिनिधियों और अन्य प्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुत किया, ताकि इसमें व्याप्त को दूर किया जा सके। एसडीएम ने बताया कि इस प्रारूप में कुछ ऐसे मतदाता छूट गए हैं, जिन्हें नगर पंचायत के किसी भी वार्ड में नहीं डाला गया है।

# वर्षों से कर रहे इंतजार, अब तो पदोन्नति चाहिए सरकार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रदेश के विभिन्न श्रेणी के शिक्षक पिछले अढ़ाई वर्षों से पदोन्नति की राह देख रहे हैं। शिक्षामंत्री द्वारा जुलाई माह में शिक्षा विभाग को स्पष्ट निर्देश देने के बावजूद अब तक अधिकांश पदोन्नति सूचियां जारी नहीं हो पाई हैं। टीजीटी से प्रवक्ता के 642 पदों पर प्रमोशन तो 21 अगस्त, 2025 को जारी हो चुकी है, लेकिन शेष सभी वर्गों के शिक्षक अभी भी प्रतीक्षा में हैं।

राजकीय टीजीटी कला संघ ने मांग की है कि प्रदेश सरकार दशहरे से पहले यह बहुप्रतीक्षित तोहफा दे और पंचायती राज चुनाव आचार संहिता लागू होने से पूर्व सभी लंबित सूचियां जारी करे। राजकीय टीजीटी कला संघ के महासचिव विजय हीर ने मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को भेजे ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में करीब 270 हेडमास्टर पदों पर पदोन्नति हेतु डीपीसी दो माह पूर्व पूरी हो चुकी है। इसी तरह 800 प्रिंसिपल पदों की फाइल जुलाई 2025 में लोक सेवा आयोग को भेजी गई थी, किंतु विभिन्न आपत्तियों के चलते सूची अब

**आचार संहिता से पहले जारी हो शिक्षकों की पदोन्नति सूचीः टीजीटी कला संघ**

तक लंबित है। इस विलंब से बड़ी संख्या में शिक्षक बिना प्रमोशन ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वर्तमान परिस्थितियों में एक टीजीटी को हेडमास्टर और प्रवक्ता को प्रिंसिपल बनने में 25 से 29 वर्ष तक का समय लग जाता है, जिससे शिक्षकों का मनोबल प्रभावित हो रहा है। इसके अतिरिक्त सी एंड वी से टीजीटी में लगभग 120 तथा जेबीटी से टीजीटी में करीब 200 शिक्षकों की पदोन्नति के लिए पैनल फाइनल होने के बावजूद सूचियां अभी तक अप्रूव नहीं हुई हैं। वहीं डीम्ड रेगुलर टीजीटी की प्रवक्ता पदोन्नति हेतु अनुपूरक सूची हाई कोर्ट के आदेशानुसार 7 अक्तूबर से पहले जारी करने की भी मांग की गई है। संघ ने सरकार से आग्रह किया है कि शिक्षकों के हित में सभी लंबित पदोन्नति आदेशों को तुरंत प्रभाव से जारी किया जाए।

# मल्टी स्पेशिएलिटी कैंप में 250 लोगों का जांचा मुफ्त स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

बिझड़ी अस्पताल में 10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर आयोजित मेडिकल कैंप में करीब 250 लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। एसडीएम बड़सर राजेंद्र कुमार गौतम ने कहा कि आयुर्वेद केवल आखिरी सहारा नहीं, बल्कि बीमारियों का पहला विकल्प होना चाहिए। उन्होंने लोगों को स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेद अपनाने की सलाह दी।

कैंप में 120 मरीजों का बोन मैरो डेंसिटी टेस्ट और 50 रोगियों की मधुमेह जांच हुई। योगा गाइड अमित चंदेल और पुष्पा कुमारी ने 70 लोगों को योगाभ्यास करवाया। लगभग 200 विद्यार्थियों को आयुर्वेदिक दिनचर्या और कुपोषण से बचाव के उपाय भी सिखाए गए।

जिला आयुष अधिकारी बृज नंदन शर्मा एवं उपमंडलीय आयुष अधिकारी के निर्देशानुसार आयोजित इस कैंप में नोडल अधिकारी डॉ. विशाल भाटिया, अस्पताल प्रभारी डॉ. सुरेंद्र धीमान सहित कई चिकित्सकों और कर्मचारियों ने सक्रिय योगदान दिया। एसडीएम ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

## लंबलू में 111 मरीजों का किया नि :शुल्क चेकअप

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** आयुर्वेदिक अस्पताल लंबलू में मंगलवार को आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब 111 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में मौसमी बीमारियों और जोड़ों के दर्द के रोगी अधिक संख्या में पहुंचे। डॉक्टर मुकेश कुमार, डॉ अनु वर्मा, डॉ पूनम हीर ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में यह शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 111 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा गया। इस दौरान एचबी, शुगर और मूत्र रोग से संबंधित टेस्ट भी निःशुल्क किए गए। उन्होंने बताया कि सरकार लोगों की सुविधा हेतु स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से शिविरों का आयोजन करती रहती है, ताकि गांव गांव तक लोगों स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

# भोरंज के धिरड़ गांव में गिरी मकान की दीवार, महिला बेघर

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज उपमंडल की धिरड़ पंचायत के धिरड़ गांव में सोमवार दोपहर एक हादसा पेश आया, जब सोमा देवी पत्नी रणजीत सिंह के घर की दीवार अचानक गिर गई। सौभाग्य से पंचायत की सजगता के चलते किसी प्रकार की जानी हानि नहीं हुई। पंचायत ने कुछ समय पहले ही सोमादेवी और उनके परिवार को खतरे को देखते हुए घर से बाहर निकालकर पड़ोस में अस्थायी रूप से ठहरा दिया था। इसके बावजूद मकान की दीवार गिरने से महिला पूरी तरह से बेघर हो गई है और अब उनके सामने स्थायी आवास की समस्या खड़ी हो गई है। ग्राम पंचायत उपप्रधान शशि शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ दिनों पहले पीड़ित महिला की पड़ोसन बीना देवी पत्नी मिल्खी राम के घर की दीवार भी गिर चुकी थी। दोनों परिवारों की दीवारें आपस में सांझी (साझी) थीं। इसी कारण पंचायत की देखरेख में दोनों परिवार मिलकर नई दीवार की

**पंचायत ने हर संभव मदद का दिया आश्वासन**

चिनाई करवा रहे थे। इसी दौरान सोमादेवी के मकान की दीवार भी ढह गई। शशि शर्मा ने बताया कि पंचायत ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रशासन की ओर से इस मामले की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी ताकि प्रभावित परिवार को सरकारी योजनाओं के तहत राहत मिल सके।

गांव के लोगों ने भी इस घटना पर चिंता व्यक्त की है और पंचायत से आग्रह किया है कि प्रभावित परिवार को शीघ्र मदद दी जाए। बरसात के मौसम और कमजोर ढांचे के कारण क्षेत्र में पुराने मकानों को खतरा बना हुआ है। पंचायत ने ग्रामीणों से अपील की है कि ऐसे भवनों में रहने से बचें जिनकी दीवारें या छत जर्जर हालत में हैं।

## घरडाट में श्रीमद्भागवत पुराण कथा का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ग्राम पंचायत बस्सी झनियारा के अंतर्गत गांव घरडाट में सोमवार को श्रीमद्भागवत पुराण कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। यह आयोजन प्रकाश चंद चंदेल के आवास में 22 से 29 सितंबर तक किया जा रहा है। व्यास गद्दी से कथावाचक देशराज अपने मुखारविंद से श्रोताओं को भागवत कथा का श्रवण करवाएंगे। कथा के अंतिम दिन पूर्णाहुति के साथ भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## मंत्री धर्माणी करेंगे कबड्डी स्पर्धा का आगाज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, वोकेशनल एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी 24 सितंबर को राजकीय सिद्धार्थ डिग्री कॉलेज नादौन में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार राजेश धर्माणी बुधवार सुबह करीब 10 बजे कॉलेज परिसर में पहुंचेंगे और कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। प्रतियोगिता के शुभारंभ के तुरंत बाद वह दोपहर को ही शिमला रवाना हो जाएंगे।

## स्वयंसेवियों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के शिविर के चौथे दिन का शुभारंभ स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें स्वयंसेवियों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों बारे विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर तथा समीपवर्ती हलेड़ गांव और बावड़ी क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। शैक्षणिक सत्र के दौरान स्रोत व्यक्ति पीजीटी राजेंद्र शर्मा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए युवाओं में फैल रही नशे की प्रवृत्ति और उसके दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि परिवार और समाज की जड़ों को भी कमजोर करता है। राजेंद्र शर्मा ने स्वयंसेवकों से समाज में जाकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने स्रोत व्यक्ति राजेंद्र शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।


Chandraghanta
Brahmacharini
Kushmanda
Shailputri
Skandamata
Katyayani
Siddhidatri
Kaalratri
Mahagauri



BMJ
Budha Mal & Sons
नवरात्रि महा उत्सव
22nd September to 2nd October
The Great Budhamal Festival
Session-7 2025
Satish Karwal
Chairman
Budha Mal & Sons Jeweller
Manik Karwal
MD
Budha Mal & Sons Jeweller
सोने के आभूषणों की खरीददारी पर पाएं लाखों के उपहार
upto 40% off on Gold Making Charges
Get 30% +5% Extra off on Diamond Jewellery
पाईए 100% एक्सचेंज मूल्य अपने पुराने सोने के गहनों पर चाहे वे किसी भी ज्वेलर से खरीदे गए हों
नवरात्रि से दीपावली तक महा जशन
*T&C Apply
A Satish Karwal Group
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें मो. 09816733344
Budha Mal Empire, Aima,
Near Yamini Hotel
Palampur, Distt. Kangra (H.P.)

## न्यूज ब्रीफ

### सफाई कर्मचारियों के लिए लगाया जांच शिविर

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** नगर परिषद रामपुर के सभागार में सफाई कर्मचारियों के लिए नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन 1500 मेगावाट द्वारा सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 100 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में आयुष विभाग रामपुर, पीएचसी रामपुर के द्वारा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और जांच गई। कार्यकारी अधिकारी बीआर नेगी ने सभागार में उपस्थित सभी को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

### मासिक धर्म स्वच्छता पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन द्वारा मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, झाकड़ी की छात्राओं के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. नेहा चौहान ने किया जिन्होंने छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा इससे जुड़े भ्रांतियों को दूर करने पर जोर दिया।

### छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील में महिला प्रकोष्ठ और रोवर-रेंजर्स ईकाई के सयुंक्त तत्वाधान से स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार अभियान के तहत व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामी की सीएचओ अनिता वर्मा ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत करते हुए छात्राओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। डॉ. कविता कुमरा ने मुख्य वक्ता और उनकी टीम का धन्यवाद किया ।

### रोवर्स एवं रेंजर्स ने स्वच्छता का लिया संकल्प

**महेंद्र सिंह, अनंत ज्ञान, सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में रोवर्स एवं रेंजर्स इकाई के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रवेश कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान विद्यार्थियों को रोवर्स एवं रेंजर्स की प्रतिज्ञा, नियम, ध्वज शिष्टाचार तथा सामूहिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन रेंजर लीडर प्रो.सुचित्रा और रोवर लीडर प्रो. अनिल ने किया ने किया तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। डॉक्टर प्रवीण भी उपस्थित रहे।

### पालिटेक्निक कॉलेज रोहडू में किया पौधरोपण

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहडू।** राजकीय बहुतकनीकी कालेज रोहडू में एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय व स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. धीरज कौशिक की अध्यक्षता में औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य किन्नौर पंकज पथिक भी मौजूद रहे। संस्थान के मीडिया प्रभारी देविंद्र सिंह प्रेमी ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से राजकीय बहुतकनीकी कॉलेज रोहडू ने एक बार फिर से पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है।

### शिविर में वरिष्ठ नागरिकों ने करवाई आंखों की जांच

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** सिविल अस्पताल जुन्गा में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग शिमला और मानव कल्याण सेवा समिति कराई चौपाल के संयुक्त तत्वाधान में वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर में 130 वरिष्ठ नागरिकों की आंखों की जांच की गई जिसमें 53 व्यक्तियों की आंखों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। जिनके आपरेशन के लिए पुनः विशेष कैंप लगाया जाएगा। इस मौके पर तहसील कल्याण अधिकारी शिमला सतीश शर्मा ने बताया कि पूरे जिला में वरिष्ठ नागरिकों के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मोतियाबिंद की नेत्र रोग के अतिरिक्त विशेषकर मोतियाबिंद की जांच की जा रही है चूंकि बढ़ती उम्र में मोतियाबिंद होने की संभावना ज्यादा बढ़ जाती है । उन्होंने बताया कि जिन वरिष्ठ नागरिकों की आंखों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए हैं उनके ऑपरेशन के लिए आगामी दिनों में जुन्गा अस्पताल में पुनः निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जाएगा । उन्होंने बताया कि इस शिविर में सिविल अस्पताल जुन्गा की नेत्र विशेषज्ञ डॉ. गरिमा और धामी अस्पताल में आए रिफ्रैक्शनिस्ट विकास ने नेत्र रोगियों की बेहतरीन ढंग से जांच की ।

# वादियों में सितारों के उत्सव से महका पर्यटन

## एस्ट्रो-टूरिज्म से खुला पर्यटन का नया क्षितिज, सितारे अपने रहस्यों को खोलने को तैयार

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** शिमला की ठंडी हवाओं और स्पीति की निर्मल वादियों में इस बार की रातें केवल नीले आकाश की नीरवता तक सीमित नहीं रहीं। अब इन रातों में हजारों-लाखों सितारे अपने रहस्यों को धरती वासियों के सामने खोलने को तैयार हैं। बर्फीली चोटियों के बीच फैला असीमित आसमान जब दूरबीन की आंख से झांकता है, तो पर्यटक विज्ञान और आस्था, इतिहास और भविष्य के संगम में डूब जाते हैं। देवभूमि की धरती पर जन्म ले रहा यह नया आकर्षण एस्ट्रो टूरिज्म केवल पर्यटन का अध्याय नहीं, बल्कि अद्भुत अनुभवों की यात्रा है।

सीएम सुक्खु की सोच और प्रदेश सरकार की योजनाबद्ध कोशिशों से यह सपना अब वास्तविकता में बदल गया है। लाहौल-स्पीति का काजा, जहां अब तक सन्नाटे और बर्फ की चादरों का बोलबाला था, आज सितारों का नया तीर्थ बन चुका है। अत्याधुनिक


फाइल फोटो

दूरबीनें पर्यटकों को वह दृश्य दिखा रही हैं, जो अब वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं तक सीमित था।

काजा के साथ-साथ लांगजा और रंगरिक जैसे छोटे गांव भी अब इस अनोखे प्रयोग का हिस्सा बन गए हैं। लांगजा, जिसे जीवाश्म गांव के रूप में जाना जाता है, अब इतिहास और खगोल का सम्मिलित गवाह बन रहा है। ग्रामीण जहां पहले खेतों और परंपराओं तक सिमटे थे, वहीं अब होम-स्टे और होटल उद्योग से नई आजीविका की राह पर कदम बढ़ा रहे हैं। सितारों के बीच गूंजते उनके कदम केवल स्वरोजगार ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास का नया अध्याय लिख रहे हैं। इस पहल का असर सीमित नहीं है। यह केवल खगोल विज्ञान और पर्यटन की बात नहीं, बल्कि संस्कृति और व्यापार का मेल भी है। सीमा पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में भारत और चीन ने शिपकी-ला दर्रे को खोलने पर सहमति जताई है। इससे न केवल कैलाश मानसरोवर यात्रा का मार्ग प्रशस्त होगा, बल्कि प्राचीन सीमा व्यापार भी पुनर्जीवित होगा। सितारों की चमक और सीमाओं के पार खुलने वाले रास्ते हिमाचल के पर्यटन को वैश्विक पहचान दिलाने जा रहे हैं।

### विदेशी पर्यटक हो रहे आकर्षित

**हिमाचल** के पर्यटन की यह नई उड़ान जुलाई 2025 से ही हजारों देशी और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित कर रही है। रात के आकाश में टिमटिमाते तारों और धरती पर बिखरी सांस्कृतिक विरासत का यह संगम यात्रियों को ऐसा अनुभव दे रहा है, जो उनकी स्मृतियों में जीवनभर अंकित रहेगा।

### आस्था, विज्ञान और संस्कृति का संगम

**स्पीति** की वादियां अब केवल प्राकृतिक सौंदर्य की पहचान भर नहीं रहीं। यहां विज्ञान की दूरबीनें, स्थानीय संस्कृति की मान्यताएं और सीमाई व्यापार की संभावनाएं मिलकर हिमाचल की अर्थव्यवस्था को नई ताकत दे रही हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पर्यटन अब केवल देखने-सुनने का साधन नहीं, बल्कि महसूस करने और जीने का अवसर बन गया है।

# नशे के कारोबार को लेकर गंभीर हुआ जिला प्रशासन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- जिला स्तरीय नार्को समन्वय केंद्र की समीक्षा बैठक
- पंचायत स्तर पर सूचना तंत्र को मजबूत करने पर जोर

जिला स्तरीय नार्को समन्वय केंद्र की समीक्षा बैठक उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में मंगलवार को बचत भवन में आयोजित की गई। उपायुक्त ने कहा कि जिला में नशे के खिलाफ व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है और पुलिस विभाग ने सराहनीय कदम उठाए हैं। पिछले तीन वर्षों में 900 मामले दर्ज किए गए हैं जिनमें आठ किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर सूचना तंत्र को मजबूत बनाना जरूरी है ताकि नशे के कारोबार में शामिल लोगों की जानकारी तुरंत प्रशासन तक पहुंचे।

उपायुक्त ने आम जनता से अपील की कि नशे के कारोबार से जुड़ी जानकारी पुलिस या जिला प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने नेटवर्क को सक्रिय बनाएं ताकि किसी भी स्तर पर सूचना उपलब्ध करवाने में कमी न रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंचायत स्तर पर आयोजित ग्राम सभाओं के पहले एक घंटे में नशे के खिलाफ विस्तृत चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय नार्को समन्वय केंद्र के अंतर्गत कार्यशालाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए बजट प्रावधान का प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा।

### पुलिस टेस्टिंग किट का इस्तेमाल कर रही

**वरिष्ठ** पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने कहा कि नार्को टेरर आज के समय की सबसे गंभीर समस्या बन चुकी है। अभिभावकों के सामने सबसे बड़ी चुनौती बच्चों के नशे की चपेट में आने की है। कई मामलों में बच्चे केवल नशा ही नहीं कर रहे बल्कि अपराधों को भी अंजाम दे रहे हैं। पुलिस टेस्टिंग किट का इस्तेमाल कर रही है और आगामी बैठक में इसकी संपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

# धाली बागड़ा वार्ड की सफाई करके महिलाओं ने पेश की अनूठी मिसाल



**अनंत ज्ञान, मशोबरा**

मशोबरा ब्लॉक अंतिम छोर की ग्राम पंचायत पीरन के महिला मंडल धाली बागड़ा की महिलाओं ने समूचे वार्ड की सफाई करके एक अनूठी मिसाल पेश की है।

इस स्वच्छता अभियान के दौरान महिलाओं ने रास्तों में बरसात में उगी झाड़ियों और विभिन्न स्थलों पर एकत्रित हुए बरसात के पानी को साफ किया ताकि मच्छरों के फैलने की संभावना उत्पन्न न हो । इसके अतिरिक्त महिलाओं ने रास्तों व गांव की गलियों में बिखरे प्लास्टिक व अन्य कचरा को एकत्रित करके उसका उचित ढंग से निष्पादन किया गया । आंगनबाड़ी सहायिका पूनम ठाकुर ने बताया कि स्वच्छता अभियान को महिला मंडल ने अपने रोजमर्रा की दिनचर्या में शामिल किया गया है।

महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके स्वच्छता का जनमानस को संदेश दिया । पूनम ने महिला सशक्तिकरण पर कविता पाठ किया ।

# आबकारी विभाग की कार्रवाई पर उखड़ा पूर्व सैनिक संगठन

**सपना सूद, अनंत ज्ञान**



**चौपाल, नेरवा।** आबकारी विभाग द्वारा नेरवा के शिह क्यार स्थित सीएसडी कैंटीन नेरवा पर की गई कार्रवाई पर भूतपूर्व सैनिक संगठन नेरवा, चौपाल, कुपवी नेकड़ा रोष व्यक्त किया है।

- 16 सितंबर को विभाग की टीम ने सीज की थी 157 पेटी शराब

बता दें कि विभाग की टीम ने 16 सितंबर को कैंटीन से सैनिक कोटे की 157 पेटी शराब सीज की थी। संगठन द्वारा मंगलवार को एक प्रेस वार्ता आयोजित कर इस कार्रवाई को गलत बताते हुए इसे पूर्व सैनिकों के सम्मान पर आघात करार दिया है। कैंटीन इंचार्ज एवं पूर्व सैनिक संगठन चौपाल-नेरवा, कुपवी के महासचिव विजय रथटा ने कहा कि वह पांच बजे कैंटीन बंद कर अपने घर चले गए थे। इस दौरान आबकारी विभाग की टीम ने उन्हें घर से बुला कर रात को कैंटीन में रखी शराब के दस्तावेज मांगे, जिस पर उन्होंने दूसरे दिन दस बजे तक दस्तावेज उपलब्ध करवाने को कहा, परंतु विभाग की टीम ने उनकी एक न सुनी और रातों-रात कार्रवाई कर कैंटीन में रखी शराब को सीज कर अपने कब्जे में ले लिया। आर्मी नियमों के अनुसार कैंटीन प्रातः दस से पांच बजे तक ही खुली रहती है एवं इसके बाद बंद हो जाती है, परंतु उन्हें विभाग की कार्रवाई के नाम पर पांच बजे के बाद भी कैंटीन खोलने के लिए बाध्य किया गया। उन्होंने कहा कि कैंटीन के पास शराब से संबंधित 9ए लाइसेंस है, जोकि शिमला स्थित कैंटीन में उपलब्ध रहता है।

लाइसेंस की फीस विभाग को हर साल जमा करवाई जाती है। मोबाइल कैंटीन लाइसेंस के मुताबिक तीन दिन तक शराब को सैनिकों और भूतपूर्वक सैनिकों के लिए बिक्री हेतु कैंटीन में रखा जा सकता है । उन्होंने कहा कि 14 सितंबर शाम को शराब नेरवा कैंटीन में पहुंची थी तथा 15 सितंबर सोमवार को छुट्टी के चलते कैंटीन बंद थी, लिहाजा 16 और 17 सितंबर को बिक्री के बाद बचा हुआ कोटा वापस शिमला भेजा जाना था, परंतु इस बीच आबकारी विभाग ने 16 सितंबर की रात को ही शराब को सीज कर दिया, जोकि सरासर गलत है।

# निर्माणाधीन भवन में मिला नेपाली का शव

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** महामाई डुंडी माता मंदिर के समीप एक नेपाली मूल के व्यक्ति का शव बरामद हुआ है।

जानकारी अनुसार किसी व्यक्ति ने व्यापार मंडल नेरवा के उप प्रधान दिनेश अमरेट के निर्माणाधीन भवन में व्यक्ति का शव देखा, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई । पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमॉर्टम हेतु नेरवा अस्पताल पहुंचाया। मृतक की पहचान राम बहादुर पुत्र खड़क बहादुर आयु करीब 50 वर्ष निवासी गांव काली कोट, जिला सुरकेत, नेपाल के रूप में हुई है।

पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि मृतक पिछले कई दिनों से रात को इस भवन की निचली मंजिल में सो रहा था । शव के आसपास शराब की खाली बोतलें भी पाई गई है । एसडीपीओ चौपाल सुशांत शर्मा ने मामले की पुष्टि की है ।

# कैग रिपोर्ट में प्रदेश को 24,317 करोड़ ट्रांसफर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने उद्योग मंत्री के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय मंत्रियों ने आपदा प्रभावित हिमाचल का दौरा कर रिपोर्ट तैयार की, लेकिन कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री और मंत्री जनता से दूर रहे। उन्होंने कहा कि आपदा के समय राहत कार्य एसडीआरएफ और एनडीआरएफ ने किया, जबकि प्रदेश सरकार धरातल से गायब रही।

कश्यप ने शिमला से जारी बयान में कैग रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 2023-24 में हिमाचल को केंद्रीय करों से 9,375 करोड़ और केंद्र से ग्रांट के रूप में 14,942 करोड़ मिले, यानी कुल 24,317 करोड़ ट्रांसफर हुए। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या कांग्रेस मंत्री कैग रिपोर्ट को भी झूठा बताएंगे। कश्यप ने कहा कि अब तक हिमाचल को आपदा राहत में 5,000 करोड़ से अधिक मिल चुके हैं, पर प्रदेश सरकार उसका हिसाब देने में असमर्थ रही है। केंद्र ने हिमाचल को 2,687 करोड़ की लागत वाला विश्व बैंक समर्थित रिकवरी एवं पुनर्निर्माण प्रोजेक्ट भी दिया है।

# नागरिक सभा का बंदरों और कुत्तों के मुद्दे पर जारी रहेगा संघर्ष


शिमला नागरिक सभा की बैठक में आवारा पशुओं के मुद्दे पर रणनीति तय करते सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला नागरिक सभा की बैठक में तय किया गया कि बंदरों और आवारा कुत्तों की समस्या पर संघर्ष लगातार जारी रहेगा। सभा ने कहा कि शहर के हर वार्ड में पार्षदों को ज्ञापन सौंपा जाएगा और इन मुद्दों को मासिक बैठक में उठाने की मांग की जाएगी।

सभा ने यह भी दोहराया कि शिमला शहर में बंदरों व कुत्तों की नसबंदी व्यापक स्तर पर हो, हर जोन में कुत्ता शेल्टर और पाउंड बनाए जाएं, प्रत्येक वार्ड में समर्पित फीडिंग जोन हों तथा काटने की घटनाओं पर मुआवजा मिले। नागरिक सभा ने बताया कि 29 सितंबर को नगर निगम की मासिक बैठक के दिन निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि लोगों को आवारा कुत्तों को गोद लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा और शहर में 24 घंटे चलने वाला हेल्पलाइन नंबर तथा रिपोर्टिंग सिस्टम शुरू करने की मांग होगी।

बैठक में अध्यक्ष जगमोहन ठाकुर, सचिव विवेक कश्यप, कोषाध्यक्ष सुनील वशिष्ठ सहित महेश वर्मा, किशोरी डडवालिया, जगदीप पावर, सोनिया सवरवाल, रमा रावत, संजीव विजय कौशल, रंजना जैरेट, खजूरिया और पवन शर्मा मौजूद रहे।

# प्रदेश में गूंजेगा 'समर्थ-2025 का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- आपदा से बचाव और सुरक्षित निर्माण पर होगा विशेष फोकस

हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण आगामी 1 से 31 अक्तूबर तक राज्यव्यापी जन-जागरूकता अभियान 'समर्थ-2025' का आयोजन करेगा। यह अभियान पूरे महीने चलेगा और इसमें आपदा तैयारी, सुरक्षित निर्माण प्रथाओं और सामुदायिक लचीलापन को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

निदेशक एवं विशेष सचिव राजस्व और आपदा प्रबंधन डीसी राणा ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 1989 में अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस घोषित किया गया था, जिसे हर वर्ष 13 अक्तूबर को विश्व स्तर पर मनाया जाता है।

इस बार का विषय ''आपदाओं के बजाय लचीलेपन को धन जुटाएं'' तय किया गया है। यह विषय इस बात पर जोर देता है कि आपदा की सामाजिक, मानवीय और आर्थिक लागत को कम करने के लिए लचीलेपन की दिशा में निवेश किया जाना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि राज्य में ''समर्थ'' अभियान वर्ष 2011 में शुरू हुआ था। तब से यह पहल लगातार एक जन-केंद्रित वार्षिक कार्यक्रम के रूप में विकसित हुई है, जिसमें सरकारी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, गैर-सरकारी संगठनों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाती है।

### शिमला में होगा राज्य स्तरीय समारोह

**राज्य** स्तरीय समारोह 13 अक्तूबर को शिमला में आयोजित किया जाएगा, जो आईडीडीआरआर के वैश्विक आयोजन के साथ मेल खाएगा। इस अवसर पर शिमला के पदम देव कॉम्प्लेक्स, रितु में 13 से 17 अक्तूबर तक पांच दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें आपदा तैयारी और प्रतिक्रिया से जुड़ी नवीनतम तकनीक, उपकरण और उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे

### जागरूकता के लिए होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**'समर्थ**-2025' अभियान के तहत पूरे राज्य में विविध गतिविधियां आयोजित होंगी। इनमें नुक्कड़ नाटक, लोक प्रदर्शन, मल्टीमीडिया प्रचार, स्कूल और कॉलेज स्तर पर सुरक्षित निर्माण मॉडल प्रतियोगिता, क्विज़, पोस्टर और निबंध लेखन जैसी गतिविधियां शामिल की गई हैं।

### शहरी निकायों की होगी सहभागिता

**दो** अक्तूबर को ग्राम सभाओं की बैठकों के दौरान पंचायती राज संस्थाओं, आपदा मित्रों और तकनीकी कर्मियों के सहयोग से सामुदायिक भागीदारी को और सशक्त बनाया जाएगा। वहीं, शहरी स्थानीय निकायों के लिए विशेष कार्यशालाएं आयोजित होंगी जिनमें सुरक्षित निर्माण प्रथाओं और लचीली शहरी नियोजन पर विशेष चर्चा की जाएगी।

# विश्वविद्यालय में सॉफ्ट स्किल्स संवर्द्धन कार्यशाला का शुभारंभ


कार्यशाला में एचपीयू के कुलपति प्रो. महावीर सिंह व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के सांध्यकालीन अध्ययन विभाग में सोमवार को सॉफ्ट स्किल्स संवर्द्धन पर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। यह कार्यशाला विभाग की अनुसंधान एवं सैप समिति द्वारा रुसा अनुदान के अंतर्गत 22 से 27 सितंबर तक आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. महावीर सिंह के कर-कमलों से हुआ। प्रो. बीके शिवराम, अध्ययन संकायाध्यक्ष तथा प्रो. जोगिंदर सिंह धीमान, डीन योजना एवं शिक्षक मामले विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यशाला का संचालन प्रो. मीनाक्षी एफ. पॉल, प्राचार्य, सांध्यकालीन अध्ययन विभाग द्वारा किया जा रहा है। शैक्षणिक समन्वय की जिम्मेदारी डॉ. विपन कुमार भुलाल, डॉ. अजीत कुमार और डॉ. राजीव कुमार निभा रहे हैं। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्नातकोत्तर छात्रों में प्रभावी संचार, नेतृत्व क्षमता, समय प्रबंधन, अनुकूलनशीलता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और कार्यस्थल की तत्परता विकसित करना है।

वक्ताओं ने कहा कि सॉफ्ट स्किल्स अकादमिक शिक्षा और व्यावसायिक सफलता के बीच सेतु का कार्य करती हैं और प्रतिस्पर्धी वातावरण में छात्रों के आत्मविश्वास, रोजगार क्षमता तथा लचीलापन को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होती हैं। इस गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम में 40 से अधिक पंजीकृत स्नातकोत्तर छात्र भाग ले रहे हैं। कार्यशाला प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक छह सत्रों में संपन्न होगी।

**पहल** शिक्षा ऋण सीमा बढ़कर अब 3 लाख, स्वरोजगार योजना को मिली रफ्तार

# शिक्षा और स्वरोजगार ऋण सीमा में बंपर वृद्धि

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश महिला विकास निगम ने महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए शिक्षा ऋण की सीमा 75 हजार से बढ़ाकर 3 लाख करने की मंजूरी दी है।

इसी तरह स्वरोजगार योजना के तहत रोजगार ऋण सीमा को मौजूदा एक लाख रुपए से बढ़ाकर 3 लाख रुपये कर दिया गया है। निगम के निदेशक मंडल की 51वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल ने कहा कि इस बढ़ोतरी से अधिक से अधिक महिलाएं निगम की योजनाओं से लाभान्वित होंगी।

डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर राज्य में नियमित और सुनियोजित तरीके से जागरूकता शिविरों के आयोजन की आवश्यकता पर बल


बैठक की अध्यक्षता करते स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल।

दिया। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से पिछड़ी महिलाओं को योजनाओं की जानकारी और लाभ पहुंचाने में ये शिविर अहम भूमिका निभाएंगे।

निगम 10 अप्रैल 1989 को गठित हुआ था और तब से बिना किसी भेदभाव के महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए काम कर रहा है। निगम शिक्षा के लिए केवल 4 प्रतिशत ब्याज दर पर और रोजगार के लिए 6 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराता है।

### वित्तीय प्रस्तावों को मंजूरी

**निदेशक** मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित कार्य योजना और वर्ष 2021-22 व 2022-23 के बैलेंस शीट को भी स्वीकृति प्रदान की। बैठक में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सचिव आशीष सिंहमार और निदेशक मंडल के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### परिवार की वार्षिक आय एक लाख रुपए से हो कम

**ऋण** लेने के लिए पात्रता यही है कि लाभार्थी महिला के परिवार की वार्षिक आय एक लाख रुपए से कम होनी चाहिए। निगम अपनी स्थापना से अब तक 13,551 महिलाओं को लाभान्वित कर चुका है और 69.36 करोड़ रुपए से अधिक के ऋण प्रदान किए जा चुके हैं। साथ ही 2.64 करोड़ रुपए से अधिक की ब्याज सबसिडी भी दी गई है। इस योजना से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों सहायता मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को ऐसी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।

# सुन्नी कॉलेज में जांचा छात्राओं का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में सिविल अस्पताल सुन्नी एवं महिला प्रकोष्ठ (अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय सुनी के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय की छात्राओं, महिला कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. अंजलि चौहान ने किया ।

# मडावग में लगाया वित्तीय साक्षरता शिविर

**अनंत ज्ञान, चौपाल/ नेरवा।** राज्य सहकारी बैंक की मड़ावग शाखा द्वारा शाखा प्रबंधक लोकिन्द्र चौहान की अध्यक्षता में मड़ावग में डिजिटल वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

प्रबंधक ने कहा कि बैंक अपने ग्राहकों से कभी भी कोई कोड या ओटीपी की मांग नहीं करता है, कोई ओटीपी शेयर न करें।

# प्रदेश की जैव-विविधता स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर हिमाचल आयुष विभाग ने शिमला के होटल हॉलीडे होम में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। आयुर मंथन हिमाचल में आयुष सतत विकास का रास्ता विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में सौ से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिनमें वरिष्ठ अधिकारी, विशेषज्ञ, उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधि, उद्यमी और आयुष संस्थानों के सदस्य शामिल रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुष मंत्री यदविंद्र गोमा ने की। संगोष्ठी के पहले सत्र में औषधीय पौधों और लघु वनोपज की उपयोगिता पर चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने हिमाचल की जैव-विविधता और परंपरागत ज्ञान को स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए महत्वपूर्ण बताया। डॉ. अरुण चंदन ने औषधीय पौधों की खेती और उनके मूल्य पर विचार



रखे जबकि वन विभाग के अधिकारी रजनीश ने नियमों की जानकारी दी। दूसरे सत्र में यह सहमति बनी कि सरकारी आयुष फार्मेसियों को ऐसा ब्रांड बनाया जाएगा जिस पर लोग भरोसा कर सकें।

### डिजिटल पोर्टल शुरू

**आयुष** संकलन नामक डिजिटल पोर्टल की शुरुआत हुई जो दवाइयों, मरीजों और कर्मचारियों के रिकॉर्ड को ऑनलाइन और पारदर्शी बनाएगा। साथ ही सरकारी आयुर्वेदिक फार्मेसियों का नया लोगो जारी कर यह घोषणा की गई कि अब उनकी दवाएं हिमोषधम नाम से उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम का समापन इस निर्णय के साथ हुआ कि आयुष विभाग के लिए रणनीतिक लक्ष्य तय कर उनकी निगरानी हेतु विशेष कार्य समूह बनाया जाएगा।

### वेलनेस टूरिज्म को नई दिशा देने का संकल्प

**तीसरे** सत्र में वेलनेस टूरिज्म पर चर्चा हुई जिसमें पंचकर्म और उद्योग जगत के अनुभव सामने आए। तत्तापानी और बद्दी से जुड़ी केस स्टडी ने यह दर्शाया कि आयुष न केवल चिकित्सा बल्कि पर्यटन और स्थानीय रोजगार का अहम साधन बन सकता है। पंचकर्म थेरेपिस्ट कोर्स का विस्तार राज्य के दस जिलों में किया जाएगा जिससे हर वर्ष डेढ़ सौ से अधिक प्रशिक्षित युवा वेलनेस उद्योग से जुड़ पाएंगे। आयुष संस्थानों को उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत करने की योजना बनाई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### केवल पठानिया को पर्यवेक्षक बनाने पर खुशी



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर विधायक एवं उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया को छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना राज्यों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष चयन के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से शाहपुर कांग्रेस में खुशी की लहर दौड़ गई है। शाहपुर विधानसभा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं स्थानीय जनता ने केवल सिंह पठानिया को इस बड़ी जिम्मेदारी पर भरोसा जताने के लिए कांग्रेस पार्टी एवं राष्ट्रीय नेतृत्व का धन्यवाद किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी इस नियुक्ति पर बधाई दी।

### हरियां-कुठेड़ मार्ग 18 अक्टूबर तक रहेगा बंद

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** लोक निर्माण विभाग उपमंडल कोटला के तहत हरियां से कुठेड़ सड़क पुनर्निर्माण के चलते बंद रहेगी। सहायक अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि 22 सितंबर से 18 अक्टूबर तक हरियां से कुठेड़ मार्ग पर यातायात पूरी तरह से बंद रहेगा। एसडीएम ज्वाली ने निर्देश जारी किए हैं। वाहन चालक चेलियां-खब्बल हार, लब-मस्तगढ़ रोड तथा कैहरियां-हरियां-मस्तगढ़-जोंटा मार्ग से आवाजाही कर सकेंगे।

### लोनिवि ने की परौर, धीरा, नौरा सड़क बहाल

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** परौर, धीरा, नौरा सड़क गत सप्ताह भारी बारिश के चलते क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसे लोक निर्माण विभाग ने पुनः बहाल कर दिया है। इस सड़क के क्षतिग्रस्त होने से चंगर क्षेत्र की जनता का संपर्क मुख्य धारा से टूट चुका था। अब सड़क बहाल होने से जनता ने राहत की सांस ली है। लोक निर्माण विभाग उपमंडल धीरा के सहायक अभियंता मनोज सूद ने बताया कि सड़क पर यातायात बहाल कर दिया गया है।

### सीयू देहरा परिसर में अटल वनस्पति उद्यान का शिलान्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पादप विज्ञान विभाग, जैविक विज्ञान स्कूल की ओर से देहरा परिसर में अटल वनस्पति उद्यान का शिलान्यास किया गया। कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने उद्घाटन किया और अशोक पौध भी रोपित किया। इस अवसर पर उनकी पत्नी डॉ. सुनीता बंसल ने भी अशोक पौधा रोपित किया। बंसल ने बताया कि वनस्पति उद्यान विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं के लिए जीवंत प्रयोगशाला का कार्य करेगा, जहां वे विभिन्न पादप प्रजातियों और उनकी औषधीय विशेषताओं का अध्ययन कर सकेंगे।

### डाडासीबा अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर 29 को

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** आदर्श स्वास्थ्य संस्थान सिविल अस्पताल डाडासीबा में 29 सितंबर को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सतीश ने बताया कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में टांडा मेडिकल कालेज के विशेषज्ञ सेवाएं देंगे।

### धर्मशाला में 27 को साक्षात्कार, भरे जाएंगे 100 पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान धर्मशाला में 27 सितंबर को बॉन ब्यूट्रिएंट्स प्राइवेट लिमिटेड, सोनीपत एवं कॉन्टिनेंटल कंपनी, गुरुग्राम की ओर से कैंपस साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। फूड प्रोडक्शन जनरल और अन्य ट्रेड्स में 100 से अधिक पद भरे जाएंगे। आयु सीमा 18 से 28 वर्ष रखी गई है। चयनित उम्मीदवारों को 18,000 से 21,000 रुपए वेतन के साथ ईपीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी, बोनस एवं स्वास्थ्य बीमा जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी। एनएपीएस योजना के तहत 14,500 रुपए मासिक मानदेय भी मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थी 27 सितंबर को प्रातः 10 बजे तक संस्थान में दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 01892-223182 पर संपर्क करें।

### जिला आयुष अस्पताल में बांटे 350 औषधीय पौधे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर आयुष विभाग के सौजन्य से जिला आयुष अस्पताल में करीब 350 औषधीय पौधे लोगों को वितरित किए गए। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर हरीश भारद्वाज ने बताया कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार के तहत लोगों को आहार तथा मोटापा आदि के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक पेड़, मां के नाम अभियान के तहत लोगों को औषधीय पौधों का वितरण किया जा रहा है।

### सुंगल में किया वीआर सेंटर का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** शारदीय नवरात्र पर जिला कांगड़ा की चाय नगरी पालमपुर के सुंगल में वीआर कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर का शुभारंभ किया गया। कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर टाटा मोटर के पास सुंगल पालमपुर में डिजिटल एजुकेशन के साथ-साथ युवाओं को ट्यूशन व कोचिंग की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। वीआर कंप्यूटर सेंटर पालमपुर के डायरेक्टर विशाल कुमार व एमडी राकेश कुमार के परिवार के सदस्यों ने विशेष रूप से शिरकत कर विधिवत पूजा-पाठ कर शुभारंभ किया।

### मनसिंबल में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन समारोह

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विवेका फाउंडेशन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनसिंबल में मंगलवार को भारत विकास परिषद के सहयोग से गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन समारोह का आयोजन हुआ। शिक्षा, खेल और कला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ. रिपन सूद ने कहा कि गुरु जीवन का सही मार्ग दिखाते हैं और उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे छात्रों में देशभक्ति और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा दें, ताकि वे अच्छे नागरिक बन सकें।

### योजनाओं के क्रियान्वयन में बरतें पारदर्शिता : एडीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपायुक्त कार्यालय धर्मशाला में एडीसी कांगड़ा विनय कुमार की अध्यक्षता में पीएम अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के आदर्श ग्राम घटक की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कांगड़ा में 2018-19 से 2022-23 तक 64 गांव चयनित किए गए, जिनमें से 52 को 20-20 लाख रुपए आवंटित किए गए। वर्ष 2025-26 में चयनित ग्राम पंचायतों को 3.94 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। जिला कल्याण अधिकारी साहिल मांडला ने योजना के प्रस्तावों को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया।

### चड़ी स्कूल में मेडिटेशन की उपयोगिता बताई

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** चड़ी स्कूल में प्रधानाचार्य अरुण बाला पटियाल की अध्यक्षता में हेल्थ एंड वेलनेस के तहत मेडिटेशन सेशन का आयोजन किया गया। हेल्थ एंड वेलनेस प्रभारी ने मेडिटेशन की उपयोगिता के बारे में बताया और मेडिटेशन करवाई। इसमें अध्यापक और विद्यार्थियों सहित लगभग 300 ने भाग लिया। वहीं, 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को टिटनेस का टीका भी लगाया गया।

### आपदा पीड़ित दो घरों का सामान थुरल पहुंचाया

**अनंत ज्ञान, डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल की राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट के स्वयंसेवकों ने सुलह विधानसभा क्षेत्र की बच्छवाई पंचायत में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित दो परिवारों के बचाव और राहत कार्य में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। प्रभावित परिवारों का सामान सुरक्षित स्थान थुरल तक पहुंचाने में स्वयंसेवकों ने शारीरिक मेहनत के साथ-साथ भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक समर्थन भी प्रदान किया। ये परिवार अब तक दिल्ली में थे। स्वयंसेवकों ने निःस्वार्थ समर्पण और कड़ी मेहनत से पीड़ितों को आशा और साहस बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

### चिराग भानु जिला एवं सत्र न्यायाधीश धर्मशाला नियुक्त



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश उच्च न्यायालय ने वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी चिराग भानु सिंह का बिलासपुर से धर्मशाला जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर तबादला किया है। चिराग भानु सिंह ने वल्लभ कॉलेज मंडी से स्नातक एवं हिमाचल विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई की। हाल ही में वे श्रम न्यायालय शिमला में प्रेसिडिंग ऑफिसर थे और सुप्रीम कोर्ट के विशेष कार्य अधिकारी के पद पर भी तैनात थे। अब वे धर्मशाला में न्यायाधीश पद संभालेंगे। आदेश तुरंत प्रभाव से लागू होंगे।

### 51.03 ग्राम चिट्टे के साथ दो गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** एएनटीएफ कांगड़ा-चंबा टीम के एसपी राजेंद्र जसवाल के निर्देशानुसार नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत दो लोगों को 51.03 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। एसएसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने नूरपुर बाजार में नाका लगाया हुआ था। इस दौरान जेके 21 एच 1080 नंबर की कार को रोका। तलाशी के दौरान कार से 51.03 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी फारुख अहमद और अब्दुल हैबिद सांबा, जम्मू-कश्मीर के निवासी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ थाना नूरपुर में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

# 'मेरा घर, मेरे हक' की आवाज बुलंद करने उमड़ी भारी भीड़

## लोगों ने दाड़ी से धर्मशाला कचहरी चौक तक निकाली रैली

- जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति व पीएम को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**मेरा** घर, मेरे हक की आवाज बुलंद करने मंगलवार को जिला मुख्यालय धर्मशाला में लोगों की भीड़ उमड़ी। धर्मशाला के समीप दाड़ी मेला ग्राउंड में एकत्रित होकर लोगों ने धर्मशाला कचहरी चौक तक रैली निकाली।

इसके बाद हाईकोर्ट की ओर से पारित अतिक्रमण हटाने संबंधी आदेश (फरवरी माह तक) से राहत, वैकल्पिक पुनर्वास योजना एवं सकरात्मक नियमितीकरण नीति बनाने के लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित प्रदेश के राज्यपाल व मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों के साथ इस दौरान भाजपा नेता व कार्यकर्ता भी शामिल रहे। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि प्रदेश सरकार सुप्रीम कोर्ट में निचले हिमाचल से संबंधित इन कब्जों की पक्षधरता करते हुए विशेष पैरवी करे। हाईकोर्ट के आदेश से उत्पन्न परिस्थितियों में सरकार एक ठोस नीति बनाकर वर्षों से बसे लोगों को राहत प्रदान करे और इन कब्जों का नियमितीकरण करके प्रभावित परिवारों को मालिकाना हक प्रदान करे, अन्यथा प्रभावित परिवारों के लिए वैकल्पिक पुनर्वास योजना तत्काल लागू की जाए। सरकार यह भी सुनिश्चित करे कि कोई भी परिवार बेघर अथवा बेरोजगार न हो।



दाड़ी मेला ग्राउंड में एकत्रित होकर लोगों ने धर्मशाला कचहरी चौक तक रैली निकाली।

### बेघर हुए तो कहां जाएंगे लोग : नरेंद्र

**नरेंद्र** पठानिया ने कहा कि सरकारी भूमि से अवैध कब्जों को हटाने के जो आदेश जारी हुए हैं, उस पर पुनर्विचार के लिए लोग यहां एकत्रित हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ राहत प्रदान की है, जिसके लिए रैली निकाली जा रही है। प्रदेश सरकार को बेघर हो रहे लोगों का ध्यान रखना चाहिए। कई लोग दशकों से सरकारी भूमि पर मकान बनाकर रह रहे हैं, ऐसे लोग कहां जाएंगे।

### वर्षों से जहां रह रहे, वे अवैध कब्जे नहीं : संतोष

**रैली** में शामिल संतोष कुमारी ने कहा कि जिन्हें अवैध कब्जे कहा जा रहा है, वास्तव में यह अवैध कब्जे नहीं हैं। कई लोग छह पीढ़ियों से इन जगहों पर रह रहे हैं और सरकार व प्रशासन कह रहे हैं कि खाली करो। लोगों ने घर बनाने के लिए सारी जमा पूंजी लगा दी है, उन्हें खाली करवाएंगे तो लोग सड़कों पर आ जाएंगे। हमारी सरकार से मांग है कि लंबे समय से सरकारी भूमि पर रह रहे लोगों की जमीन को अवैध कब्जे का नाम न दिया जाए और इन कब्जों को नियमित किया जाए।

### भूमिहीनों को अलॉट भूमि नहीं हो पाई रेगुलराइज : सुधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर जिन भूमिहीन लोगों को भूमि अलॉट की गई थी, वह रेगुलराइज नहीं हो पाई है। ऐसे लोगों को भूमि दिलवाने के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय में केस दायर किया जाएगा। यह बात धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने रैली में भाग लेते हुए कही। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई कोई बड़े कब्जाधारियों की नहीं है, हम उनकी लड़ाई नहीं लड़ रहे हैं। उन्होंने मांग की कि इन लोगों को राहत प्रदान की जाए व सरकार उपरोक्त मामले पर एक नीति बनाकर सर्वोच्च न्यायालय में जाए। इस विषय पर नेता प्रतिपक्ष व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने भी संज्ञान लिया है एवं भाजपा की एक कमेटी बनाकर इस मामले पर इसकी अलग-अलग श्रेणियां बनाकर अलग-अलग कैटेगरी वाइज एसएलपी सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की जाएगी, ताकि ऐसे सभी मामलों में इन लोगों को राहत मिल सके। यह कमी वर्तमान सरकार की है, यह मामला लंबे समय से न्यायालय में जब चल रहा था, तो प्रदेश सरकार इसको कैटेगरीज ही नहीं कर पाई है, जिस कारण वर्तमान सरकार पूरी तरह से दोषी है।

# आपदा में मूल प्रमाण पत्र खो चुके अभ्यर्थियों को राहत

## डुप्लिकेट प्रमाण पत्र की एवज में शुल्क नहीं लेगा शिक्षा बोर्ड

- अभ्यर्थियों को बोर्ड में भेजना होगा निर्धारित आवेदन पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेश** में आई आपदा के दौरान अपने मूल प्रमाण पत्र खो चुके अभ्यर्थियों को स्कूल शिक्षा बोर्ड ने राहत दी है। ऐसे अभ्यर्थियों को अपने मूल प्रमाण पत्रों की पहली डुप्लिकेट प्रति लेने की एवज में बोर्ड को शुल्क नहीं देना पड़ेगा, लेकिन इसके लिए अभ्यर्थियों को निर्धारित आवेदन पत्र पर बोर्ड के समक्ष आवेदन करना होगा।

शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि वर्ष 2025 में हिमाचल प्रदेश में आई अभूतपूर्व राष्ट्रीय आपदा के मद्देनजर, कई अभ्यर्थियों ने हिमाचल प्रदेश विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी अपने मूल प्रमाणपत्रों के खो जाने की सूचना दी है। इन अभ्यर्थियों को राहत प्रदान करने के लिए बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा के पूर्व अनुमोदन से अधिसूचना जारी की जा रही है। इस अधिसूचना के तहत प्रभावित अभ्यर्थियों को राहत प्रदान करने के विशेष उपाय के रूप में अपने मूल प्रमाण पत्र खोने वाले अभ्यर्थियों को प्रथम डुप्लिकेट प्रमाण पत्र के बदले वसूल की जाने वाले शुल्क में छूट दी जाएगी। हालांकि इस विषय में अभ्यर्थियों को डुप्लिकेट प्रमाणपत्र के लिए निर्धारित आवेदन पत्र पूरी तरह से भरकर बोर्ड के समक्ष पेश करना होगा। इसके अलावा सर्टिफिकेट खोने से संबंधित हानि सत्यापन प्रमाण पत्र क्षेत्र के तहत आते एक आपदा से संबंधित विभाग चाहे वे डीसी कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, तहसीलदार, नायब प्रबंधन तहसीलदार से सत्यापित करवाकर बोर्ड के समक्ष पेश करना होगा। उन्होंने बताया कि बोर्ड को विश्वास है कि यह पहल प्रभावित अभ्यर्थियों को सार्थक राहत प्रदान करेगी और जन कल्याण एवं सहानुभूतिपूर्ण शासन के प्रति उसकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगी। यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

### 32 मील सिहुणी में नवरात्र पर लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, कोटला।** शरद नवरात्र पर मंगलवार को हनुमानजी एवं शनिदेव मंदिर 32 मील सिहुणी में भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों ने पूजा-अर्चना की और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। पुजारी सुरेश कुमार ने कहा कि हनुमान जी हिंदू धर्म में एक प्रमुख देवता हैं, जिन्हें भगवान शिव के अवतार माना जाता है। संकट मोचन अपने भक्तों की परेशानियों को दूर करने में मदद करते हैं।

### जीवन में आयुर्वेद के महत्व पर डाला प्रकाश

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** संस्थान राजीव गांधी राजकीय आयुर्वेदिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं चिकित्सालय पपरोला में दसवां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया गया। इस दौरान आयुर्वेद के जीवनशैली, आहार एवं औषधियों के लाभों पर जनसाधारण को जागरूक करने के लिए विविध गतिविधियां आयोजित की गईं। इस अवसर पर कायचिकित्सा विभागाध्यक्ष प्रो. अंजना मिश्रा ने विशेष व्याख्यान प्रस्तुत कर आयुर्वेद की प्रासंगिकता एवं आधुनिक जीवन में उसके महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समन्वय प्रो. मीनाक्षी द्वारा किया गया।

### बम को डिस्पोज करने की तकनीक बताई

**अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रदेश पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय डरोह में 8 से 22 सितंबर तक बम डिस्पोजल यूनिट एनएसजी मानेसर के सहयोग से दो सप्ताह की स्टेट लेवल काउंटर इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस ट्रेनिंग दी गई। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से 15 पुलिस कर्मचारियों ने भाग लिया, जिनमें दो महिला कांस्टेबल भी शामिल थीं। एनएसजी के सूबेदार गुरदेव सिंह, हवलदार गुरपाल सिंह, हरपाल और मेघनाथन एम मुख्य प्रशिक्षक रहे। बम को डिस्पोज करने की आधुनिक तकनीक के बारे में जानकारी दी। समापन में डीएसपी कुलदीप कुमार और एएसआई रविंद्र कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. डीके चौधरी आईपीएस ने एनएसजी प्रशिक्षकों की सराहना की।

### अजय ने किया नशे के खिलाफ लड़ने का आह्वान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डीजी डिस्क अवॉर्डी अजय बग्गा ने युवाओं व बच्चों को नशे से दूर रहने का आह्वान किया है। अजय बग्गा ने सातवीं ऑल इंडिया लीगस ड्यूटी मीट 2025 में प्रदेश को सम्मान दिलवाया है। यह प्रतियोगिता 9 सितंबर से 11 सितंबर तक आयोजित हुई। इसमें बैडमिंटन डबल्स में अजय कुमार बग्गा व अमित शर्मा की जोड़ी ने हिमाचल के लिए गोल्ड जीता है। रमेश कुमार ने कराटे में पदक झटका है और वोकल क्लासिकल में जितेंद्र शर्मा ने पदक पाया है। संजीव कुमार ने बताया कि पदक लेकर लौटे खिलाड़ियों को डीजी डिस्क अवॉर्ड से 19 सितंबर को सम्मानित किया गया है।

### विश्व शांति को तिब्बतियों ने किया हवन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में तिब्बती समुदाय के लोगों द्वारा विश्व शांति एवं पर्यावरण शुद्धि के लिए हवन पाठ किया गया। समुदाय के प्रवक्ता दीवान नेगी ने बताया कि हमारे धर्म में भी हिंदू धर्म के अनुसार ही मंत्र उच्चारण किया जाता है, फर्क इतना होता है कि यहां पर मंत्र हमारी भाषा में पढ़े जाते हैं। दीवान नेगी ने बताया कि पिछले कई वर्षों से यहां पर हवन किया जा रहा है यह हवन विश्व शांति आपसी भाईचारा तथा पर्यावरण शुद्धि के लिए किया जाता है।

### संजय चौहान ने किया पीलिया प्रभावित क्षेत्र का दौरा

**अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रदेश में आई आपदा के बाद सिहोटू गांव के एक हैंडपंप के पानी दूषित होने की खबर मिली थी और कुछ गांववासियों में पीलिया के लक्षण दिखाई दिए। भवारना स्वास्थ्य विभाग के खंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन राणा और उनकी टीम ने गांव में जाकर पानी की जांच की। इस बीच, हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय चौहान भी गांव पहुंचे और प्रभावितों का हालचाल जाना। चौहान ने स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में होने की पुष्टि की और ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि चिंता का कोई कारण नहीं है।

### लंबागांव में अठारह घरेलू सिलेंडर किए जब्त

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** खाद्य आपूर्ति विभाग लंबागांव ने निरीक्षक ऋचा सैनी के नेतृत्व में मंगलवार को लंबागांव, अपर लंबागांव, झुंग्गा देवी, टिक्करी, जयसिंहपुर व तलवाड़ में ढाबों व दुकानों से 18 घरेलू सिलेंडर जब्त किए हैं। ऋचा सैनी ने लंबागांव पुलिस की टीम को साथ 40 वाणिज्यिक खाद्य स्थलों की जांच की गई, जिनमें 16 में उल्लंघन पाए गए। इस मौके पर विभाग की ओर से 18 घरेलू सिलेंडर जब्त किए गए।

### कार से 13.62 ग्राम चिट्टा बरामद, दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के कोतवाली बाजार के निकट एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने जम्मू-कश्मीर नंबर की कार से 13.62 ग्राम चिट्टा बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान सांबा जिले के जुबी भट्टी (33) और कुणाल तेजी (24) के रूप में हुई है। गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस ने नाका लगाकर तलाशी ली, जिसमें नशीला पदार्थ मिला। आरोपियों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच जारी है। एएसपी आदिति सिंह ने बताया कि मामले की आगामी जांच जारी है।

### हरसर में मनाया राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** आयुर्वेदिक अस्पताल हरसर में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया गया। उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. रितु चौधरी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान औषधीय पौधों का वितरण एवं रोपण भी किया गया। लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए आयुर्वेद अपनाने की शपथ दिलाई गई। योग शिक्षिका डॉ. ममता गौरा ने योग शिविर आयोजित कर योग की विभिन्न क्रियाओं के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ समझाया। आयुर्वेद विभाग की टीम ने 240 रोगियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां वितरित कीं।

### ब्रॉड गेज विस्तार के फैसले की सराहना

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** कांगड़ा-चंबा सांसद राजीव भारद्वाज के प्रयासों की किसान नेता एवं समाजसेवी मनजीत डोगरा ने प्रशंसा की। सांसद के प्रभावी प्रयासों से रेल मंत्रालय ने इस मार्ग के ब्रॉड गेज विस्तार के लिए कदम उठाए हैं, जिससे जनता में उम्मीद जागी है। पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल मार्ग सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के लिए भी आवश्यक है। विस्तार से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और माल ढुलाई सस्ती व सुगम होगी। मनजीत डोगरा ने सरकार से शीघ्र परियोजना मंजूरी देने की मांग की।

### शिविर में 98 रक्तदाताओं ने कराया पंजीकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** ओल्ड स्टूडेंट एसोसिशन ने धर्मशाला कॉलेज व जोनल अस्पताल के सहयोग से धर्मशाला कॉलेज के प्रयास भवन में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया। शिविर में 98 रक्तदाताओं ने पंजीकरण कराया, जिनमें 40 महिलाएं तथा 58 पुरुष शामिल रहे। एसपी अशोक रत्न ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए छात्रों को सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे और मादक पदार्थों से दूर रहकर समाजोपयोगी कार्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

## जेबीटी कमिशन की पोस्टें बढ़ाए सरकार

- बैचवाइज भर्ती की प्रतीक्षा सूची भी निकाली जाए
- जेबीटी बेरोजगार संघ हिमाचल प्रदेश ने उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जेबीटी** बेरोजगार संघ ने कहा कि वर्तमान में राज्य चयन आयोग द्वारा जेबीटी के सिर्फ 600 पदों के लिए ही आवेदन लिए जा रहे हैं, जबकि प्रदेश में लगभग 2800 पद स्कूल बंद करने के बाद भी खाली चल रहे हैं। जेबीटी प्रशिक्षित बेरोजगार संघ के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश परयाल ने कहा कि वर्ष 2019 के बाद से कोई भी पद कमिशन के माध्यम से नहीं भरा गया है।

6 साल के लंबे अंतराल के बाद जेबीटी प्रशिक्षुओं को इंतजार था कि कम से कम सरकार द्वारा अधिसूचित 467 पद जिनके लिए आवेदन 2022 में लिए गए थे। साथ ही 1200 से अधिक पद जो वर्तमान सरकार ने राज्य चयन आयोग से भरने की अधिसूचना जारी की थी, उन पदों पर कमिशन निकाला जाएगा, लेकिन सरकार ने यह सारे पद खत्म कर सिर्फ 600 पदों के लिए आवेदन मांगे हैं, जो जेबीटी प्रशिक्षुओं के साथ अन्याय है। इस कारण जेबीटी बेरोजगार प्रशिक्षुओं में काफी रोष है। उन्होंने बताया कि जेबीटी बैचवाइज भर्ती की अंतिम प्रतीक्षा सूची निकाली जाए। नवंबर 2023 मे 1161पदों पर भर्ती हुई, जिसमें लगभग 15 पद अभी भी रिक्त हैं, जिसके लिए दोबारा से जल्द इन पदों को भरा जाए। उन्होंने सरकार से मांग की कि जेबीटी कमिशन की पोस्ट बढ़ाई जाएं, अन्यथा मजबूरन सड़कों पर उतरना पड़ेगा।

## आदर्श स्वास्थ्य संस्थान में सुविधाएं न के बराबर : बिक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक बिक्रम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की बदतर स्थिति को लेकर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। हाल ही में हुई एक बस दुर्घटना के बाद घायल बच्चों को डाडासीबा सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां एक्स-रे मशीन खराब मिली। बच्चों को सीएचसी कस्बा कोटला ले जाया गया, जहां एक्स-रे सुविधा उपलब्ध नहीं थी। जब कुछ लोग देहरा के अस्पताल गए, तो वहां रेडियोग्राफर अवकाश पर थे। उन्होंने कहा कि एक्स-रे मशीन और स्टाफ की कमी स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का साक्षात उदाहरण है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही जसवां-परागपुर के अस्पतालों में एक्स-रे मशीनें चालू नहीं की गईं, तो वे लोगों के साथ मिलकर खंड चिकित्सा अधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी का घेराव करेंगे।

## शिमला में आम आदमी पार्टी ने खोला कार्यालय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश की राजनीति में आम आदमी पार्टी ने नई शुरुआत करते हुए शिमला के खलीनी चौक में अपना आधिकारिक कार्यालय शुरू किया। इसका शुभारंभ राज्य प्रभारी ऋतु राज झा और सह प्रभारी अजय सिंह राजपूत की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर प्रदेशभर से आए सैकड़ों कार्यकर्ताओं का जमावड़ा देखने को मिला। पूर्व राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने बताया कि यह भीड़ हिमाचल की राजनीति में बदलाव की लहर का संकेत है।

कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने 2027 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस-भाजपा की बारी-बारी की सत्ता व्यवस्था को खत्म करने का संकल्प लिया। राज्य प्रभारी ऋतु राज झा ने कहा कि पिछले कई दशकों से कांग्रेस और बीजेपी ने प्रदेश की जनता को सिर्फ महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार दिया है। अब जनता समझ चुकी है कि ये दोनों दल सिर्फ सत्ता की मलाई खाने में लगे रहे हैं। आम आदमी पार्टी का उद्देश्य प्रदेश को एक ईमानदार, पारदर्शी और जवाबदेह विकल्प देना है। पार्टी ने जनता से आह्वान किया कि वे कांग्रेस-भाजपा की मिलीभगत को नकारें और राजनीति में सकारात्मक बदलाव का साथ दें।

## आरोपों के बाद फिन्ना सिंह ग्रेविटी डैम निर्माण परियोजना टेंडर विवाद में फंसी

### विपक्ष ने टेंडर शर्तों में हेरफेर व चहेतों को लाभ पहुंचाने के लगाए थे आरोप

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

**कांगड़ा** जिले के नूरपुर विधानसभा क्षेत्र की फिन्ना सिंह ग्रेविटी डैम निर्माण परियोजना विवादों में फंस गई है।

जल शक्ति विभाग की ओर से 293.78 करोड़ रुपए की लागत से जारी टेंडर प्रक्रिया अब अटक गई है और मामला प्रदेश सरकार के समक्ष विचाराधीन है। विभाग ने बांध निर्माण के लिए लगभग 268 करोड़ का टेंडर जारी किया था, लेकिन विपक्ष का आरोप है कि योग्य घोषित फर्म के पास बांध निर्माण का अनुभव केवल 8-10 करोड़ तक सीमित है, जो टेंडर की लागत के अनुरूप नहीं है। केंद्रीय विजिलेंस कमिशन (सीवीसी) एवं केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के मानदंडों के अनुसार, फर्म के पास बांध निर्माण कार्य की लागत का कम से कम 80 प्रतिशत का एक कार्य या 50 प्रतिशत के दो समान कार्य या 40 प्रतिशत के तीन कार्यों का अनुभव होना आवश्यक है। वहीं, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, राकेश पठानिया, बिक्रम ठाकुर और इंद्रदत्त लखनपाल ने विभाग पर टेंडर में हेरफेरी का आरोप लगाया है। इंद्र दत्त लखनपाल ने वरिष्ठ अधिकारियों को कानूनी नोटिस भी भेजा है, जिसका जवाब अभी तक विभाग ने नहीं दिया है।

#### केंद्र की ओर से 90 फीसदी अनुदान

**भारत** सरकार के जल शक्ति मंत्रालय ने इस सिंचाई परियोजना को 90:10 अनुपात में मंजूरी दी है। 90 फीसदी खर्च केंद्र और 10 फीसदी राज्य सरकार वहन करेगी। केंद्र ने योजना की पहली किस्त पहले ही जारी कर दी है।

#### सरकार के पास विचाराधीन : दीपक

**जल** शक्ति विभाग के चीफ इंजीनियर धर्मशाला जोन दीपक गर्ग ने बताया कि रिपोर्ट सरकार को सौंपी जा चुकी है। मामला अब सरकार के पास विचाराधीन है। जैसे ही सरकार के निर्देश आएंगे, आगामी कार्रवाई की जाएगी।

#### सरकार को भेज दी है रिपोर्ट : अंजू

जल शक्ति विभाग की ईएनसी शिमला अंजू शर्मा ने बताया कि मामले की पूरी जानकारी जुटाकर सरकार को रिपोर्ट भेज दी गई है।

## शांता ने महंगाई पर लगाम को बताया ऐतिहासिक उपलब्धि

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने बढ़ती महंगाई के बीच आम जनजीवन को मिल रही राहत को ऐतिहासिक क्षण बताते हुए इसे एक वरदान करार दिया है। उन्होंने कहा कि मैंने अपने 91 वर्षों के जीवन में ऐसा कोई समय नहीं देखा, जब महंगाई थमी हो और वस्तुएं सस्ती हुई हों। यह जीवन का पहला ऐसा अवसर है जब जरूरी चीजें इतनी सस्ती हो गई हैं कि समाचारों पर विश्वास करना कठिन लगता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि घी 40 रुपए सस्ता हुआ है, जो पहले कभी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। शांता ने मंगलवार को एक बयान में इस ऐतिहासिक परिवर्तन का श्रेय विशेष रूप से भारत के पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली को देते हुए कहा कि जीएसटी कानून लागू करने में उनकी भूमिका अत्यंत निर्णायक रही। उन्होंने बताया कि लोकसभा में अरुण जेटली के साथ बैठते हुए उन्होंने उन्हें निकट से जीएसटी पर अथक परिश्रम करते देखा। उन्होंने याद करते हुए कहा कि जब जेटली ने जीएसटी पर अपनी बात संसद में रखी तो हम सभी आश्चर्यचकित भी हुए और प्रसन्न भी। देश के सभी राज्यों और पार्टियों को एक मत करना आसान नहीं था। उन्होंने कहा कि महंगाई सिर्फ भारत में नहीं, बल्कि पूरे विश्व में बढ़ी है, परंतु भारत पहला ऐसा देश है जहां आम आदमी की ज़रूरतों की वस्तुएं इतनी सस्ती हुई हैं।

## ई-टैक्सी योजना : स्वरोजगार व हरित विकास की ओर एक कदम : अक्षय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने स्वरोजगार को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण के लिए राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के तहत ई-टैक्सी योजना शुरू की है। यह योजना युवाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ राज्य में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार के अनुसार, इस योजना के तहत सरकार टैक्सी खरीदने के लिए 50% तक अनुदान देती है, लगभग 40% बैंक ऋण उपलब्ध कराती है और लाभार्थी को केवल 10% निवेश करना होता है। योजना के तहत ई-टैक्सी को सरकारी विभागों से जोड़कर युवाओं को प्रतिमाह 50 से 60 हजार रुपए की निश्चित आय सुनिश्चित की जाती है। अब तक जिले में छह पात्र युवाओं को ई-टैक्सी उपलब्ध कराई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि यह योजना युवाओं के लिए रोजगार का स्थायी स्रोत बनने के साथ-साथ प्रदेश के स्वच्छ पर्यावरण के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम है। योजना का लाभ केवल हिमाचल प्रदेश के स्थायी निवासी, वैध ड्राइविंग लाइसेंस धारक और पात्र आयु सीमा वाले युवाओं को ही मिलता है। इस योजना से बेरोजगार युवाओं को एक स्थायी और सम्मानजनक स्वरोजगार उपलब्ध हुआ है। अक्षय कुमार बताते हैं कि निश्चित आय होने से परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। कम परिचालन लागत के कारण ई-वाहनों का ईंधन और रख-रखाव का खर्च कम है, जिससे मुनाफा अधिक मिलता है और साथ ही में यह वाहन पर्यावरण-हितकारी भी हैं इनसे प्रदूषण में कमी और हरित विकास को प्रोत्साहन मिला है। इस प्रकार प्रदेश में आधुनिक तकनीक के इन वाहनों से राज्य में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर तेजी से कदम बढ़े हैं।

## नई जीएसटी दरों से महंगाई पर लगेगा अंकुश : घनश्याम

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं हिमाचल प्रदेश कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लागू की गई नई जीएसटी दरें आम जनता के लिए बड़ी राहत लेकर आई हैं। उन्होंने कहा कि यह फैसला महंगाई पर नियंत्रण का प्रभावी उपाय साबित होगा और देश के हर नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा। शर्मा ने बताया कि पहले जीएसटी के चार टैक्स स्लैब – 5%, 12%, 18% और 28% थे, जिन्हें अब घटाकर केवल दो स्लैब – 5% और 18% कर दिया गया है। इससे कर व्यवस्था न केवल सरल होगी, बल्कि कारोबारियों को भी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं जैसे जूते-चप्पल, कपड़े, छोटे इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, साबुन, टूथपेस्ट, सीमेंट आदि पर टैक्स दरों को घटाया है, जिससे आम आदमी को सीधा फायदा मिलेगा। यह निर्णय उपभोक्ताओं, व्यापारियों और देश की अर्थव्यवस्था के लिए लाभकारी साबित होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पशु मंडी और किसान मेले का समापन

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा ने सुई सुराड में आयोजित पशु मंडी व किसान मेले का समापन किया। उन्होंने कहा कि मेले हमारी संस्कृति व भाईचारे के प्रतीक हैं, जो लोगों को जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने मेला कमेटी को आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार ने जीएसटी दरों में कटौती कर आम आदमी को राहत दी है, जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया। मेले में महिला मंडलों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और युवक मंडल ने खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित कीं। विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए गए। पशु मंडी में आए श्रेष्ठ पशुओं के पालकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान अरुणा शर्मा, परस राम कौंडल, नरेश कुमार व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### प्रगतिशील कृषक संत राम शर्मा का निधन

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के प्रख्यात समाजसेवी, प्रगतिशील किसान, बागवान एवं पशुपालक संत राम शर्मा निधन हो गया। उनका जन्म 12 जून 1938 को गांव समलेटा, डाकघर ऋषिकेश, जिला बिलासपुर में हुआ था। शर्मा ने अपना संपूर्ण जीवन समाज सेवा और कृषि, बागवानी व पशुपालन के उत्थान को समर्पित किया। उन्होंने आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर और प्रोत्साहित कर किसानों के लिए एक नई दिशा निर्धारित की। कृषि क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें जिला एवं राज्य स्तर पर प्रदेश सरकार द्वारा कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। उनके निधन से समूचे क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है।

### रामलीला देखने के लिए उमड़ा जनसैलाब

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं की रामलीला इस वर्ष 11वें वर्ष में प्रवेश कर गई है। आदर्श रामलीला नाटक समिति के बैनर तले आयोजित इस धार्मिक आयोजन का शुभारंभ रिटायर्ड एक्सईएन अमर सिंह भाटिया ने किया। उन्होंने कहा कि रामलीला हमारी सांस्कृतिक विरासत है, जो नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने और नशे से दूर रखने का कार्य करती है। रामलीला का शुभारंभ भगवान विष्णु से देवताओं की प्रार्थना से हुआ। रावण-शिव संवाद, श्रवण कुमार की कथा, दशरथ को श्राप और पुत्रेष्टि यज्ञ जैसे दृश्य मंचित किए गए। कलाकारों ने विष्णु, लक्ष्मी, नारद, ब्रह्मा, कुबेर, इंद्र, विशिष्ठ और शृंगी ऋषि की भूमिकाएं प्रभावशाली ढंग से निभाईं। समिति प्रधान संजय शर्मा ने बताया कि रामलीला का मंचन प्रतिदिन रात 8 बजे शुरू होगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचने व दशहरा पर्व के भव्य आयोजन में सहयोग की अपील की।

### हिम सर्वोदय स्कूल घुमारवीं में की पूजा-अर्चना



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिम सर्वोदय स्कूल घुमारवीं में शारदीय नवरात्र पर माता की चौकी स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। विद्यालय प्रबंधन की तरफ से नीलम महाजन ने धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नवरात्र के दौरान रोजाना पूजा-अर्चना रहने की व्यवस्था की गई है। इस पर्व का समापन दो अक्तूबर को विशेष कार्यक्रमों के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक तथा कर्मचारियों ने भाग लेकर माता भगवती की आराधना की। इस मौके पर सहप्रबंधक विमल महाजन सहित सभी अध्यापक वर्ग उपस्थित रहे।

### विधायक त्रिलोक ने नई जीएसटी दरों का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** देशभर में लागू हुई नई जीएसटी दरों का सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल और झंडूता विधायक जीतराम कटवाल ने स्वागत किया है। दोनों नेताओं ने इस त्योहारी सीजन में आमजन और व्यापारियों के लिए बड़ा तोहफा करार दिया। विधायक जम्वाल ने बताया कि पहले चार स्लैब वाली जीएसटी व्यवस्था अब केवल 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत में सीमित कर दी गई है। इससे रोजमर्रा की वस्तुओं, सीमेंट और आवश्यक सामग्री पर टैक्स कम होगा, जबकि महंगी वस्तुओं पर विशेष 40 प्रतिशत स्लैब लागू रहेगा। कटवाल ने कहा कि जीएसटी सुधार से बाजार में पारदर्शिता बढ़ेगी, व्यापारियों और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। 31 दवाइयों, डेयरी उत्पादों और प्रदेश के हस्तशिल्प, आयुर्वेदिक व हर्बल उत्पादों पर टैक्स कम कर 5 से 12 प्रतिशत किया गया है। दोनों नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और कहा कि यह सुधार आमजन के लिए ऐतिहासिक कदम है।

### बिलासपुर में सभी विभागाध्यक्ष बनेंगे 'निक्षय मित्र'

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला मुख्यालय बिलासपुर के बचत भवन में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त राहुल कुमार ने की। बैठक में सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। डीसी ने निर्देश दिए कि सभी विभागाध्यक्ष 'निक्षय मित्र' बनें और क्षय रोगियों को पांच-पांच न्यूट्रीशन किट उपलब्ध कराएं। साथ ही, उपायुक्त कार्यालय की ओर से 100 न्यूट्रीशन किट दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग मिलकर बिलासपुर को टीबी मुक्त बनाने का प्रयास कर रहे हैं। जन-जागरूकता के लिए पंचायत भवनों, सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर प्रचार पट्ट लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में टीबी मुक्त कार्यस्थल नीति और विभागीय सहयोग की रणनीतियों पर भी चर्चा हुई।

### डॉक्टर परविंदर सिंह को बिलासपुर से विदाई

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. परविंदर सिंह, जिन्होंने अतिरिक्त कार्यभार खंड चिकित्सा अधिकारी स्वास्थ्य खंड झंडूता संभाला हुआ था, मंगलवार को स्थानांतरण के उपरांत मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से विदाई ली। डॉ. सिंह ने वर्ष 2017 से सितंबर 2025 तक आठ वर्ष से अधिक समय तक जिला बिलासपुर में स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान दिया। उनके सेवा काल में जिला स्वास्थ्य विभाग की उपलब्धियां उच्च दर्जे की रहीं। अब डॉ. परविंदर सिंह खंड चिकित्सा अधिकारी धर्मपुर, जिला सोलन का कार्यभार संभालेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अन्य चिकित्सा अधिकारी और विभागीय कर्मचारी ने उन्हें स्थानांतरण पर शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## शतुद्री वंदन सेलिंग एक्सपीडिशन 42 किमी. सफर तय कर पहुंचा ज्योरी पत्तन




शतुद्री वंदन सेलिंग एक्सपीडिशन के कैडेट्स।

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

**हिमाचल** प्रदेश की प्रथम नेवल यूनिट एनसीसी द्वारा आयोजित शतुद्री वंदन सेलिंग एक्सपीडिशन का आज नौवां दिन रहा।

कैडेट्स ने मंडली से प्रस्थान कर पुरोहियां और भाखड़ा नकराना होते हुए लगभग 42 किलोमीटर का लंबा नौकायन कर ज्योरी पत्तन में डेरा डाला।

पूरे रास्ते कैडेट्स ने सतलुज जलाशय की सुंदरता का अनुभव किया और यहां फैले द्वीपों का अवलोकन किया, जिन्हें पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। नकराणा पहुंचकर कैडेट्स ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर जागरूकता रैली निकालकर स्थानीय लोगों को प्रेरित किया। इस दौरान ग्रामीणों, छात्रों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया और कैडेट्स के प्रयासों की सराहना की। अभियान दल जब ज्योरी पत्तन पहुंचा तो स्थानीय लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और कैडेट्स को प्रोत्साहित किया। कमांडिंग ऑफिसर कमांडर सज्जन कुमार ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी केडेटस का साहस और ऊर्जा यह दर्शाता है कि एनसीसी युवाओं को जिम्मेदार और मजबूत नागरिक बनाती है।

# श्री नयना देवी मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, सुख-समृद्धि की मांगी दुआ

**मुकेश गौतम, अनंत ज्ञान**

**नयना** देवी (बिलासपुर)। शक्तिपीठ श्री नयना देवी में मंगलवार को दूसरे नवरात्र पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। वही, श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। पुलिस जवान पूरी नजर रखे हुए हैं। भक्तों ने माता जी के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालु पंजाब हिमाचल हरियाणा दिल्ली और अन्य प्रदेशों से माता के नवरात्र पूजन के लिए पहुंच रहे हैं।

वहीं, जिला परिषद सदस्य गौरव शर्मा ने भी माताजी के दरबार में पूजा-अर्चना की और कहा कि नवरात्र के दौरान माता जी के दरबार में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने अपील की श्रद्धालु भारी संख्या में माताजी के दरबार में आएं और नवरात्र पूजन करके अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करें।



दूसरे नवरात्र पर श्री नयना देवी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़।

### एसडीएम धर्मपाल ने लिया सुविधाओं का जायजा

**मेला** अधिकारी मंदिर न्यास के अध्यक्ष एसडीएम धर्मपाल ने मंदिर क्षेत्र का दौरा कर सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि भारी संख्या में माता जी के दर्शनों के लिए आएं। मौसम साफ है और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि माता के दरबार में आने के लिए सड़कों की मरम्मत कर दी गई है। भक्तों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। एसडीएम धर्मपाल ने कहा कि श्रद्धालु माता जी के दरबार में आए, अगर किसी प्रकार की भी दिक्कत आती है तो वह प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

# गोबिंदसागर झील में फिर गूंजा रोमांच

## वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों की पुनः शुरुआत पर डीसी ने लिया क्रूज राइड का अनुभव

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर की शान गोबिंदसागर झील एक बार फिर रोमांच और उत्साह से सराबोर हो उठी है। आज से यहां वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों की पुनः शुरुआत हुई, जिसने न केवल पर्यटकों का मन मोह लिया, बल्कि स्थानीय लोगों में भी नई उम्मीद जगाई। शुभारंभ पर उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर, व्यवसायी अजय हांडा, गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ईशान अख्तर तथा कोषाध्यक्ष निर्मला राजपूत उपस्थित रहे।

डीसी राहुल ने खुद स्पीड बोट और क्रूज राइड का अनुभव किया और कहा कि बिलासपुर को एडवेंचर स्पोर्ट्स का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि वॉटर स्पोर्ट्स को और संगठित, सुरक्षित और आकर्षक स्वरूप दिया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि झील पर क्रूज राइड, बनाना राइड, स्पीड बोट और वाटर स्कूटर जैसी गतिविधियां पहले से चल रही हैं और आने वाले समय में और नई गतिविधियां जोड़ी जाएंगी। उन्होंने कहा कि इससे जिले में पर्यटन को गति मिलेगी, कारोबार बढ़ेगा और युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। डीसी ने विश्वास दिलाया कि बिलासपुर आने वाले वर्षों में एडवेंचर टूरिज्म का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय केंद्र बनेगा। उन्होंने सभी पर्यटकों से अपील की कि वे बिलासपुर आएं और गोबिंदसागर झील की प्राकृतिक सुंदरता के साथ वाटर स्पोर्ट्स का आनंद लें। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे और उन्होंने झील में शुरू हुई गतिविधियों को रोमांचक अनुभव बताया। स्थानीय व्यापारी संजय का कहना है कि वाटर स्पोर्ट्स शुरू होने से यहां बाजार में रौनक बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि पर्यटक जितने अधिक आएंगे, उतना ही हमारे होटल, ढाबे और दुकानों को लाभ होगा।



गोबिंदसागर में इलेक्ट्रिक बोट के सफर का आनंद उठाते उपायुक्त एवं अन्य।

यह पहल पूरे इलाके के लिए आर्थिक संजीवनी साबित होगी। कॉलेज छात्रा प्रियंका ठाकुर ने कहा कि वाटर स्पोर्ट्स जैसी गतिविधियां युवाओं को मनोरंजन के साथ-साथ करियर की दिशा भी दिखा सकती हैं। उन्होंने कहा कि अगर प्रशिक्षण और रोजगार से जुड़े कोर्स यहां शुरू हों तो हम जैसे युवाओं को अपने जिले में ही अवसर मिलेंगे और बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# धौलरा मंदिर में विशेष आरती, सुंदरकांड पाठ



दुर्गा पूजा समिति की संस्थापिका डॉ. मल्लिका नड्डा ने अन्य भक्तों के साथ पूजा की।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बिलासपुर** के प्रसिद्ध धौलरा मंदिर में शारदीय नवरात्र पर मंगलवार को सुबह 9 बजे विशेष आरती की गई।

पूजा में श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में आस्था और भक्ति के साथ व्रत का संकल्प लिया। दुर्गा पूजा समिति की संस्थापिका डॉ. मल्लिका नड्डा ने अन्य भक्तों के साथ विधिवत पूजा की और माता को पुष्पांजलि अर्पित की। दिन के समय मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम और हनुमानजी की भक्ति का अनुभव किया। संध्या समय द्वितीय नवरात्र के अवसर पर मंदिर में मां दुर्गा के शारदा रूप का बोधन आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के चरणों में व्रत का संकल्प लिया और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा-अर्चना का विधिवत संचालन शिमला से पधारे पंडित सुधांशु शेखर भट्टाचार्य और उनके सहयोगी पुजारी सुशील कुमार ने किया। इस अवसर पर मोहित सांख्यान, राम पाल, जस्सी, अश्विनी शर्मा, प्रमोद, राजेंद्र, पार्षद संतोष जोशी, अशोक सोहड़, निरूपमा, देशराज शर्मा, आशीष शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर बैहल में मनाया आयुर्वेद दिवस

**राकेश चंदेल, अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** आयुष विभाग जिला बिलासपुर की ओर से बैहल स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आयुर्वेद दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम आयुष अधिकारी डॉ. सुखविंद्र कौर के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस मौके पर आयुर्वेदिक सिद्धांतों का पालन करने की शपथ ली गई और दिनचर्या, ऋतुचर्या व आचार के नियमों का अनुसरण करने का संकल्प लिया गया। आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. अर्चना शारदा ने उपस्थित लोगों को शपथ प्रमाण पत्र वितरित किए। वहीं, स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ पंचायत प्रधान कर्मजीत कौर ने किया। वहीं, औषधीय पौधों की प्रदर्शनी का उद्घाटन बैहल पंचायत के पूर्व प्रधान रामकुमार शर्मा ने किया।

## कमल राव प्रदेश गुर्जर कल्याण बोर्ड के सदस्य नियुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**हिमाचल** प्रदेश सरकार ने बिलासपुर जिले के युवा समाजसेवी कमल राव को गुर्जर कल्याण बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया है।

कमल राव ने इस दायित्व के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह अवसर उनके लिए सम्मान और जिम्मेदारी दोनों है, जिसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। गुर्जर कल्याण बोर्ड लंबे समय से राज्य के गुर्जर समाज के उत्थान, शिक्षा, स्वरोजगार और सामाजिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं के लिए कार्य करता आ रहा है।



कमल राव की नियुक्ति से समाज को उम्मीद है कि बिलासपुर सहित पूरे प्रदेश के गुर्जर समुदाय की आवाज और मजबूत ढंग से सरकार तक पहुंचेगी। कमल राव ने कहा कि वे गुर्जर समाज की समस्याओं और मांगों को प्राथमिकता से सरकार के समक्ष रखेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचाना उनका पहला लक्ष्य रहेगा।

### लोकनृत्य में प्रथम घुमारवीं का छात्रा स्कूल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ऋषिकेश में जिला स्तरीय नेशनल रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 13 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों एवं राजकीय उच्च विद्यालयों के 106 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डाइट बिलासपुर प्रधानचार्य राकेश मनकोटिया, विनोद कुमार शर्मा प्रवक्ता वाणिज्य घागस एवं शशि बाला जेबीटी ऋषिकेश उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य सुख लाल ठाकुर ने की।

साथ ही विशेष अतिथि के रूप में स्थानीय पूर्व बीडीसी सदस्य अच्छरी देवी मौजूद रहीं और उन्होंने अपने विचार साझा किए। रोल प्ले में प्रथम पुरस्कार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ग्वालमुठानी, द्वितीय पुरस्कार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठी, तृतीय पुरस्कार राजकीय उच्च पाठशाला टकरेड़ा रहे। लोकनृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्रा घुमारवीं, द्वितीय पुरस्कार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ऋषिकेश, तृतीय पुरस्कार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बेहनजट्टा ने हासिल किया।

### इनकम टैक्स टीम हरियाणा ने जीता वॉलीबाल ओपन खिताब

**अनंत ज्ञान, बरमाणा।** वीर बजरंग बली यूथ क्लब लघट (नालग) बरमाणा बिलासपुर के सौजन्य से चल रही दो दिवसीय वॉलीबाल टूर्नामेंट का समापन हो गया। समापन अवसर पर रमेश संध्यार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा विजेता टीमों को इनाम बांटे। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ इलाके के समाजसेवी एवं युवा नेता राजेश ठाकुर द्वारा किया गया था। संयोजक अमित कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन जिला स्तर की टीमों ने भाग लिया, जबकि दूसरे दिन ओपन टूर्नामेंट हुआ, जिसमें करीब दस टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला इनकम टैक्स टीम हरियाणा और डोगरा 3 आर्मी के मध्य खेला गया। इनकम टैक्स हरियाणा की टीम ने यह मुकाबला 3-2 से जीत कर खिताब को अपने नाम किया। उन्होंने बताया कि विजेता टीम को 21 हजार और ट्रॉफी प्रदान की गई। उपविजेता टीम को 15 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई। हरियाणा के जतिन पढवाल को बेस्ट प्लेयर और टूर्नामेंट के खिताब से नवाजा गया। वहीं, इस प्रतियोगिता में अंडर-16 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके बरठीं के शब्द गौतम ने भी खिलाड़ी के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर वीर बजरंग बली यूथ क्लब लघट (नालग) बरमाणा के प्रधान अमन शर्मा, महासचिव अजय कुमार, उपाध्यक्ष अक्षय कुमार, संयुक्त सचिव सुमित कुमार, कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार, चमन चंदेल, वासुदेव, राज कुमार, प्रदीप ठाकुर, गगन ठाकुर आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

**विजेता टीम को 21 हजार और ट्रॉफी देकर नवाजा**

## डॉ. नम्रता ने चमकाया बिलासपुर का नाम

### अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मूलान की गाथा पर प्रस्तुत किया शोधपत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**राजकीय** महाविद्यालय बिलासपुर के अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. नम्रता पठानिया ने अपनी शैक्षणिक प्रतिभा, गहन शोध और रचनात्मकता से एक बार फिर क्षेत्र का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

धर्मशाला स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय में 19 से 21 सितंबर तक आयोजित 26वें अंतरराष्ट्रीय 'विश्व की बहु जातीय साहित्यिक परंपराएं सम्मेलन में उन्होंने प्रभावशाली भागीदारी दर्ज कराई। इस प्रतिष्ठित आयोजन में भारत सहित नेपाल, बांग्लादेश, सिंगापुर, तुर्की, पोलैंड समेत 13 देशों के 200 से अधिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। डॉ. पठानिया ने 'पुनर्कथन के रूप में अनुवृत्तिः समकालीन अंग्रेजी उपन्यासों में मूलान की गाथा का विकास' विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया। उनके शोधपत्र को इसके नवाचारपूर्ण दृष्टिकोण, सैद्धांतिक गहराई और विश्लेषणात्मक प्रस्तुति के लिए विशेष सराहना मिली। सम्मेलन में उन्होंने एक सत्र की अध्यक्षता की।



कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने डॉ. नम्रता पठानिया को बधाई दी।

### पूर्व उपलब्धियां और साहित्यिक योगदान

**महाविद्यालय** पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने उन्हें महाविद्यालय प्रशासन की ओर से बधाई दी। उन्होंने बताया कि डॉ. नम्रता इससे पहले भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी विद्वत्ता का परिचय दे चुकी हैं। गत वर्ष उन्होंने काठमांडू विश्वविद्यालय, नेपाल में शोधपत्र प्रस्तुत किया था। कविता संग्रह पुस्तक 'काव्यबद्ध और अकाव्यबद्ध' वर्ष 2023 में प्रकाशित हुई थी, जिसमें उनकी 70 कविताएं संकलित हैं। यह कृति पाठकों और समीक्षकों द्वारा अत्यंत सराही गई। वर्तमान में उनकी दो और पुस्तकें प्रकाशन की प्रक्रिया में हैं। डॉ. नम्रता पठानिया न केवल एक शोधकर्ता और लेखिका हैं, बल्कि एक प्रेरक अध्यापिका भी हैं। विद्यार्थियों के बीच वे अपनी सुगम शिक्षण शैली, गहन साहित्यिक दृष्टि और सकारात्मक ऊर्जा के लिए जानी जाती हैं। इस अवसर पर आईक्यूएसी समिति के सदस्य प्रो. रंजीत, डॉ. रितु शर्मा, डॉ. विजय, डॉ. नवेंदु, डॉ. जसवाल और प्रो. ऋतुराज भी उपस्थित रहे और उन्होंने डॉ. नम्रता को शुभकामनाएं दीं।

**प्रेरणा और भविष्य की दिशाः** प्राचार्य डॉ. कटवाल ने कहा कि डॉ. नम्रता का कार्य न केवल संस्थान, बल्कि पूरे बिलासपुर और हिमाचल प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी वे शोध, लेखन और अध्यापन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल करेंगी।

### जनता को बहकाने के लिए दिखावटी कदम उठा रही भाजपा : हीरापाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जीएसटी दरों में कमी को लेकर भाजपा द्वारा मनाए जा रहे जश्न और बाजारों में सांसद-विधायकों के दौरे पर कांग्रेस ने तीखा प्रहार किया है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव एवं राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के प्रदेश सह संयोजक हीरापाल सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जनता को चुनावी माहौल में बहकाने के लिए दिखावटी कदम उठा रही है, जबकि पिछले सात वर्षों से व्यापारियों और आम जनता पर टैक्स का बोझ डालकर उन्हें लूटने का काम किया गया है। हीरापाल सिंह ने याद दिलाया कि विपक्ष में रहते हुए भाजपा नेताओं ने जीएसटी को 'गब्बर सिंह टैक्स' कहा था, लेकिन सत्ता में आते ही वही टैक्स लागू कर आमजन से 25 प्रतिशत तक वसूली की जाती रही। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर सरकार सचमुच व्यापारी वर्ग को राहत देना चाहती थी तो यह कदम सात साल पहले क्यों नहीं उठाया गया?

**शुभारंभ** स्विमिंग, क्याकिंग केनोइंग का मिलेगा प्रशिक्षण, ब्यास अकादमी बच्चों को सिखाएगी हुनर

# बच्चों को मिलेगी वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां सीखने की ट्रेनिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**गोबिंदसागर** झील में अब बच्चों को वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों का प्रशिक्षण मिल सकेगा। इसके लिए ब्यास वाटर स्पोर्ट्स अकादमी ने मंगलवार से इसकी शुरुआत कर दी है। नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम ने हरी झंडी दिखा कर इस अकादमी का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी बच्चों को और प्रशिक्षकों को इस अकादमी की शुरुआत करने पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि गोबिंदसागर झील में वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों को वर्ष भर संचालन करने पर कार्य किया जा रहा है और केंद्र सरकार के साथ इस विषय पर कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ब्यास अकादमी की शुरुआत एक सराहनीय पहल है, जिससे बिलासपुर के साथ-साथ अन्य राज्यों के बच्चों को भी यहां प्रशिक्षण मिल सकेगा और झील में लगातार गतिविधियां होने से यहां के व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सकेगा। क्याकिंग केनोइंग एसोसिएशन के महासचिव पदम सिंह गुलेरिया ने कहा कि बिलासपुर जिला में व्यास अकादमी एक पहली अकादमी है, जो बच्चों को एसोसिएशन के सहयोग प्रशिक्षित करेगी और एसोसिएशन इस अकादमी को अपना पूरा सहयोग देगी। वहीं, सेवानिवृत उपनिदेशक रेलू राम ठाकुर ने कहा कि यह अकादमी वाटर स्पोर्ट्स की गतिविधियों में बच्चों को प्रशिक्षित करके देश के लिए तैयार करने जा रही है, जो बहुत ही सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि आज हमारा युवा नशे की ओर जा रहा है, जिसको रोकने में एडवेंचर स्पोर्ट्स गतिविधियों में जुड़ने से वह बचे रहेंगे। वहीं, ब्यास अकादमी के महासचिव सोमनाथ ने बताया कि इस अकादमी को स्थापित करने का उद्देश्य बच्चों को खेलों में जोड़कर और उन्हें प्रशिक्षित करके राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। एकेडमी के सभी प्रशिक्षक राष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं, जिनकी सेवाएं इस अकादमी में ली जा रही हैं। वहीं, शुभारंभ पर क्याकिंग केनोइंग ड्रैगन बोट, राफ्टिंग, स्विमिंग के डेमो भी प्रदान किए गए। साईं वाटर स्पोर्ट्स सेंटर कोलडैम के प्रशिक्षुओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके हिमाचल क्याकिंग केनोइंग एसोसिएशन द्वारा सम्मानित किया गया, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। इस अवसर पर राफ्टिंग संघ के महासचिव जय राम शर्मा, पौंग डैम से रिटायर्ड वाटर स्पोर्ट्स प्रशिक्षक सीआर ठाकुर, बामटा पंचायत के उपप्रधान विक्रम ठाकुर, चांदपुर पंचायत के उपप्रधान दिवेश चंदेल, बिलासपुर से रिटायर्ड वाटर स्पोर्ट्स ट्रेनर जमना ठाकुर, राष्ट्रीय खिलाड़ी बिंदिया चंदेल व सरोज चंदेल, क्याकिंग कोच श्याम लाल, बिलासपुर एडवेंचर एंड एलिट स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।



गोबिंदसागर में वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों का प्रशिक्षण देने का शुभारंभ करते नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम।

## न्यूज ब्रीफ

### आपदा प्रभावितों को बांटी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित जिला चंबा के चुराह विधानसभा क्षेत्र के हिमगिरी क्षेत्र में जमीयत उलेमा-ए-हिंद संस्था ने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की। इस राहत अभियान का नेतृत्व संस्था के जिला चंबा व कांगड़ा के सदर मौलाना ताजुदीन ने किया, जिनके साथ हाफिज मुहम्मद फारूक भी मौजूद रहे। मौलाना ताजुदीन ने बताया कि जमीयत उलेमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय सदर मौलाना अरशद मदनी के मार्गदर्शन में यह सहायता अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था पिछले सौ वर्षों से सामाजिक कार्यों में अग्रणी रही है और आगे भी यह सेवाएं जारी रहेंगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि उनके आसपास भी कोई बाढ़ से प्रभावित जरूरतमंद है तो उसकी जानकारी संस्था से साझा करें, ताकि उन्हें भी सहायता पहुंचाई जा सके।

### 35 ब्लॉक मास्टर ट्रेनरों को मिलेगा प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आदि कर्मयोगी अभियान को लेकर जिला स्तरीय बैठक हुई। बैठक में अभियान के उद्देश्य, कार्यप्रणाली और सफल क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों व कर्मचारियों को अभियान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं और इसे जनजातीय क्षेत्रों में प्रशासनिक सुधार की दिशा में परिवर्तनकारी पहल बताया। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले के 35 ब्लॉक मास्टर ट्रेनरों को आगामी 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक डीआरडीए हॉल चंबा में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। राज्य स्तरीय प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों ने अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक जानकारी साझा की। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा सहित कई विभागीय अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे।

### भरमौर में 81 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** जनजातीय क्षेत्र भरमौर के ग्राम मांडो में आयुष विभाग चंबा की मोबाइल मेडिकल यूनिट ने एक दिवसीय चिकित्सा शिविर आयोजित किया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. प्रदीप शर्मा के निर्देशानुसार इस शिविर में 81 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें 31 लोगों के शुगर टेस्ट, 18 के हीमोग्लोबिन टेस्ट और बीपी जांच की गई। चिकित्सकों ने बीमारियों के अनुसार दवाइयां वितरित कीं और मरीजों को योग अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर में स्त्री स्वास्थ्य और स्वस्थ परिवार पर आयुर्वेदिक जानकारी भी प्रदान की गई। डॉक्टर राजेंद्र सिंह ठाकुर, डॉ. नीरज कुमार सहित टीम के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। उपमंडलीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराधा शर्मा ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग दिया।

### लडभड़ोल बाजार में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** विद्युत उपमंडल लडभड़ोल के अंतर्गत आने वाले 11 केवी खद्दर फीडर में 25 सितंबर को आवश्यक रखरखाव और मुरम्मत कार्य किए जाएंगे। इस दौरान सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी।सहायक अभियंता बृज मोहन ने बताया कि इस अवधि में एचटी व एलटी लाइन का रखरखाव, मरम्मत और लाइन से सटे पेड़ों की टहनियों की कटाई-छंटाई का कार्य किया जाएगा। इस वजह से लडभड़ोल बाजार, बलोट, बल्हरा, बीरु जमथला, मठा ठाना, गाग्गल, पंजालग, द्रादु, कथौन, कनारग फगला, बनोह, रास, खुड्डी, निहारी बल्ह, गाहरा, सडोह, कोलंग, अंतोला, गविंयारा, खद्दर, सलाहन, मंगलोल, झूल्यान, रक्तल, डली बहेगर, बंगोटा, खौर, तुल्लाह, चुल्लाह पावर हाउस और कॉलोनी सहित सभी क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

### पीएनबी मेटलाइफ का ब्रांच ऑफिस खुला

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट शहर में पोस्ट ऑफिस के नजदीक पीएनबी मेटलाइफ का ब्रांच ऑफिस का शुभारंभ कंपनी के कंट्री हैड दिलीप जोसेफ द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने वहां पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकाघाट में इस ब्रांच के खुलने से जहां लोगों को पहले मंडी या हमीरपुर जाना पड़ता था। अब लोगों को यह सुविधा उनके घर द्वार पर ही मिलेगी। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे पीएनबी मेटलाइफ से जुड़ें और अपनी भविष्य को सुरक्षित बनाएं। उन्होंने कहा कि लोगों के लिए पीएनबी मेटलाइफ द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। इसे जनता भरपूर लाभ उठाएं इस अवसर पर जोनल हैड पंकज कुमार, रिजनल हैड राकेश वत्याल,क्लस्टर मैनेजर जितेंद्र ब्रांच मैनेजर अश्वनी कुमार व सिनियर सेल्स मैनेजर संदीप कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### बरोट में स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था बदहाल

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** आजादी के आठ दशक बाद भी छोटाभंगाल और चौहार घाटी के लोग मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहे हैं। क्षेत्र के अधिकतर गॉंव आज भी सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी जरूरी सेवाओं से वंचित हैं। जहां सड़कें हैं, वहां भी हालात दयनीय हैं। घाटियों में कई प्राथमिक और जमा दो विद्यालय तो हैं, लेकिन शिक्षकों की भारी कमी बनी हुई है। स्वास्थ्य संस्थानों में भी वर्षों से पद खाली पड़े हैं। बरोट स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में न तो एक्स-रे मशीन है, न अल्ट्रासाउंड सुविधा। चार में से तीन डॉक्टरों के तबादले हो चुके हैं, केवल एक दंत चिकित्सक तैनात है। हाल ही में स्थानीय मांग पर एक और डॉक्टर की नियुक्ति की गई है। इसी तरह मुल्थान महाविद्यालय में प्राचार्य व प्रवक्ता के पद लंबे समय से खाली हैं। बच्चों की घटती संख्या से कॉलेज बंद होने के कगार पर आ गया था। स्थानीय प्रयासों से एक सौ से अधिक नए प्रवेश दिलवाए गए हैं, जिससे कॉलेज को अस्थायी राहत मिली है। समाजसेवी मीर चंद ठाकुर ने सरकार से अपील की है कि घाटियों के साथ सौतेला व्यवहार बंद कर इन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे की पूरी सुविधाएं दी जाएं।

### आयुर्वेद दिवस पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो।** आयुष विभाग ने जिला आयुर्वेदिक अस्पताल मंडी परिसर में आयुर्वेद दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। उपनिदेशक डॉ. राजन सिंह ने आयुर्वेद की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि आयुर्वेद संतुलित और प्राकृतिक जीवनशैली का मार्ग है। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सकों ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और रोगानुसार निःशुल्क औषधियां वितरित की गईं। आहार, दिनचर्या और योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की जानकारी दी गई। जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

### महामाई की कथा व भजन-कीर्तन का हुआ आयोजन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** साईं मार्केट जोगिंद्रनगर में शुरू हुए मां दुर्गा पूजा एवं विसर्जन कार्यक्रम की पहली संध्या की शुरुआत महामाई की आरती से की गई। मां दुर्गा पूजा के दूसरे दिन मंगलवार को दोपहर बाद पंडाल में पंडित सतीश शर्मा द्वारा महामाई की कथा को विस्तार से सुनाया गया। पहले संध्या में लोक गायक राकेश रावत और अनिल सुकोश ने महामाई का गुणगान किया। पहली संध्या में बाल पाठशाला के प्रवक्ता विनोद ठाकुर मुख्यातिथि रहे। रावत ने ना रोल माइए मैं रूल गई आ,कालेया कागा मीठा मीठा बोल आज मेरी मईया ने ओना है, चल चला चल भक्ता चल चला चल से मां भगवती का गुणगान किया। पहली संध्या में कूपन के माध्यम से 5 लक्की ड्रा भी निकाले गए।

# शिवालिक हाइड्रो प्रोजेक्ट की डंपिंग से उरई गांव की फसलें हुई बर्बाद

## 30 बीघा उपजाऊ भूमि पर फैला मलबा, प्रभावित ग्रामीणों ने डीसी चंबा को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, चंबा**



राजमाह-मक्की की फसल नष्ट, अवैध डंपिंग पर रोक और सर्वे की मांग व हाईकोर्ट जाने की चेतावनी

भरमौर उपमंडल की ग्राम पंचायत जगत के गांव उरई के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल आज उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल से मिला और शिवालिक हाइड्रो प्रोजेक्ट झरा की डंपिंग साइट से हो रहे नुकसान को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता एचआरटीसी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर सुरजीत भरमौरी ने की।

ग्रामीणों ने बताया कि प्रोजेक्ट की डंपिंग गतिविधियों से बहकर आया मलबा गांव की लगभग 25 से 30 परिवारों की करीब 30 बीघा उपजाऊ भूमि पर फैल गया है। इस कारण मक्की और राजमाह की पूरी फसल नष्ट हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने पहले ही कंपनी को लिखित और मौखिक रूप से चेतावनी दी थी, लेकिन इसके बावजूद कंपनी ने डंपिंग कार्य जारी रखा।

प्रभावितों ने मांग रखी कि राजस्व विभाग द्वारा तुरंत सर्वे करवाकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही कंपनी की अवैध डंपिंग गतिविधियों पर रोक लगाई जाए और भविष्य में पर्यावरण व सुरक्षा को सुनिश्चित किए बिना कोई कार्य न हो। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे इस गंभीर मामले को लेकर उच्च न्यायालय की शरण लेंगे।

प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि आने वाली भरमौर पीएसी बैठक में यह मामला राजस्व एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा, ताकि प्रभावित परिवारों को पूर्ण मुआवजा मिल सके। उपायुक्त ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन इस विषय पर गंभीरता से कार्रवाई करेगा और नियमानुसार राहत सुनिश्चित की जाएगी।

# सड़क क्षतिग्रस्त करने के लिए कुरेड जल विद्युत परियोजना को भेजा नोटिस

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

- भारी मशीन चलाने से क्षतिग्रस्त हुई सड़क
- तीन दिन में नुकसान की भरपाई का आदेश

**भरमौर।** हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग उप मंडल होली ने होली के की नाला में स्थित कुरेड जल विद्युत परियोजना के प्रबंधक को सड़क क्षतिग्रस्त करने के लिए नोटिस भेजा है।

नोटिस में कहा गया है कि विद्युत परियोजना के प्रबंधक द्वारा होली से कुरेड़ के बीच में रात्रि में बड़ी चैन वाली मशीन को क्रालिंग करके चलाया गया है। जिसके चलते के एस पी ए की पक्की और तारकोल बिछाई वाली सड़क को क्षतिग्रस्त किया गया है। जबकि कायदे से एल एन टी को सार्वजनिक संपत्ति को बिना नुकसान पहुंचाए ट्राला के जरिए ले जाया जाना था।

लिहाजा परियोजना द्वारा सरकारी नियमों को दरकिनार कर सड़क की ऊपरी परत को क्षतिग्रस्त किया गया है। जबकि यह अधिनियम हिमाचल प्रदेश सड़क अवसंरचना 2003 की धारा 3 की उप धारा 4 और 9 अंतर्गत निषिद्ध है। लोक निर्माण विभाग ने अधिनियम की धारा 5 के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा 6(1) तहत नोटिस जारी किया है और उसमें तुरंत इसे रोकने को कहा गया है। यही नहीं विभाग ने नोटिस मिलने तीन दिन के भीतर हुए नुकसान की भरपाई करने का आदेश भी कंपनी प्रबंधन को दिया है। अगर ऐसा नहीं किया गया तो विभाग कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नियम अनुसार उचित कार्रवाई करेगा।

इसकी पुष्टि कनिष्ठ अभियंता होली हेमराज ने कहा है कि इस बारे में कंपनी प्रबंधन को नोटिस दिया गया है और विभाग के उच्च अधिकारियों को भी अवगत करवा दिया गया है।

# विजय भवानी को मिला पहाड़ी कल्चर प्रमोटर-2025 अवार्ड



विजय भवानी को पहाड़ी कल्चर प्रमोटर-2025 अवार्ड से सम्मानित करते मंत्री धर्माणी।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा** के युवा सांस्कृतिक प्रतिभा के धनी विजय भवानी को हिम टीवी एंटरटेनमेंट द्वारा आयोजित हिम सिने एंड अचीवर्स अवार्ड 2025 में पहाड़ी कल्चर प्रमोटर-2025 के सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें 20 सितंबर को शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थिएटर में मंत्री राजेश धर्माणी व डॉ. नरेश कौंडल द्वारा प्रदान किया गया।

शैडो टू शाइन डांस एकेडमी के संस्थापक विजय भवानी ने चंबा का पहला डांस स्टूडियो स्थापित करने से लेकर वॉइस ऑफ चंबा, डांस चंबा डांस जैसे रियलिटी शो शुरू किए। वे हिमालयनस गॉट टैलेंट के जिला संयोजक और डांस अटैक चार का वार सहित कई बड़े इवेंट्स के आयोजक रहे हैं।

वे युवाओं के बीच नशा मुक्ति अभियान में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। पुरस्कार प्राप्ति के बाद उन्होंने कहा कि यह सम्मान पूरी पहाड़ी संस्कृति और उन कलाकारों का है, जो अपने जुनून से हमारी धरोहर को जीवित रखे हुए हैं।

## रावी नदी के नुकसान पर एनएचपीसी लगाए सुरक्षा दीवार: ललित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला परिषद की बैठक के दौरान एपीएमसी चेयरमैन ललित ठाकुर ने एक अहम मुद्दा उठाते हुए कहा कि बरसात के मौसम में जब भी एनएचपीसी अपने गेट खोलती है, तब रावी नदी में पानी का तेज बहाव आ जाता है। इस कारण स्थानीय लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि कई बार बाढ़ जैसी स्थिति बनने से खेत और मकानों की नींव तक प्रभावित होती है, जिससे ग्रामीणों की आजीविका पर संकट खड़ा हो जाता है। उन्होंने एनएचपीसी के उप प्रबंधक के समक्ष मांग रखी कि कंपनी को सामाजिक ज़िम्मेदारी निभाते हुए प्रभावित क्षेत्रों में मज़बूत आरसीसी दीवार (सुरक्षात्मक दीवार) का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह दीवार पानी के तेज बहाव से सुरक्षा कवच का काम करेगी और स्थानीय लोगों की संपत्ति को होने वाले नुकसान से बचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं के साथ-साथ लोगों की सुरक्षा व हितों का ध्यान रखना भी आवश्यक है।

# आपातकालीन मनरेगा शैल्फ की मंजूरी

## जिप चंबा की बैठक नीलम की अध्यक्षता में संपन्न

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**जिला** परिषद चंबा की त्रैमासिक बैठक मंगलवार को बचत भवन चंबा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्षा डॉ. नीलम कुमारी ने की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बैठक के उपरांत पूर्व में पारित सभी प्रस्ताव खारिज माने जाएंगे। बैठक में विद्यालयों में छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिलाने, क्षेत्रीय अस्पताल में आपातकालीन मरीजों विशेषकर पांच माह से कम आयु के शिशुओं का त्वरित उपचार सुनिश्चित करने तथा दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को तत्काल चिकित्सीय सहायता उपलब्ध करवाने पर विशेष चर्चा हुई।

बैठक में वर्ष 2025 का 40.47 करोड़ 49 लाख 1 हजार 394 रुपए का आपातकालीन मनरेगा शैल्फ जिला विकास अधिकारी कार्यालय चंबा से प्राप्त होने पर सदन ने इसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ने विभागीय अधिकारियों को आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावित लोगों को समय पर राहत सामग्री व आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश भी दिए। यह बैठक जिला परिषद चम्बा की अंतिम त्रैमासिक बैठक रही, जिसमें विकास कार्यों और जनहित से जुड़े अहम मुद्दों पर ठोस निर्णय लिए गए।

इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी चंबा तिलक राज राणा, सचिव जिला परिषद एवं जिला पंचायत अधिकारी चंबा ललित ठाकुर, पवन कुमार, मनोज कुमार, अनिल कुमार, दुर्गी देवी, सीमा नरयाल, अंजु देवी, जयन्ती देवी, वनिका, अर्चना, रेखा, मन्जु शर्मा, पंकज कुमार, अभिमन्यु जरयाल तथा गुर देव अध्यक्ष पंचायत समिति चंबा सहित जिला परिषद सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में लोक निर्माण, जलशक्ति, वन, राजस्व, पर्यटन, उद्यान, स्वास्थ्य, पशुपालन, विद्युत, एनएचपीसी धरवाला, आयुर्वेद और शिक्षा विभागों के अधिकारी भी शामिल हुए। इनमें उपनिदेशक उद्यान प्रमोद शाह, बीडीओ चंबा महेश चंद, बीडीओ भटियात अनिल गुराडा, जिला विकास अधिकारी टीके चिनौरिया, बीडीओ तीसा अरविन्द कुमार, उपनिदेशक डाइट भाग सिंह सहित कई मौजूद रहे।

## कार्डियक सेंटर की कमी बनी जानलेवा: शिशु

**अनंत ज्ञान, चंबा।** करीब 6 लाख की आबादी वाला चंबा जिला आज भी आधुनिक कार्डियक केयर सेंटर जैसी जरूरी स्वास्थ्य सुविधा से वंचित है। समाजसेवी शिशु गुप्ता ने इसे जनता की जान से जुड़ा गंभीर सवाल बताते हुए प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं।



उन्होंने कहा कि हृदय रोगियों के लिए सबसे अहम मानी जाने वाली 'गोल्डन ऑवर' चंबा में केवल एक शब्द भर रह गई है। इलाज के लिए मरीजों को चार से पांच घंटे दूर ले जाना पड़ता है, जिससे कई बार जान बचाना संभव नहीं हो पाता। शिशु गुप्ता ने सरकार से तीन प्रमुख मांगें की हैं। इनमें चंबा मुख्यालय में आधुनिक कार्डियक यूनिट की स्थापना, हर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आपातकालीन किट और प्रशिक्षित डॉक्टर, और पहाड़ी क्षेत्रों के लिए एयर एंबुलेंस सेवा की शुरुआत। जनता अब केवल वादों से नहीं, कार्यान्वयन से उम्मीद कर रही है।

## धर्मपुर-सोन खड्ड में तबाही का कारण बनी अवैध मिट्टी डंपिंग

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** हाल ही में आई बाढ़ से धर्मपुर-सोन खड्ड क्षेत्र को भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि इसका कारण प्राकृतिक नहीं, बल्कि मानवीय लापरवाही है। सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदारों द्वारा निकाली गई मिट्टी को नियमों के विरुद्ध नालों और नदी किनारे फेंक दिया गया। इससे जलधाराएं अवरुद्ध हो गईं और बारिश के दौरान पानी गांवों और खेतों में घुस गया। धर्मपुर के पास हाजरी क्रशर के निकट भी सोनखड्ड में मिट्टी फेंकी जा रही है, जिससे जलस्तर बढ़ा और तबाही मची। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को समय रहते शिकायतें दी गईं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब फसलें नष्ट हो गई हैं और घरों में पानी भर गया है। गांववासियों राम सिंह, विधि चंद, विकास कुमार, लता देवी व बबली देवी ने सरकार से दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही नालों की सफाई और बेहतर ड्रेनेज व्यवस्था की जरूरत बताई है।

- ग्रामीणों ने ठेकेदारों व प्रशासन की लापरवाही को ठहराया जिम्मेदार

# रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर निर्धन परिवारों की बेटियों की शादी में करेगा सहयोग

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

उपमंडल जोगिंद्रनगर में अब निर्धन परिवारों की बेटियों की शादी भी सम्मानजनक तरीके से हो सकेगी। इस नेक काम का जिम्मा उठाया है रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर ने, जिसने एक और सराहनीय पहल की शुरुआत की है। क्लब ने फैसला किया है कि वे गरीब परिवारों की बेटियों की शादी में न केवल कपड़े और राशन की व्यवस्था करेंगे, बल्कि शादी समारोह में इस्तेमाल होने वाली अन्य आवश्यक चीजें भी उपलब्ध करवाएंगे। रोटरी क्लब के 40 से अधिक सदस्यों ने एकमत से यह प्रस्ताव पारित किया है और सहायता के लिए अपने हाथ आगे बढ़ाए हैं। सामूहिक विवाह और व्यक्तिगत सहायतारोटरी क्लब सामूहिक विवाह को भी बढ़ावा देगा, ताकि सरकार से मिलने वाली मदद के बाद भी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर बोझ कम हो सके। इसके अलावा, यदि कोई परिवार अपनी बेटी की शादी घर पर करना चाहता है, तो क्लब उसकी इच्छा का सम्मान करते हुए यथासंभव सभी जरूरी व्यवस्थाएं करेगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी बेटी की शादी में कोई कमी न रहे और गरीब परिवार भी अपनी बेटी की शादी बिना किसी परेशानी के कर सकें। रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर के जिला पर्यावरण संरक्षक और पूर्व अध्यक्ष अजय ठाकुर ने बताया कि निर्धन परिवारों की बेटियों की शादी को सम्मानजनक बनाने के लिए क्लब क्षेत्र की अन्य संस्थाओं का भी सहयोग लेगा। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले कुछ वर्षों में, रोटरी क्लब ने लगभग 10 बेटियों की शादी में आवश्यक सहायता प्रदान की है।

### आपदा में भी मददगार

यह पहली बार नहीं है जब रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर ने समाज सेवा का हाथ बढ़ाया है। मानसून के दौरान, जब जोगिंद्रनगर के कुंडूनी और मंडी जिले के थुनाग में त्रासदी आई थी, तब भी यह क्लब प्रभावित परिवारों के लिए एक बड़ा मददगार बनकर सामने आया था। उस समय, तीन गाड़ियों में राशन, कपड़े, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए रोजमर्रा की वस्तुएं और बच्चों के लिए राहत सामग्री पहुंचाई गई थी। एसडीएम मनीष चौधरी ने रोटरी क्लब के प्रयासों की सराहना की है।

# धर्मपुर एचआरटीसी डिपो को मिला आरएम

## कई महीनों से खाली पड़ा था पद, अनिल कुमार शर्मा ने संभाला कार्यभार

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

धर्मपुर एचआरटीसी डिपो के आरएम पर अनिल कुमार शर्मा ने कार्यभार संभाल लिया है। हिमाचल पथ परिवहन निगम के धर्मपुर डिपो में बतौर क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यभार संभालने वाले अनिल कुमार शर्मा इससे पूर्व नेरबा में बतौर ट्रैफिक मैनेजर पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि धर्मपुर में बेहतर यातायात सुविधा लोगों को देंगे उनका यह प्रयास रहेगा कि सरकार, एचआरटीसी प्रबंधन व धर्मपुर के लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि वे पथ परिवहन निगम की सेवाओं को यथासंभव सुचारू तौर पर कार्यशील करने की दिशा में अपने प्रयासों को निरंतर आगे बढ़ाएंगे। निगम का धर्मपुर डिपो के सभी ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अपनी बस सेवाएं देने के अलावा प्रदेश के विभिन्न जिलों और अंतरराज्यीय रूटों पर भी अपनी बसों का संचालन करता है।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, चवेलु देवी** उम्र 62 वर्ष पत्नी श्री फौजी राम निवासी गांव घाट, डाकघर कल्हणी, उपतहसील बागाचनोगी, तह. थुनाग, जिला मंडी, (हि.प्र.)। घोषणा करती हूँ कि मेरा सही नाम चवेलु देवी है। लेकिन आधार कार्ड में मेरा नाम गलती से चमारू देवी दर्ज हो गया है। कृपया इसे ठीक करें।

**व अदालत तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर जिला कांगडा हि.प्र.**
मुकदमा न. 121/2025
किस्म मुकद्दमा तकसीम
तारीख पेशी 20.10.2025
**इन्दु शर्मा बनाम उमेश कुमार आदि**
**नोटिस बनामः-** 1. उमेश कुमार जस्सल पुत्र करतार चन्द 2. सुनीता देवी पत्नी रविन्दर सिंह 3. प्रिंस कुमार पुत्र प्रताप सिंह उपनाम प्रताप चन्द 4. विभा देवी पत्नी लछ्मीपाल 5. अनिता शर्मा पत्नी नथू राम 6. पारूल शर्मा पत्नी अनिल शर्मा सभी निवासी जण्डेरा तहसील पालमपुर 7. किरती शर्मा पुत्री रविन्दर सिंह 8. मीनाक्षी शर्मा पुत्री रविन्दर सिंह 9. मनोज पुत्र संतोष निवासी बनूरी तह. पालमपुर जिला कांगडा हि.प्र.।
भूमि खाता नं. 23 मिन खतौनी नं. 48 मिन खसरा न. 771/4 किता 01 रकवा तदादी 00-50-47 है. स्थित महाल जण्डेरा तह. पालमपुर जिला कांगडा हि.प्र. जमाबन्दी वर्ष 2019-20
**अखबारी ईश्तहार**
उपरोक्त मुकद्दमा इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसमें प्रतिवादीगण को समन जारी कर तलब किया गया परन्तु तामिल कुनिन्दा की रिपोर्ट अनुसार बाहर रहते है। प्रार्थीनी कौंसल ने पता देने में असमर्थता व्यक्त कि तथा अनुरोध किया कि अखबारी ईश्तहार जारी कर तलब किया जाए। अतः अखबारी ईश्तहार द्वारा प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी उजर व एतराज हो तो वह दिनांक 20.10.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिरी की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
आज दिनांक 22.09.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर**

**व अदालत तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.**
मुकद्दमा न0 103/25
किस्म मुकद्दमा तकसीम
तारीख पेशी 17.10.2025
**सोनिया दता बनाम नरिन्दर आदि**
**नोटिस बनामः-** 1. नरिन्दर पुत्र ब्रजिन्दर सिंह 2. तृप्ता कुमारी पत्नी विजय कुमार 3. मन मोहिनी पत्नी कैलाश प्रकाश 4. रीचा पत्नी नवनीत चौधरी 5. दीप शिखा पत्नी सिधांत उपाध्याय 6. अनिल कुमार भारद्वाज पुत्र खेम राज 7. प्रवीन कुमारी पत्नी सुभाष चन्द 8. गीता देवी पत्नी सकीनी राम 9. प्रियंका पुत्री मन्जू देवी 10. उर्मिला पुत्री अच्छरू राम 11. संजीव कुमार कपूर पुत्र जगदीश चन्द 12. महेश शर्मा पुत्र हीरा लाल सभी निवासी महाल बाड़ी खास तह. पालमपुर जिला कांगडा हि.प्र.।
भूमि खाता न. 227 खतौनी न. 412 खसरा न. 1248/280 किता 01 रकवा तदादी 03-40-37 है. स्थित महाल बाड़ी खास तह. पालमपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. जमाबन्दी वर्ष 2019-20
**अखबारी ईश्तहार**
उपरोक्त मुकद्दमा इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसमें प्रतिवादीगण को समन जारी कर तलब किया गया परन्तु तामिल कुनिन्दा की रिपोर्ट अनुसार महाल में नहीं रहते है। प्रार्थी के मुख्तयारे खास ने पता देने में असमर्थता व्यक्त कि तथा ब्यान किया कि अखबारी ईश्तहार जारी कर तलब किया जाए। अतः अखबारी ईश्तहार द्वारा प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी उजर व एतराज हो तो वह दिनांक 17.10.2025 का अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिरी की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
आज दिनांक 23.09.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर**

**व अदालत तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर जिला कांगडा हि.प्र.**
मुकदमा न. 110/24
किस्म मुकद्दमा तकसीम
तारीख पेशी 06.10.2025
**ओम प्रकाश बनाम कर्म चन्द आदि**
**नोटिस बनामः-** 1. कर्म चन्द पुत्र रेहला पुत्र लाला 2. तापिया उपनाम रवि कुमार पुत्र रेहला पुत्र लाला 3. सुरेश कुमार पुत्र रेहला पुत्र लाला सभी निवासी महाल गदियाड़ा तह. पालमपुर जिला कांगडा हि.प्र.। भूमि खाता न. 34 खतौनी न0 142 खसरा किता 08 रकवा तदादी 00-14-61 है. स्थित महाल गदियाड़ा तह. पालमपुर जिला कांगडा हि.प्र. जमाबन्दी वर्ष 2018-19
**अखबारी ईश्तहार**
उपरोक्त मुकद्दमा इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसमें प्रतिवादीगण को समन जारी कर तलब किया गया परन्तु तामिल कुनिन्दा की रिपोर्ट अनुसार बाहर रहते है। प्रार्थीनी कौंसल ने पता देने में असमर्थता व्यक्त कि तथा अनुरोध किया कि अखबारी ईश्तहार जारी कर तलब किया जाए। अतः अखबारी ईश्तहार द्वारा प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी उजर व एतराज हो तो वह दिनांक 06.10.2025 का अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिरी की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
आज दिनांक 22.09.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर**

**व अदालत तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.**
मुकद्दमा न. 130/2023
किस्म मुकद्दमा तकसीम
तारीख पेशी 02.12.2025
**नरेन्दर कुमार बनाम मस्त राम आदि**
**नोटिस बनामः-** 1. मस्त राम पुत्र वैरागी 2. खजान सिंह पुत्र सोदा पुत्र मदन 3. नरेश कुमार पुत्र लालू पुत्र किशन 4. हुकम चन्द पुत्र फकीरू पुत्र सोहनू 5. प्रमोध पुत्र जय राम पुत्र जमना दास 6. श्रेष्ठा देवी पत्नी जगदीश कुमार पुत्र बाल कृष्ण सभी निवासी महाल टाण्डा पारला तह. पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।
भूमि खाता न. 262 खतौनी न. 645 खसरा न. 1974 किता 01 रकवा तदादी 00-11-51 है. स्थित महाल टाण्डा पारला तह. पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. जमाबन्दी वर्ष 2012-2013
**अखबारी ईश्तहार**
उपरोक्त मुकद्दमा इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसमें प्रतिवादीगण को समन जारी कर तलब किया गया परन्तु तामिल कुनिन्दा की रिपोर्ट अनुसार महाल में नहीं रहते है। प्रार्थी के मुख्तयारे खास ने पता देने में असमर्थता व्यक्त कि तथा ब्यान किया कि अखबारी ईश्तहार जारी कर तलब किया जाए। अतः अखबारी ईश्तहार द्वारा प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी उजर व एतराज हो तो वह दिनांक 02.12.2025 का अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिरी की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
आज दिनांक 23.09.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर**

**व अदालत तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.**
मुकद्दमा न. 116/25
किस्म मुकद्दमा तकसीम
तारीख पेशी 03.11.2025
**विजय कुमार बनाम हरविन्दर सिंह आदि**
**नोटिस बनामः-** 1. हरविन्दर सिंह पुत्र धनी राम 2. किशोरी लाल पुत्र धनी राम 3. सुरेश पुत्र जोवन परषोतम पुत्र जोवन 4. दीप कुमार पुत्र शुभकरण 5. प्रवीन कुमार पुत्र शुभकरण 6. कुमारी रशमा पुत्री शुभकरण 7. अजुध्या देवी विधवा शुभकरण सभी निवासी महाल द्रोवी मौजा कण्डी तह. पालमपुर जिला कांगडा हि.प्र.।
भूमि खाता न. 2 खतौनी न. 5 ता. 8 खसरा किता 27 रकवा तदादी 01-38-10 है. स्थित महाल द्रोवी तह. पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. जमाबन्दी वर्ष 2018-2019
**अखबारी ईश्तहार**
उपरोक्त मुकद्दमा इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसमें प्रतिवादीगण को समन जारी कर तलब किया गया परन्तु तामिल कुनिन्दा की रिपोर्ट अनुसार महाल में नहीं रहते है। प्रार्थी के मुख्तयारे खास ने पता देने में असमर्थता व्यक्त कि तथा ब्यान किया कि अखबारी ईश्तहार जारी कर तलब किया जाए। अतः अखबारी ईश्तहार द्वारा प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी उजर व एतराज हो तो वह दिनांक 03.11.2025 का अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिरी की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
आज दिनांक 23.09.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर**

**तंज** नाचन के गोहर में जिला स्तरीय ख्योड़ मेले के समापन अवसर पर नेता प्रतिपक्ष ने कसा तंज

# मुख्यमंत्री आपदा में खेल रहे लुक्का-छिपी: जयराम

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गोहर।** पूरा हिमाचल प्रदेश भयंकर आपदा के दौर से गुजर रहा है। ये समय लोगों के दुखदर्द सुनने और व्यवस्था सुधारने का है, लेकिन सारे काम छोड़ जिमेवारी से भागते हुए मुख्यमंत्री आपदा में लुक्का-छिपी कर रहे हैं। एक तरफ जहां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल के कांगड़ा आकर राज्य में आई आपदा का जायजा लिया और प्रभावितों से मिलकर उनका दर्द सुना, वहीं दूसरी और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का ये असंवेदनशील चेहरा भी जनता ने देखा जिनके लिए परिवार पहले है और जनता बाद में।

नाचन के गोहर में जिला स्तरीय ख्योड़ मेले के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि पधारे पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने जनसभा में तंज कसते हुए कहा कि ये सरकार ही अस्थाई है। काम करने के बजाय रोकने पर जोर दिया जा रहा है। कुछ देने के बजाय सबकुछ छिनने पर उतारू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को त्यौहारी उत्सव में जीएसटी का सरलीकरण कर 12 और 28 प्रतिशत का स्लैब समाप्त कर केवल 5 और 12 प्रतिशत ही रखकर तोहफ़ा दिया है तो वहीं राज्य सरकार जनता पर और ज्यादा टैक्स लगाकर परेशान कर रही है।



### मेले को सफल बनाने के लिए दी शुभकामनाएं

**पूर्व** मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हमारे मेले केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और लोक जीवन की पहचान हैं। मेरी देवी देवताओं से प्रार्थना है कि वो हमें इस त्रासदी से बाहर निकलने की शक्ति दे। इस भव्य ख्योड़ मेले के आयोजन को सफल बनाने हेतु मेला कमेटी और सभी सहयोगियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देता हूं। ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण एवं स्थानीय विकास को नई दिशा देने में अहम भूमिका निभाते हैं और जन-भागीदारी तथा युवाओं की सक्रिय सहभागिता से यह और भी प्रभावी बनते हैं।

# अंतिम सांस्कृतिक संध्या में नहीं चला ममता भारद्वाज का जादू

**अनंत ज्ञान, गोहर**

सात दिवसीय जिला स्तरीय नलवाड़ मेला ख्योड़ की अंतिम सांस्कृतिक संध्या ममता भारद्वाज दर्शकों को बांधने में सफल नहीं रही। कभी फिल्मी, कभी पंजाबी तो कभी पहाड़ी गानों से ममता ने दर्शकों को बांधने की कोशिश की, लेकिन अनेकों दर्शक बीच कार्यक्रम से उठते चले गए।

ममता भारद्वाज ने स्टेज से बार-बार दर्शकों से अपील भी की कि कार्यक्रम छोड़ कर न जाएं, अगर आप जाते हैं तो यह आपकी बेटी का अपमान होगा। हां इतना अवश्य था कि पंडाल के बाहर युवा खूब धमाल मचाते रहे। मेले की अंतिम संध्या में बीडीसी सदस्य हुकम ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि उपस्थिति दर्ज की और मेला कमेटी के अध्यक्ष तरुण शर्मा ने अपनी टीम के समस्त सदस्यों के साथ उनका स्वागत किया। संध्या में बगस्याड के नरेंद्र पहाड़िया व विवेक मौर्या ने अपनी प्रस्तुतियों से खूब समा बांधा। नरेंद्र ने माता शिकारी स्तुति, तारा लगो रे, रूमतीयए, लगा रेडियो जैसे गानों की अनेकों प्रस्तुति पेश की। संध्या कार्यक्रम में एंकरिंग कर रहे कुलदीप गुलेरिया ने दर्शकों की फरमाइश पर पुराने फिल्मी गीतों की प्रस्तुति पेश की। स्थानीय कलाकारों में अमन दीप, राकेश कुमार, डांसर आदित्य, रिया और कृतिका, दुर्गा, शेर सिंह, चंद्रा शर्मा, नगेंदर, लक्षिता, विजय म्यूजिकल ग्रुप सुंदरनगर, घनश्याम म्यूजिकल ग्रुप नेर चौक, कथक डांसर दिनेश गुप्ता, नवल किशोर विवेक म्यूजिकल ग्रुप कनैड, घनश्याम शर्मा ने एक से बढ़कर प्रस्तुतियां पेश की।

'स्वतंत्र वही हो सकता है, जो अपना काम अपने आप कर लेता है। –विनोबा भावे

## संपादकीय

# न्याय की तलाश

राजधानी शिमला का बहुचर्चित युग हत्याकांड एक ऐसा मामला है जिसने पूरे हिमाचल प्रदेश को झकझोर कर रख दिया था। चार वर्षीय मासूम युग का महज फिरौती के लिए अपहरण करना और बाद में उसे बेरहमी से मौत के घाट उतार देना किसी भी संवेदनशील समाज के लिए असहनीय घटना है। युग की हत्या ने यह साबित कर दिया कि अपराधी जब पैसों की हवस में अंधे हो जाते हैं तो मासूमियत, रिश्ते और इंसानियत उनके लिए कोई मायने नहीं रखते। सेशन कोर्ट ने इस संगीन अपराध में दोषियों को मौत की सजा सुनाई थी। अदालत ने इसे 'रेयर ऑफ रेयरेस्ट' श्रेणी में माना और साफ कहा कि ऐसा अपराध समाज को हिलाकर रख देता है, इसलिए कठोरतम दंड ही न्यायोचित है, लेकिन अब प्रदेश हाईकोर्ट ने इस फैसले को बदलते हुए दोषियों की सजा को उम्रकैद में बदल दिया।

अदालत ने यह तर्क दिया कि इस मामले को 'रेयर ऑफ रेयरेस्ट' की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता और दोषियों को सुधार का अवसर मिलना चाहिए। यहीं से विवाद खड़ा हो गया और युग के माता-पिता ने सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की तैयारी शुरू कर दी। कानून की नजर में 'रेयर ऑफ रेयरेस्ट' वह स्थिति होती है जब अपराध इतना जघन्य और अमानवीय हो कि समाज की अंतरात्मा हिल उठे और कोई अन्य सजा पर्याप्त न मानी जाए। अदालत ने माना कि इस अपराध में नृशंसता तो है, परंतु दोषियों को सुधार का मौका देना भी न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा है। यही कारण है कि फांसी की जगह उम्रकैद का निर्णय लिया गया, लेकिन प्रश्न यह उठता है कि क्या चार साल के बच्चे को पत्थर बांधकर वाटर टैंक में डुबोकर मार देना समाज को झकझोर देने वाला अपराध नहीं है? एक मां-बाप के लिए यह जीवन का सबसे बड़ा दर्द है। उनका मासूम बेटा पैसे की हवस में बेरहमी से छीन लिया गया और अब जब अदालत का फैसला आया तो उसमें भी उन्हें न्याय अधूरा ही लग रहा है। युग के माता-पिता ने अपने बेटे के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए 11 साल तक इंतजार किया, लेकिन इतने लंबे अर्से बाद भी जब अदालत का फैसला उनकी उम्मीदों से मेल न खाए तो उनका असंतुष्ट होना स्वाभाविक है।

अब सुप्रीम कोर्ट ही उनकी अंतिम उम्मीद है। इस मामले ने एक और बड़ा प्रश्न खड़ा किया है कि आखिर न्यायिक प्रक्रिया में इतनी देरी क्यों होती है? सेशन कोर्ट ने चार्जशीट दाखिल होने के बाद मात्र 10 महीने में फैसला सुना दिया था, लेकिन जब मामला हाईकोर्ट गया तो फैसला आने में पूरे छह साल लग गए। यानी न्याय की राह लंबी और कष्टकारी होती चली गई। भारत की न्याय व्यवस्था में यह समस्या नई नहीं है। हजारों मामले अदालतों में पेंडिंग हैं और फैसले आने में सालों लग जाते हैं। इससे न केवल पीड़ित परिवार मानसिक और आर्थिक बोझ झेलते हैं, बल्कि अपराधियों को भी यह संदेश जाता है कि सजा मिलने में देर होगी। अदालतें जब निर्णय सुनाती हैं तो उसके सामने केवल सजा का प्रश्न नहीं होता, बल्कि यह भी विचार करना होता है कि दंड का उद्देश्य क्या है? क्या अपराधी को केवल खत्म करना ही न्याय है या उसे सुधार का मौका देकर समाज का हिस्सा बनाने की कोशिश करना भी जरूरी है? इसी सोच से देशभर में सुधार गृह स्थापित किए गए हैं, जहां कैदियों को अपनी इच्छा के मुताबिक काम करने और बेहतर इंसान बनने का अवसर दिया जाता है। हाईकोर्ट ने इसी सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए दोषियों की सजा को उम्रकैद में बदला।

अदालत का मानना है कि हर इंसान को जीने का अधिकार है और यदि कोई व्यक्ति सुधर सकता है तो उसे वह अवसर मिलना चाहिए। हालांकि कानूनी दृष्टिकोण अलग हो सकता है, लेकिन समाज की संवेदनशीलता इस मामले में स्पष्ट है। हर आम नागरिक यही कहता है कि इतना संगीन अपराध करने वालों को फांसी मिलनी चाहिए। यही वजह है कि उस समय पूरे प्रदेश में युग के लिए न्याय की मांग उठी थी। जगह-जगह प्रदर्शन हुए, कैंडल लाइट जलूस निकाले गए और लोगों ने दोषियों के लिए कठोरतम सजा की मांग की। कानून का तराजू सभी के लिए बराबर है। अदालतें भावनाओं के बजाय तथ्यों और सबूतों के आधार पर निर्णय लेती हैं। कई बार यह फैसले परिजनों और समाज की उम्मीदों से मेल नहीं खाते, लेकिन फिर भी कानून का सम्मान करना जरूरी होता है, क्योंकि अगर अदालतें न हों तो समाज में अराजकता फैल जाएगी और लोग कानून हाथ में लेने लगेंगे।

अब जब हाईकोर्ट ने उम्रकैद का फैसला सुनाया है तो युग के माता-पिता सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं। यह उनका अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट में यह मामला जाएगा तो संभव है कि इसमें एक-दो साल और लगें। यानी न्याय की यह लड़ाई और लंबी हो सकती है। सवाल यह भी है कि क्या इस लंबे संघर्ष से उन्हें मानसिक संतुष्टि मिलेगी या नहीं? कई बार परिजन अपनी तसल्ली के लिए लड़ाई लंबी खींचते हैं, तो कई बार क्षमा कर मामले को खत्म भी कर देते हैं। युग के माता-पिता किस राह को चुनेंगे, यह आने वाला समय बताएगा। भारत में लंबी न्यायिक प्रक्रिया और फैसलों में देरी भी एक गंभीर समस्या है, जिस पर ध्यान देना बेहद जरूरी है, क्योंकि न्याय तभी सार्थक है जब वह समय पर मिले। उम्मीद की जानी चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले में अंतिम निर्णय ऐसा दे जो न केवल युग के परिजनों को संतुष्टि दे, बल्कि समाज में भी यह संदेश जाए कि कानून का शिकंजा अपराधियों पर कसकर गिरता है और मासूमों के साथ होने वाले अत्याचार कभी बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## प्रसिद्ध भारतीय महिला क्रांतिकारी



भीकाजी रुस्तम कामा
जन्म : 24 सितंबर, 1861
मृत्यु : 13 अगस्त, 1936

**भीकाजी** रुस्तम कामा अथवा 'मैडम कामा' का नाम क्रांतिकारी आंदोलन में विशेष उल्लेखनीय है, जिन्होंने विदेश में रहकर भी भारतीय क्रांतिकारियों की भरपूर मदद की थी। उनके ओजस्वी लेख और भाषण क्रांतिकारियों के लिए अत्यधिक प्रेरणा स्रोत बने। भीकाजी भारतीय मूल की फ्रांसीसी नागरिक थीं, जिन्होंने लंदन, जर्मनी तथा अमेरिका का भ्रमण कर भारत की स्वतंत्रता के पक्ष में माहौल बनाया। वे जर्मनी के स्टटगार्ट नगर में 22 अगस्त 1907 में हुई सातवीं अंतरराष्ट्रीय कांग्रेस में तिरंगा फहराने के लिए सुविख्यात हैं। मैडम कामा का जन्म एक पारसी परिवार में हुआ था। मैडम कामा के पिता प्रसिद्ध व्यापारी थे। मैडम कामा ने अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्राप्त की। अंग्रेजी भाषा पर उनका प्रभुत्व था। श्री रुस्तम केआर कामा के साथ उनका विवाह हुआ। वे दोनों अधिवक्ता होने के साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता भी थे। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान उन्हें काफी कष्ट झेलने पड़े। भारत में उनकी संपत्ति जब्त कर ली गई। उन्हें एक देश से दूसरे देश में लगातार भागना पड़ा। वृद्धावस्था में वे भारत लौटी तथा 13 अगस्त, 1936 को बंबई में गुमनामी की हालत में उनका देहांत हो गया। ■



कविता

## मां-एक छांव

स्वास्तिका, हिम अकादमी, हमीरपुर

*धूप में एक छांव सा मुखड़ा, भूखे की रोटी का टुकड़ा।*

*थके हुए मन का सहारा, मां का आंचल कितना प्यारा।*

*सपनों को हरदम पंख लगाती, दुख में मां मरहम बन जाती।*

*बिन मां सब सूना सा लगता, उसके संग ही जीवन सजता।*

अनंत ज्ञान

*मां के बराबर कोई न रिश्ता, घर हो मां तो सब कुछ बसता।*

*हर रिश्ते से बड़ा है नाता, मां से बढ़कर कुछ न भाता।*

*रब से बढ़कर मां से डरो, मां की सेवा और रक्षा करो।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# सेवा, सहयोग और राष्ट्रप्रेम की पाठशाला राष्ट्रीय सेवा योजना






रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी देवी (हमीरपुर)

राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना 24 सितंबर 1969 को महात्मा गांधी शताब्दी वर्ष में हुई थी। तभी से हर वर्ष यह दिन राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास स्वयंसेवी सामुदायिक सेवा के माध्यम से करना है। गांधी जी का यह विचार कि 'जीवन का सबसे बड़ा आदर्श है दूसरों की सेवा' एनएसएस का मार्गदर्शक सिद्धांत बना। तभी से इस योजना ने करोड़ों युवाओं को समाज सेवा और राष्ट्रनिर्माण के कार्यों से जोड़ा है। इस स्थापना दिवस पर हमें यह स्मरण करना आवश्यक है कि यह संगठन केवल एक औपचारिक गतिविधि भर नहीं है, बल्कि युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है।

जब किसी देश की युवा शक्ति सही दिशा में प्रयुक्त होती है तो वह राष्ट्र को प्रगति और समृद्धि की ओर अग्रसर कर देती है। एनएसएस की नींव इसी विचार पर रखी गई थी कि विद्यालय और महाविद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ समाज के वास्तविक जीवन से जुड़कर सेवा, सहयोग, अनुशासन और जिम्मेदारी जैसे मूल्यों को आत्मसात करें। आज की स्कूली शिक्षा में केवल परीक्षा और अंकों का महत्व नहीं रह गया है, बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व, व्यवहार, नेतृत्व क्षमता और चरित्र निर्माण को समान महत्व दिया जाने लगा है। इस दृष्टि से इसकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। जब विद्यार्थी स्वेच्छा से सेवा की भावना लेकर एनएसएस के सदस्य बनते हैं तो उनके भीतर टीम भावना का विकास होता है। किसी शिविर, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण या रक्तदान जैसे कार्यक्रमों में भाग लेना केवल सामाजिक कार्य नहीं है, बल्कि यह अनुभव बच्चों को सिखाता है कि मिलजुलकर कार्य करने से ही बड़े लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। यह सहयोग आपसी समझ और एक-दूसरे के प्रति सम्मान का भाव जगाता है जो कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता के लिए आवश्यक है। विशेष शिविरों का आयोजन एनएसएस की आत्मा है।

इन शिविरों में बच्चे गांवों और कस्बों में जाकर स्थानीय लोगों के साथ रहकर उनकी समस्याओं को समझते हैं। स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्ति जैसे विषयों पर जागरूकता अभियान चलाकर वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करते हैं। जब विद्यार्थी स्वयं उन गतिविधियों का हिस्सा बनते हैं तो उनमें नेतृत्व कौशल और आत्मविश्वास का निर्माण होता है। यह प्रत्यक्ष अनुभव पुस्तकीय ज्ञान से कहीं अधिक प्रभावशाली होता है। स्वामी विवेकानंद जी के आदर्श एनएसएस की आत्मा से गहराई से जुड़े हुए हैं। उन्होंने सदैव युवाओं को सेवा, त्याग और राष्ट्रभक्ति की शिक्षा दी। उनका यह कथन कि 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' प्रत्येक स्वयंसेवक के लिए प्रेरणा स्रोत है। विवेकानंद जी का यह भी मानना था कि शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी जुटाना नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण होना चाहिए।

अनंत ज्ञान

जब एनएसएस के स्वयंसेवक समाज की सेवा करते हैं वंचित वर्ग की मदद करते हैं और नैतिक मूल्यों का पालन करते हैं तो वे वास्तव में विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलने का प्रयास कर रहे होते हैं। आज के समय में विद्यालयी शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन तक सीमित नहीं रह सकती। यदि हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे अच्छे नागरिक बनें तो उन्हें राष्ट्रप्रेम, सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय संवेदनाओं से परिचित कराना होगा। एनएसएस इसी दिशा में काम करता है। इसके माध्यम से विद्यार्थी समझते हैं कि समाज के प्रति उनका कर्तव्य क्या है और वे देश के विकास में किस प्रकार योगदान कर सकते हैं। यह उन्हें एक संवेदनशील, जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनाता है। एनएसएस का एक और महत्वपूर्ण पहलू है नशे और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष।

आज का युवा वर्ग नशे की समस्या से प्रभावित हो रहा है जिससे उनका भविष्य अंधकारमय बन सकता है। जब स्वयंसेवक गांवों और विद्यालयों में नशा मुक्ति अभियान चलाते हैं, नुक्कड़ नाटक, रैलियां और गोष्ठियां करते हैं तो वे न केवल लोगों को जागरूक करते हैं बल्कि स्वयं भी इन बुरी आदतों से दूर रहते हैं। इसी तरह दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या, जातिवाद और भेदभाव जैसी कुरीतियों के खिलाफ एनएसएस ने हमेशा आवाज उठाई है। यह संगठन बच्चों में यह विश्वास जगाता है कि समाज तभी प्रगति कर सकता है जब उसमें समता, सहयोग और भाईचारा हो। स्वयंसेवक शब्द अपने आप में बहुत कुछ कह देता है। इसका अर्थ है स्वेच्छा से सेवा करना एवं बिना किसी स्वार्थ के समाज को कुछ लौटाना। जब कोई छात्र एनएसएस का हिस्सा बनता है तो उसके भीतर यह भावना प्रबल हो जाती है कि 'मैं केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज और देश के लिए भी जी रहा हूं।' यही भावना बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक बनती है। वे केवल अच्छे विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि अच्छे इंसान और अच्छे नागरिक भी बनते हैं। विद्यालयों में पढ़ाई जाने वाली पुस्तकें विद्यार्थियों को ज्ञान देती हैं, लेकिन सेवा के कार्य उन्हें संवेदनशील, अनुशासित और जिम्मेदार बनाते हैं।


जब विद्यार्थी गांवों की समस्याएं देखते हैं उन्हें हल करने का प्रयास करते हैं तो उनके भीतर कर्तव्यबोध और सहानुभूति की भावना गहरी हो जाती है। यही गुण आगे चलकर उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में उपयोगी बनाते हैं। एनएसएस केवल टीम भावना और नेतृत्व ही नहीं, बल्कि अनुशासन और समय प्रबंधन की शिक्षा भी देता है। किसी भी कार्यक्रम की योजना बनाना, उसका क्रियान्वयन करना और फिर उसका मूल्यांकन करना ये सभी कदम विद्यार्थियों को संगठन और जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाते हैं। यही कारण है कि एनएसएस के स्वयंसेवक आगे चलकर समाज में नेतृत्व की भूमिकाएं निभाने में सक्षम होते हैं। आज जब शिक्षा प्रणाली में व्यक्तित्व निर्माण और जीवन कौशल पर बल दिया जा रहा है तब एनएसएस का महत्व और भी बढ़ जाता है।

यह विद्यार्थियों को सिखाता है कि ज्ञान का वास्तविक उद्देश्य समाज की भलाई है। राष्ट्रप्रेम, सेवा, सहयोग और नैतिकता जैसे मूल्य किसी भी पाठ्यपुस्तक में नहीं मिलते, बल्कि इन्हें केवल अनुभव और अभ्यास से सीखा जा सकता है। इस प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक आंदोलन है जो नई पीढ़ी को सेवा, अनुशासन और समर्पण के रास्ते पर ले जाता है। स्थापना दिवस पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम विवेकानंद जी और महात्मा गांधी जी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर इस संगठन को और सशक्त बनाएंगे और इसे बच्चों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बनाएंगे। एक-एक स्वयंसेवक की सोच और कर्म समाज में बड़े परिवर्तन ला सकते हैं। यदि विद्यालय स्तर पर एनएसएस को गंभीरता से अपनाया जाए, तो निश्चित ही हमारी शिक्षा प्रणाली केवल अच्छे विद्यार्थियों को ही नहीं, बल्कि सच्चे देशभक्त और जिम्मेदार नागरिकों को भी गढ़ने में सक्षम होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# पहाड़ी भूमि की संरचना और संवेदना समझने की जरूरत




योगिंद्र पाल वालिया
डडौर, बल्ह (मंडी)

पहाड़ निर्जीव नहीं, बल्कि संवेदनशील जीव है। हाल ही में घटित घटनाएं प्रकृति की तरफ से एक संकेत है। समझने की कोशिश करनी होगी। जान माल का नुकसान जब दिखाई दिया, तो प्रत्येक हिमाचली चिंतित हो जाता था। नुकसान प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह का हुआ है।

प्रत्यक्ष तो दिखाई दिया, परंतु अप्रत्यक्ष आंका नहीं जाता, क्योंकि अप्रत्यक्ष नुकसान अर्थव्यवस्था का रुक जाना होता है। धरती अपार धन संपदा, फल, अनाज सहित अन्य जरूरत की वस्तुएं जनमानस को उपलब्ध करवाती है, जिससे जीवन खुशहाल होता है। सर्दियों में बर्फ जमकर ग्लेशियरों का रूप लेती है और गर्मियों में गलेशियरों की बर्फ पिघल कर नदियों से बहता हुआ, पानी के रूप में जनमानस को उपलब्ध होता हैं। पहाड़ियों में जमा पानी धीरे-धीरे रिसते हुए बावड़ियों, नालुओं के माध्यम से जनमानस की सेवा करता है।

कुदरत का सुंदर नजारा इन्हीं पहाड़ों में दिखता है, लेकिन जनमानस स्वयं पहाड़ों से खिलवाड़ कर रहा है। प्रकृति अपना जो रूप दिखा रही है, वह चिंताजनक है। पहाड़ों से निकलने वाली छोटी बड़ी नदियां व बरसाती नालों के धरातल तल प्रत्येक वर्ष गाद, मिट्टी, पत्थर से ऊपर उठ जाते हैं और दूसरी तरफ विपरीत रास्ते चलकर हम



लोग अपने निवास नदियों नालों की तरफ बना देते हैं।

नदियों नालों में पानी का जलस्तर जब बढ़ जाता है, तो वही पानी अपने साथ मिट्टी मलवा बहाता हुआ जनमानस को नुकसान दे जाता है। किसी की संवेदना का हनन हो जाए, तो वह अपना रंग अवश्य दिखाता है, जैसे पहाड़ी धरती दिखा रही है। बादलों का पानी एक जगह गिर जाना प्राकृतिक घटना है, परंतु नदियों नालों के रास्तों पर अतिक्रमण कर पानी निकासी में अवरोध करना मानवीय गलती है। भारत के उच्चतम न्यायालय ने हिमाचल के अस्तित्व की चिंता जाहिर की। नदियों में बहती लकड़ियों के दृश्यों पर सवाल उठाए। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बयान देकर अपने विभाग द्वारा निर्मित सड़कों की डीपीआर त्रुटियों पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया।

अनंत ज्ञान

दोनों व्यक्तव्यों ने सरकारी कार्यों की पोल खोल दी है। पहाड़ों की मिट्टी कहीं कठोर, कहीं नर्म और कहीं चट्टानों वाली है। पहाड़ों से सड़क की तरफ रिसते पानी का जहां अवरोध होगा, वहां पानी अपना स्थान बनाता हुआ भूस्खलन को अंजाम अवश्य देगा। भूमि की संरचना और बरसाती पानी की निकासी स्थान की जांच पड़ताल किए बिना सड़कों का निर्माण हमेशा समस्या पैदा करता है, और करता रहेगा। विकास के लिए सड़कों, पुलों, भवनों, प्रोजेक्टों का निर्माण जरूरी है, परंतु निर्माण से पहले उस क्षेत्र की संरचना व संवेदना दोनों पर ध्यान देना भी उतना ही जरूरी है, जितना की निर्माण करना। वैसे तो जलवायु परिवर्तन का प्रभाव हिमाचल सहित अन्य राज्यों में भी देखने को मिल रहा है।

प्रकृति को नुकसान पहुंचाए बिना प्रत्येक विकास कार्य करने की जरूरत है। बारिश के पानी निकासी का ध्यान रखना होगा। निजी निवास सुरक्षित स्थान पर बनने चाहिए। यदि ऐसा होता है तो प्रकृति हमारी रक्षा अवश्य करेगी। बुजुर्ग भी कहते थे कि प्रकृति को मित्र और सहयोगी बनाकर मनुष्य को चलना चाहिए। प्रकृति की पूजा करना बुजुर्ग अपना धर्म मानते थे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**जीवन** में लोग सरकारी नौकरी को इसलिए पसंद करते हैं क्योंकि यह स्थिरता, सुरक्षा और सम्मान प्रदान करती है। निजी क्षेत्रों की तुलना में सरकारी नौकरियों में नौकरी जाने का खतरा कम होता है। इसके अलावा, वेतनमान निश्चित होता है और समय पर वेतन मिलता है। पेंशन, स्वास्थ्य सुविधा, आवास भत्ता और अन्य भत्ते भी आकर्षण का केंद्र होते हैं। काम का समय भी अपेक्षाकृत निर्धारित होता है, जिससे पारिवारिक जीवन में संतुलन बना रहता है। समाज में सरकारी कर्मचारी को एक प्रतिष्ठित स्थान मिलता है। परीक्षाओं और चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता भी लोगों का भरोसा बढ़ाती है। ग्रामीण और मध्यम वर्ग के युवाओं के लिए यह आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा का एक मजबूत माध्यम है। यही कारण है कि अधिकांश युवा सरकारी नौकरी को प्राथमिकता देते हैं।

**–अमर सिंह, फतेहपुर**

# हिमाचल की आर्थिकी: आत्मनिर्भरता का रास्ता पंचायतों से होकर



कौशल मुंगटा
सोलंग, जुब्बल, शिमला

हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक सुंदरता, बर्फीली चोटियां, हरियाली भरी वादियां और शांत जीवन के लिए जाना जाने वाला राज्य है। पर्यटक इसे 'पृथ्वी का स्वर्ग' कहते हैं, लेकिन इस स्वर्ग के भीतर छुपी आर्थिक हकीकत उतनी सुंदर नहीं है। हिमाचल की आर्थिकी कई वर्षों से स्थिर और टिकाऊ विकास की राह पर नहीं चल पाई है। पर्यटन और सेवाक्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता, सीमित औद्योगिक आधार, प्राकृतिक आपदाओं का बार-बार हमला और लगातार बढ़ता कर्ज—ये सभी मिलकर राज्य की अर्थव्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बार-बार हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने का विजन तो प्रस्तुत किया है, लेकिन क्या सिर्फ सरकारी फंड ही राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए पर्याप्त हैं? अगर हम सचमुच आत्मनिर्भर हिमाचल का सपना देख रहे हैं, तो हमें उस आधार तक पहुंचना होगा, जहां असली ताकत मौजूद है—गांवों और उनके सबसे निचले लोकतांत्रिक संस्थान ग्राम पंचायतों में। हर गांव के खेत, पहाड़, नदी और युवा ही प्रदेश की असली शक्ति हैं, लेकिन जब तक पंचायतें अधिकार और संसाधन से लैस नहीं होंगी, वे केवल इंतजार करती रहेंगी—MLA/MP से पैसे मिलने का, योजनाओं के लिए निर्देश आने का। पर्यटन पर अत्यधिक निर्भरता बार-बार आने वाली प्राकृतिक आपदाएं सीमित औद्योगिक विकास लगातार बढ़ता कर्ज ये हमारे सामने बड़े लक्ष्य है जिनसे हमें निजात पानी है।

**पंचायतें-विकास की कुंजी या इंतजार की मशीन? :** आज हिमाचल की पंचायतें ज्यादातर नरेगा के काम तक सीमित हैं। उनका काम सिर्फ MLA/MP फंड का इंतजार करना और खर्च करना रह गया है। अपने स्वतंत्र संसाधन के बारे में ख्याल तक नहीं कर पा रही है हमारी पंचायतें। स्वतंत्र आर्थिक दृष्टि और राजस्व स्रोत का अभाव, ग्रामीण उद्यम और छोटे व्यवसायों में पहल न होना, युवाओं के लिए रोजगार के सीमित अवसर विकास पर बाहरी निर्भरता, नतीजा-पंचायतें पंगु बनी हैं और हिमाचल की




आत्मनिर्भरता खतरे में है।

**देश से सीख-पंचायतों की ताकत:** देश में कई राज्य ऐसे हैं जिन्होंने पंचायतों को अधिकार और संसाधन देकर उन्हें 'सिर्फ इंतजार करने वाला' नहीं बल्कि विकास का असली इंजन बना दिया। हिमाचल इन्हीं से सीख सकता है।

**केरल:** 'पीपल्स प्लान कैंपेन' 1996 से ही केरल ने पंचायतों को प्लानिंग और बजट बनाने का अधिकार दे दिया। राज्य के कुल विकास बजट का लगभग 35-40% हिस्सा पंचायतों को सीधे मिलता है। नतीजतन पंचायतों ने अपने स्तर पर हेल्थ सेंटर, स्कूल, महिला सेल्फ-हेल्प ग्रुप (कुडुंबश्री) और छोटे उद्योग चलाने शुरू किए। आज केरल की ह्यूमन डेवलपमेंट इंडेक्स और लोकल हेल्थ सर्विस पूरे भारत में मिसाल है।

अनंत ज्ञान

**कर्नाटक:** जनशक्ति से जल-शक्ति कर्नाटक में पंचायतों को पेयजल प्रबंधन, छोटे तालाब और झीलों की देखभाल की सीधी जिम्मेदारी दी गई। पंचायतों ने सामुदायिक योगदान और सरकारी फंड मिलाकर वाटर-हार्वेस्टिंग और सिंचाई की परियोजनाएं चलाईं। इससे गांवों में खेती का पैटर्न बदला और सूखा प्रभावित इलाकों में भी कृषि-आय बढ़ी।

**राजस्थान:** पंचायत-प्रेरित रोजगार और पर्यटन राजस्थान में कई पंचायतों ने 'लोक-पर्यटन' (ग्रामीण हाट, हस्तशिल्प मेले, लोक-नृत्य कार्यक्रम) शुरू किए। पाली और जोधपुर जिलों की पंचायतों ने महिला SHG के साथ मिलकर हर्बल साबुन, ऊंट के दूध के उत्पाद और हस्तशिल्प को ब्रांडिंग करके बेचने की शुरुआत की। ऐसे ही हम चंबा रुमाल, शिमला के लोईया चोली, किन्नौर बुशहरी टोपी इत्यादि के लिए कर सकते हैं।

**पश्चिम बंगाल:** पंचायत आधारित स्व-सहायता समूह मॉडल पंचायतों ने महिला SHG नेटवर्क को बैंकिंग और माइक्रो-लोन से जोड़ा। पंचायतें सिर्फ नरेगा नहीं, बल्कि मत्स्य पालन, पोल्ट्री और सब्जी क्लस्टर को भी सपोर्ट करती हैं।

**गुजरात:** पंचायत द्वारा संचालित मिनी-इंफ्रा गुजरात की कुछ पंचायतों को गांव स्तर के पार्किंग, मिनी-बस स्टैंड और हाट-बाजार बनाने का अधिकार मिला। पंचायतें इनसे किराया वसूलकर स्व-आय उत्पन्न करती हैं। इससे वे केवल MLA/MP फंड पर निर्भर नहीं, बल्कि खुद भी प्रोजेक्ट चला पा रही हैं। अगर ये राज्य पंचायतों के जरिए गांवों की डिजिटल टेक्नोलॉजी को पर्यटन, कृषि (जैसे स्मार्ट फार्मिंग) और ग्रीन मार्केटिंग में जोड़कर आय में वृद्धि करना। न्यूजीलैंड जैसे देशों का उदाहरण लिया जा सकता है जो अपने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ आर्थिक प्रगति करते हैं। इस पूरी योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी एक विकसित और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में उभर सकता है। हिमाचल का भविष्य गांवों में है। पंचायतें जब तक दूसरों पर निर्भर रहेंगी, वे पंगु बनी रहेंगी, इसलिए पंचायतों को ज्यादा अधिकार, बजट और संसाधन देने चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# खामोशी का असर: परिवार और समाज पर संवादहीनता का बोझ



डॉ. सत्यवान सौरभ
कवि,स्वतंत्र लेखक

आज का समय बहुत तेजी से बदल रहा है। तकनीकी प्रगति और व्यस्त जीवनशैली ने हमारे जीवन को सुविधाजनक बनाया है, लेकिन इसके साथ ही एक गंभीर समस्या भी सामने आई है-संवाद हीनता।

संवाद हीनता का अर्थ है बातचीत और विचारों के आदान-प्रदान की कमी। यह केवल शब्दों की कमी नहीं है, बल्कि एक ऐसी स्थिति है जिसमें लोग अपनी भावनाओं, समस्याओं और अनुभवों को साझा नहीं कर पाते। परिवार, मित्रता और समाज सभी पर इसका गहरा असर पड़ता है। परिवार जीवन का वह आधार है जहां बच्चे और बड़े अपने अनुभव साझा करते हैं और आपसी समझ विकसित करते हैं, लेकिन आज, व्यस्त जीवन, डिजिटल साधनों का अधिक प्रयोग और पीढ़ियों के अंतर ने पारिवारिक संवादिता को कमजोर कर दिया है। माता-पिता अपने काम और जिम्मेदारियों में इतने व्यस्त रहते हैं कि बच्चों के साथ समय बिताना मुश्किल हो जाता है। वहीं, बच्चे स्कूल, कोचिंग और मोबाइल की दुनिया में उलझे रहते हैं। परिणामस्वरूप, घर में बैठकर खुलकर बातचीत करना लगभग कम होता जा रहा है। डिजिटल दुनिया ने जीवन को आसान बनाया है, लेकिन इसके दुष्परिणाम भी हैं। स्मार्टफोन, टीवी और सोशल मीडिया ने परिवार के सदस्यों को एक-दूसरे से दूर कर दिया है। युवा सदस्य अधिक समय इन माध्यमों में व्यतीत करते हैं



और आमने-सामने संवाद कम हो जाता है। ऐसे संवाद अक्सर सतही हो जाते हैं और भावनाओं की गहराई को व्यक्त नहीं कर पाते। पीढ़ियों का अंतर भी संवाद में बाधा डालता है। बुजुर्ग अनुभव और परंपरा पर भरोसा करते हैं, जबकि युवा आधुनिक दृष्टिकोण और स्वतंत्रता की ओर अधिक झुकाव रखते हैं।

अनंत ज्ञान

यह अंतर कभी-कभी परिवार में गलतफहमी और असहमति को जन्म देता है। छोटे-छोटे झगड़े या आलोचना भी भावनात्मक दूरी बढ़ा देती है और परिवार में मानसिक तनाव उत्पन्न करती है। संवाद हीनता केवल परिवार तक सीमित नहीं है। समाज में भी लोग अपनी राय, शिकायत या सुझाव साझा नहीं करते। इससे सहयोग और सामूहिक प्रयास कमजोर पड़ते हैं और गलतफहमियां बढ़ती हैं। उदाहरण के लिए, यदि किसी मोहल्ले में सफाई या सुरक्षा संबंधी समस्या को साझा नहीं किया जाता, तो समाधान कठिन हो जाता है और विवाद पैदा हो सकते हैं। संवाद हीनता के कई कारण हैं। व्यस्त जीवनशैली, डिजिटल उपकरणों का अत्यधिक उपयोग, डर या शर्म की भावना, मानसिक तनाव, सामाजिक दूरी और पीढ़ियों के बीच अंतर—ये सभी मिलकर लोगों को खुलकर संवाद करने से रोकते हैं। इसके नकारात्मक प्रभाव व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर दिखाई देते हैं। व्यक्ति में अकेलापन और मानसिक तनाव बढ़ता है, आत्मविश्वास कमजोर पड़ता है। परिवार में विश्वास और समझ की कमी होती है। समाज में सहयोग और सामूहिक प्रयास कम हो जाते हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए कुछ उपाय अपनाए जा सकते हैं। सबसे पहले, नियमित संवाद का समय निर्धारित करना जरूरी है।

परिवार के साथ भोजन, चाय या वीकेंड पर बातचीत को प्राथमिकता दी जा सकती है। दूसरी महत्वपूर्ण बात है सुनने और समझने की आदत। आलोचना से बचकर, एक-दूसरे की बात ध्यानपूर्वक सुनना और समझना संवादिता को बढ़ाता है। तीसरी बात है साझा गतिविधियों का महत्व। खेल, यात्रा, हॉबीज या सामाजिक कार्यों में परिवार और दोस्तों को शामिल करने से संवाद प्राकृतिक रूप से बढ़ता है। आज की चुनौती यह है कि हम अपनी व्यस्तता, डिजिटल साधनों और पीढ़ियों के अंतर के बावजूद संवादिता को प्राथमिकता दें। संवादिता ही वह माध्यम है जो हमें एक-दूसरे के करीब लाती है, समझ को गहरा करती है और समाज में सामूहिक सहयोग को बढ़ावा देती है। परिवार और समाज तभी सशक्त रह सकते हैं जब संवादिता मौजूद हो और इसे बढ़ावा दिया जाए। यही हमारी सबसे बड़ी आवश्यकता और जिम्मेदारी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# नि:संतानों को संतान सुख देती हैं मां सिमसा

## लडभड़ोल की पहाड़ियों पर स्थित है मंदिर, सपने में महिलाओं को दर्शन देकर फल देती है माता

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**जोगिंदरनगर।** लडभड़ोल क्षेत्र की प्रसिद्ध संतानदात्री मां सिमसा का मंदिर मंडी जिला की तहसील मुख्यालय लडभड़ोल से मात्र 9 किलोमीटर दूरी पर सिमस गांव में स्थित है, जो बैजनाथ मंदिर से 32 किलोमीटर दूर है। माता सिमसा का मंदिर ऊंची पहाड़ी पर स्थित है, जहां से दूर-दूर तक सुंदर नजारा देखने को मिलता है। बताया जाता है कि इस गांव में टोभा सिंह नामक व्यक्ति रहता था। महाशिवरात्रि वाले दिन वह तरड़ी (कंदमूल) खोदने के लिए अपने घर से करीब 3 किलोमीटर दूर नागण नामक स्थान पर गया। उसकी पहली चोट जमीन पर मारने से दूध बाहर निकल आया। यह देखकर वह बहुत प्रसन्न हुआ। उसने सोचा कि तरड़ी (कंदमूल) अच्छी है व अधिक मात्रा में निकलेगी। जब उसने दूसरी चोट मारी तो जमीन से पानी की धारा निकलने लगी और तीसरी चोट करने पर जमीन से खून निकलने लग पड़ा, जिससे वह घबराया और घर वापस आ गया।

रात को उसे स्वप्न में माता ने दर्शन दिए और कहा कि जिस बात से तू घबराया है, मैं उसी को हल करने आई हूं। तू प्रातः स्नान कर जहां खुदाई कर रहा था वहीं पर जाना। वहां पर खुदाई करने से तुझे एक मूर्ति मिलेगी। उस मूर्ति को पालकी में सजाकर भूमाता से लाना व जहां पर वह मूर्ति भारी लगने लगे वहीं पर उसकी स्थापना कर मंदिर बनवाना। प्रातः उठते ही यह किस्सा उसने अपने भाइयों को सुनाया। मां के आदेशानुसार दोबारा खुदाई करने पर उन्हें देवी की मूर्ति मिली, जिसकी लंबाई 7 वर्ष की कन्या के बराबर थी। यह मूर्ति आज भी मंदिर में मौजूद है। खुदाई के समय की 3 चोटें आज भी देखी जा सकती हैं।

### स्वप्न में संतानरूपी वरदान बांटती हैं माता

**मान्यता** के अनुसार जिन भक्तों के यहां संतान नहीं होती है, वे नवरात्र में माता सिमसा के दर्शनों के लिए आते हैं। स्त्रियां जिन्हें संतान की चाह होती है, वे मंदिर के प्रांगण में अपना बिछौना बिछाकर सो जाती हैं। यह मां का चमत्कार है कि जब औरतें सो रही होती हैं तो नींद में मां सिमसा पूरे शृंगार में उन्हें दर्शन देकर आज्ञा अनुसार स्वप्न में फल बांटती हैं। जिस स्त्री को जैसा फल मिलता है, उसे वैसी ही संतान प्राप्त होती है। मान्यता के अनुसार एक बार सपना होने के बाद जो महिला फिर से सपने के लिए अपना बिछौना बिछाकर सो जाती है, उसे कुछ ही देर बाद चींटियों के काटने जैसा अहसास होने लगता है। यही नहीं, उसके शरीर पर लाल रंग के दाग भी उभरने लगते हैं।



### धूमधाम से मनाएंगे चैत्र नवरात्र महोत्सव

यहां हर वर्ष चैत्र व शरद नवरात्र के दौरान मेले लगते हैं और मेला कमेटी व युवक मंडल सिमस की ओर से भंडारे लगाए जाते हैं। इस साल भी यहां चैत्र नवरात्र महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। बता दें कि इस बार चैत्र मास नवरात्र को लेकर पुजारी विनोद कुमार ने बताया इस बार मंदिर में संतान प्राप्ति के लिए 1000 से अधिक महिलाएं मंदिर परिसर में सोने के लिए आई हैं।

# चंदेश-गैहरा-पटड़ीघाट सड़क बंद

## खड्ड में तब्दील सड़क, तीन पंचायतों की जीवनरेखा ठप व ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**



पैदल चलना भी बना चुनौती, ग्रामीणों ने उठाई मांग- तुरंत बहाल हो सड़क संपर्क

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत आने वाली चंदेश-गैहरा-पटड़ीघाट सड़क की हालत इन दिनों बेहद दयनीय हो चुकी है। आलम यह है कि इस सड़क पर वाहनों का चलना तो दूर, पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं है। पिछले कुछ दिनों से यह मार्ग बड़े वाहनों के साथ-साथ दोपहिया वाहनों के लिए भी पूरी तरह से बंद पड़ा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क तीन पंचायतों को जोड़ती है और हजारों की आबादी के लिए जीवन रेखा का काम करती थी, लेकिन वर्तमान में यह सड़क जगह-जगह खड्ड में तब्दील हो गई है। वहीं पाना पानी के पास बीच सड़क पर मलबा गिर जाने के कारण मार्ग पूरी तरह से बाधित है। ग्राम पंचायत पटड़ीघाट के प्रधान विधि चंद, उपप्रधान वीरी सिंह, गैहरा पंचायत के प्रधान रूप लाल, अशोक कुमार, ओम प्रकाश, दीना नाथ, पवन कुमार, अनिल कुमार, रवि चंद, मित्र देव, नारायण दास, मेहर सिंह, चुनी लाल, सुरेश कुमार और रमेश कुमार समेत अन्य ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से मांग उठाई है कि सड़क की मरम्मत जल्द की जाए और मार्ग को हर प्रकार के वाहनों के लिए सुचारु रूप से बहाल किया जाए। इस बारे में कनिष्ठ अभियंता जितेंद्र कुमार ने बताया कि भारी बरसात के कारण सड़क खराब हुई है कल इस सड़क पर जे सी बी और टिपर भेज कर सड़क को खोलने का कार्य शुरू किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### जीएसटी सुधारों से जनमानस में खुशी: अजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा वस्तु एवं सेवा कर में सुधारों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आभार व्यक्त करते हुए इसे आम जनमानस के रोजमर्रा के जीवन को आसान बनाने वाला कदम कहा है। वस्तु एवं सेवा कर में सुधार से भारतीय अर्थव्यवस्था में तो गति आएगी ही उसके साथ समाज तथा परिवार का जीवन भी सकारात्मक रूप से प्रभावित होगा। अजय ठाकुर ने आगे कहा कि सन 2017 में वस्तु तथा सेवा कर लागू होने के साथ ही देश में उलझी हुई कर व्यवस्था से मुक्ति मिली तथा क्रमशः कर व्यवस्था का सरलीकरण हुआ। देश में कर सुधारों से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है।

### महादेव में प्रथम संध्या का रामलीला मंचन

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** हर वर्ष की भांति इस बार भी शिव आर्ट रामलीला कमेटी घांघल महादेव द्वारा रामलीला का सुंदर ढंग से मंचन किया। रामलीला कमेटी प्रमुख भूप सिंह बब्बी के डायरेक्शन में शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर आयोजित की गई संगीतमयी रामलीला के खेले गए दृश्यों के अंतर्गत जहां महाराजा दशरथ का लगा दरबार और राजकाज को लेकर राजगुरु गुरु वशिष्ठ एवं मंत्रिगणों आदि के साथ मंत्रणा दिखाई गई, वहीं राजकुमारों राम सहित भरत,लक्ष्मण और शत्रुघ्न के जन्म लेने पर राजमहल में खुशियां मनाने के साथ ही अयोध्या की प्रजा के यहां यह खबर फैलने से कि दशरथ की तीनों रानियां कौशल्या, कैकयी व सुमित्रा मां बन गई है जश्न का व्यापक माहौल व्याप्त होता चला जाता है। दूसरी ही ओर ऋषि मुनियों की तपस्या और उन्हे राक्षसों द्वारा बुरी तरह तंग करना मुख्य दृश्यों में रहा।

### बीबीएमबी में आउटसोर्सिंग पर रोक की मांग

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** भाखड़ा ब्यास इम्पलाईज यूनियन (एटक-ऐफी) सुंदरनगर शाखा के प्रधान मंगनी राम ठाकुर ने अध्यक्ष बीबीएमबी चंडीगढ़ से प्रेस के माध्यम से मांग की है कि बीबीएमबी द्वारा आउटसोर्सिंग के माध्यम से करवाई जा रही गतिविधियों पर रोक लगाई जाए और इन गतिविधियों को विभागीय रूप से किया जाए ई आउटसोर्सिंग पर रोक लगाकर, विभागीय रूप से कार्य करवाए जाएं, ताकि कर्मचारियों के हितों की रक्षा हो सके। उन्होंने कहा है कि बीबीएमबी के निर्णय से कर्मचारियों के हितों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है और उनकी नौकरी और सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। यूनियन के प्रधान मंगनी ठाकुर ने अध्यक्ष बीबीएमबी चंडीगढ़ से मांग की है कि वह कर्मचारियों के हितों की रक्षा करें और आउटसोर्सिंग पर रोक लगाएं।

### योग व औषधीय पौधों की लगाई प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धन्वंतरी दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग के सौजन्य से उपमंडल सरकाघाट के बरच्छवाड़ में एक आयुर्वेदिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब छोटी काशी ने दवाइयों के वितरण में सहयोग प्रदान किया। इस दौरान शिविर में आए लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई और आवश्यकतानुसार आयुर्वेदिक औषधियां वितरित की गईं। शिविर का शुभारंभ उपमण्डलीय आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी डॉ. हेमलता ने भगवान धन्वंतरी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में मर्म चिकित्सा, कपिंग थेरेपी, प्रकृति परीक्षण, शुगर टेस्ट, ऋतुचर्या, दिनचर्या, आहार-विहार और योगा एवं योगासन पर विशेष जानकारी दी गई। शिविर में औषधीय पौधों की एक भव्य प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें आमजन को खाने योग्य औषधीय जड़ी-बूटियों और उनसे बने पोषण आहार के बारे में जानकारी दी गई।

### पंचायतों के वार्डों के आरक्षण की अधिसूचना जारी

**अनंत ज्ञान, गोहर।** प्राधिकृत अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी (ना.) गोहर बचित्र सिंह ठाकुर ने बताया कि गोहर विकास खंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों के वार्डों का आरक्षण निर्धारित कर दिया गया है। यह आरक्षण अनुसूचित जाति, अनुसूचित जाति महिला, महिला तथा सामान्य वर्ग के लिए किया गया है। प्राधिकृत अधिकारी ने कहा कि इस बारे में जारी अधिसूचना के साथ संलग्न विवरण में प्रत्येक ग्राम पंचायत के वार्ड का आरक्षण स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है। यह विवरण सभी पंचायत सचिवों को उपलब्ध करवा दिया गया है ताकि इसे ग्राम पंचायतों के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जा सके और आम जनता को इसकी पूरी जानकारी मिल सके।

### डॉक्टर सीमा ठाकुर का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** डॉ. सीमा ठाकुर का भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बनने के बाद अपने विधानसभा क्षेत्र सरकाघाट के बल्द्वाड़ा पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं व स्थानीय जनता द्वारा भव्य स्वागत किया गया। डॉ. सीमा ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि वह भाजपा की नीतियों और विचारधारा को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करेंगी। इस कार्यक्रम में सरकाघाट के पूर्व विधायक कर्नल इन्द्र सिंह ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे तथा उन्होंने ने भी डॉ. सीमा ठाकुर को अपना आशीर्वाद दिया।

### नशा मुक्ति, स्वच्छता व कला का सुंदर संगम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट कॉलेज में विश्व पर्यटन सप्ताह का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। उद्घाटन प्राचार्य डॉ. आरआर कोंडल और नोडल अधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने किया। पहले दिन बी.वॉक विभाग ने नशा मुक्ति अभियान, मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता और कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान जैसी समाजोपयोगी गतिविधियां आयोजित कीं। छात्रों ने आसपास के गांवों और झुग्गी बस्तियों में जागरूकता फैलाकर सामाजिक जिम्मेदारी निभाई। साथ ही, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं जैसे सोलो डांस, सोलो सॉन्ग, पोस्टर मेकिंग, रंगोली और मेहंदी में लगभग 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन गतिविधियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया। पर्यटन सप्ताह के तहत आगामी दिनों में भी इसी तरह की रचनात्मक और जन-हितैषी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### नव्या ने पत्र वाचन में झटका पहला स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, नेरचौक।** सरस्वती विद्या मंदिर के संकुल स्तरीय ज्ञान विज्ञान मेले में सरस्वती विद्या मंदिर नलसर के विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रश्न मंच में बाल वर्ग से द्वितीय स्थान शिशु वर्ग से तृतीय स्थान प्राप्त किया। दसवीं कक्षा की छात्रा नव्या ने पत्र वाचन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गणित मॉडल में इशिता ने बाल वर्ग से प्रथम स्थान और दर्शन किशोर वर्ग से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत में शिशु वर्ग से सरस्वती विद्या मंदिर नलसर प्रथम रहा और किशोर वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम आने वाले सभी बच्चों का चयन जिला स्तरीय ज्ञान विज्ञान मेले में हुआ है, जो कि अक्तूबर माह में सरस्वती विद्या मंदिर हटगढ़ में आयोजित है। बच्चों के जिला में चयन होने पर सरस्वती विद्या मंदिर नलसर के प्रधानाचार्य व अध्यापक वर्ग और विद्यालय प्रबंधन समिति तथा अभिभावकों की ओर से बच्चो को आगामी पड़ाव के शुभकामनाएं दी गई।

# वरिष्ठ नागरिकों की जांच के साथ नि :शुल्क औषधियों का वितरण

**विनोद जसवाल, अनंत ज्ञान**



**नेरचौक।** आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा बल्ह वैली कल्याण सभा वृद्धाश्रम भंगरोटू में एक दिवसीय विशेष आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजेश कालिया के नेतृत्व में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वाति ठाकुर ने आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी ललिता कुमारी की सहायता से वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान वृद्धजनों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्लूकोज मॉनिटरिंग के माध्यम से जांच की गई।

इस शिविर का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को आयुर्वेद पद्धति के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और आयुर्वेद के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। शिविर में आवश्यकता अनुसार नि:शुल्क आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर डॉ. राजेश कालिया द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए च्यवनप्राश एवं अश्वगंधारिष्ट का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर डॉ. स्वाति ठाकुर द्वारा आयुर्वेद के सिद्धांतों, दिनचर्या, ऋतुचर्या एवं दैनिक जीवन में इसकी प्रासंगिकता पर एक व्याख्यान भी प्रस्तुत किया गया, वहीं डॉ. राजेश कालिया ने बताया कि आयुर्वेद दिवस आयुर्वेद की समृद्ध परंपरा को समझने और उसे जीवनशैली में अपनाने का एक उत्तम अवसर है। आयुष विभाग द्वारा ऐसे शिविर भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे समाज के वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिल सके। कार्यक्रम में वृद्धाश्रम भंगरोटू के अध्यक्ष डॉ. दिनेश वशिष्ठ तथा प्रबंधक दीपक भी उपस्थित रहे।

# 60 मोतियाबिंद के मामले आए सामने

**अनंत ज्ञान, बरोट।** चौहार घाटी के वरधान वोचिंग गांव में वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर समाजसेवी संस्था सोसायटी फॉर रूलर डिवेलपमेंट एंड एक्शन थल्टूखोड़ द्वारा, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों के सशक्तिकरण निदेशालय, हिमाचल प्रदेश सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया। संस्था प्रमुख अमर सिंह कौंडल ने बताया कि शिविर में कुल 143 लोगों ने भाग लिया, जो आठ ग्राम पंचायतों के 31 गांवों से पहुंचे थे। नेत्र जांच का कार्य डॉ. योगेंद्र पाल, सरोच नैना अस्पताल नेरचौक द्वारा किया गया। जांच में सामने आया कि 42 प्रतिशत यानी लगभग 60 लोगों में सफेद मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए हैं, जिनकी सूची आगामी कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को भेजी जा रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के कार्यकर्ता सोबर दत्त, आरती ठाकुर, राजू राम और मुंशी राम सहित महिला मंडलों, पंचायत प्रतिनिधियों, आशा वर्करों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

# आपदा से सबसे ज्यादा प्रभावित रहा मंडी जिला, करीब 1500 करोड़ के नुकसान का है आकलन: कौल सिंह

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**



मंडी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर।

**मंडी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर ने कहा कि इस बार की बरसात हिमाचल प्रदेश में भारी तबाही लेकर आई थी। जिसमें सबसे अधिक मंडी जिला प्रभावित हुआ है। मंडी में बादल फटने की अधिक घटनाएं हुई है। उन्होंने कहा कि इस आपदा से अकेले मंडी जिला में ही अब तक करीब 1500 करोड़ रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। सबसे अधिक नुकसान लोक निर्माण विभाग और जलशक्ति विभाग का हुआ है। वहीं पर बिजली बोर्ड को भी इस बार काफी नुकसान हुआ है।

मंडी जिला में आपदा के दौरान 52 लोगों की जान गई है। जबकि अभी भी 29 लोग लापता हैं। इसके अलावा बरसात के दौरान हुई दुर्घटनाओं में 15 लोग अपनी जान गवां बैठे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी भयंकर बरसात अब तक नहीं देखी। लोगों का भारी नुकसान हुआ है, जिसके जख्म भरने में समय लगेगा। लोगों की जमीनें धंस गई , कई गांवों को खतरा हो गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और प्रदेश के मंत्रियों ने मौके पर जाकर लोगों के दुखदर्द को साझा किया। पीएम मोदी ने हवाई भ्रमण कर इस तबाही का मंजर देख और धर्मशाला में आपदा प्रभावितों से बात करने के बाद 1500 करोड़ का पैकेज जारी किया। जिसके लिए उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है, पूर्व की सरकार वित्तीय सेहत बिगाड़ कर रख दी है। केंद्र सरकार की मदद के बिना यह सब संभव नहीं है। कौल सिंह ने कहा कि धर्मपुर बस अड्डा तीसरी बार बाढ़ की चपेट में आ गया है। उन्होंने कहा कि जब इस जगह का चयन हुआ था तो मैंने विरोध किया था। लेकिन महेंद्र सिंह ने जिद्द करके इसे बनाया है। हर बार सोन खड्ड में बाढ़ आने की वजह से पानी बस अड्डे में घुस जाता है। उन्होंने कहा कि हिमालय के पहाड़ों की मिट्टी कमजोर है, जिससे भू-धंसाव के मामले ज्यादा बढ़ रहे हैं। कौल सिंह ने कहा कि मंडी-मनाली फोरलेन की डीपीआर ही गलत बनी है, पहाड़ों को काटने के बजाय सुरंगें बनाकर इस तबाही से बचा जा सकता है।

इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व महासचिव चेतराम ठाकुर, मार्केटिंग कमेटी के निदेशक जोगिंद्र गुलेरिया, जिला परिषद सदस्य चंपा ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# सेवा भारती ने 110 प्रभावित परिवारों को दी 25 लाख की आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



सेवा भारती हिमाचल के पदाधिकारी राहत वितरित करते हुए।

सेवा भारती हिमाचल प्रदेश ने मंडी जिला के सराज और बंजार विधानसभा क्षेत्रों के प्रभावित परिवारों के बीच राहत राशि वितरित कर मानवता की मिसाल पेश की। यह कार्यक्रम चैलचौक में आयोजित किया गया। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश सेवा भारती के प्रांत संगठन मंत्री राकेश प्रभाकर ने दी। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर प्रदेश के संरक्षक डॉ. सुरेंद्र शर्मा, विभाग संघ चालक दुर्गादत्त एवं सेवा प्रमुख महेंद्र ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महासचिव अवतार के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम में कुल 110 परिवारों को 25 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई, जिसके अंतर्गत प्रत्येक परिवार को 20,000 रुपए की आर्थिक मदद दी गई।

कार्यक्रम से पहले प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके बाद सेवा भारती के कार्यकर्ताओं ने प्रभावित परिवारों के घर-घर जाकर उनकी स्थिति का आकलन किया और राहत राशि का प्रस्ताव हिमाचल प्रदेश कार्यकारिणी को भेजा। इस अवसर पर जिला संघ चालक श्याम लाल, खुशाल, पुष्पराज, जगदीश, हुकुमचंद, अभिषेक शिवम, तिलकराज, बुद्धि सिंह, जय किशन, रामलाल, भगत राम सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अरविंद चौधरी द्वारा किया गया। सेवा भारती के इस प्रयास से प्रभावित परिवारों में नई आशा का संचार हुआ है। संस्था का यह कदम आपदा प्रभावित लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

उल्लेखनीय है कि 25 जून से 20 सितंबर 2025 के बीच सेवा भारती हिमाचल प्रदेश ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य के तहत 2 करोड़ रुपए से अधिक के सामान खाद्य सामग्री, कपड़े, दवाइयां आदि वितरित किए हैं।

# प्रदेश फुटबाल वेलफेयर एसोसिएशन ने किया सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश फुटबाल कल्याण संघ ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ के संविधान को लेकर दिए गए ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि यह फैसला भारतीय फुटबाल को एक नई दिशा देने वाला है। संघ का मानना है कि जैसे देश स्तर पर अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ में संवैधानिक सुधार किए गए हैं, उसी प्रकार अब हिमाचल प्रदेश फुटबाल संघ और उसकी सभी जिला इकाइयों में भी पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करना आवश्यक हो गया है। फुटबॉल कल्याण संघ ने इस बात पर चिंता व्यक्त की है कि पिछले चौदह वर्षों से प्रदेश फुटबॉल संघ में महासचिव और कोषाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर वही दो व्यक्ति बने हुए हैं, जो संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन है। यह स्थिति न केवल खेल के विकास में बाधा बन रही है, बल्कि इससे संगठन की विश्वसनीयता भी प्रभावित हो रही है। संघ का कहना है कि प्रदेश और जिला स्तर पर सभी कार्यकारिणी समितियां संविधान के अनुरूप गठित हों और उनके चुनाव विधिपूर्वक हों। इसके साथ ही पिछले पंद्रह वर्षों का पूरा लेखा-जोखा सार्वजनिक किया जाना चाहिए ताकि जनता को पता चल सके कि किन-किन लोगों ने संगठन में किस भूमिका में काम किया है।

# रामलीला मंचन में कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से मोहा मन



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

श्री जालपा कला मंच सेरू द्वारा आयोजित रामलीला के पहले दिन कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। दशरथ दरबार और चारों राजकुमारों के नामकरण जैसे दृश्यों को कलाकारों ने बड़े ही खूबसूरत ढंग से मंच पर उतारा, जिसका दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव जीवन ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उनके साथ मसौली पंचायत के उप प्रधान मनीष चौधरी और स्थानीय पंचायत प्रधान प्यार चंद महंत भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंच के प्रधान सुरेंद्र कुमार और सचिव सुदेश ठाकुर ने सभी अतिथियों का टोपी, पटका और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। अपने

### जीवन ठाकुर ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत

संबोधन में जीवन ठाकुर ने रामलीला के आयोजन की सराहना करते हुए इसे श्रीराम में लोगों की अटूट आस्था का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखते हैं। उन्होंने मंच के कलाकारों के अभिनय की भी प्रशंसा की। इस दौरान उन्होंने एक महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दे पर भी बात की। उन्होंने कहा कि आजकल युवा पीढ़ी नशे की चपेट में आ रही है, जिसे रोकना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे नशा बेचने वालों के खिलाफ पुलिस को सूचना दें, ताकि इस सामाजिक बुराई को क्षेत्र से खत्म किया जा सके।

# करसोग अस्पताल में एक्स-रे सुविधा हुई डिजिटल, मरीजों को मिली सौगात

**अनंत ज्ञान, करसोग**

राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों से करसोग अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं दिन-प्रतिदिन आधुनिक रूप ले रही हैं। मरीजों की सुविधा और समय की बचत को ध्यान में रखते हुए अब अस्पताल में एक्स-रे सेवाओं को भी पूरी तरह से डिजिटलीकृत कर दिया गया है। यह कदम स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई तकनीकी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

बीएमओ करसोग डॉ. गोपाल चौहान ने बताया कि करसोग अस्पताल में प्रतिदिन 100 से अधिक एक्स-रे किए जाते हैं। पहले मरीजों को एक्स-रे करवाने के बाद फिल्म तैयार होने तक इंतजार करना पड़ता था। लेकिन अब इस नई व्यवस्था से मरीजों को एक्स-रे करने के बाद फिल्म के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि एक्स-रे रिपोर्ट सीधे संबंधित डॉक्टर के कंप्यूटर सिस्टम पर पहुंच जाएगी,जो मरीज का उपचार कर रहा है। डॉक्टर ऑनलाइन ही रिपोर्ट देखकर तुरंत उपचार शुरू कर सकेंगे।

### अब मोबाइल पर भी उपलब्ध होगी रिपोर्ट

**डॉ.** चौहान ने कहा कि इस सुविधा से मरीजों को सबसे बड़ी राहत यह मिलेगी कि डिजिटल एक्स-रे रिपोर्ट को मरीज के मोबाइल फोन पर भी उपलब्ध करवाया जाएगा। इसका लाभ यह होगा कि मरीज को रिपोर्ट कहीं भी और कभी भी दिखाने या इस्तेमाल करने में आसानी होगी। यह व्यवस्था पूरी तरह पेपरलेस, तेज़ और पारदर्शी है। इस सुविधा से मरीजों को न केवल समय की बचत होगी, बल्कि अस्पताल की कार्यप्रणाली भी और अधिक आधुनिक बनेगी। डिजिटल एक्स-रे प्रणाली से रोग की पहचान और इलाज की दिशा तय करने में अधिक सटीकता आएगी। साथ ही अस्पताल का मेडिकल रिकॉर्ड भी सुरक्षित व व्यवस्थित रूप से संग्रहीत हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व करसोग अस्पताल में ऑनलाइन पर्ची सिस्टम भी शुरू किया गया हैं, जिसे मरीजों और स्थानीय लोगों ने अत्यंत सराहा हैं। अब एक्स-रे रिपोर्ट का डिजिटलीकरण होने से अस्पताल स्वास्थ्य सेवाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है।

**प्रेसवार्ता** भाजपा मीडिया प्रभारी बोले-दरें ज्यादा हो तो विरोध और दरें कम हो तब भी आपत्ति

# जीएसटी सुधारों के खिलाफ है कांग्रेस: रणधीर

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** देश में जीएसटी लाने पर दरें ज्यादा होने को लेकर कांग्रेस इसका विरोध करती थी और आज जब इसकी दरें कम होने पर भी विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी विरोध के लिए विरोध करने की आदत से मजबूर हैं।

यह बात भजपा हिमाचल के मीडिया प्रभारी एवं विधायक रणधीर शर्मा ने मंडी जिला के सुंदरनगर स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि एक देश-एक कर प्रणाली के लिए भारत में जीएसटी की शुरुआत की गई थी। वहीं जीएसटी के आने से देश में कर चोरी भी कम हुई है। हैरानी की बात यह है कि बीते 4 वर्षों में राजस्व दोगुना हो गया है और पिछले वर्ष ही 22 लाख करोड़ रुपए के लगभग राजस्व जीएसटी के माध्यम से प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि देश से जीएसटी हटाया नहीं गया है और इसकी दरों को कम किया गया है। इससे आम लोगों की वस्तुओं को सस्ता किया गया है। नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स पीएम मोदी का त्योहारों के समय देश की जनता के लिए एक उपहार है।

रणधीर शर्मा ने कहा कि नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्मस को जीएसटी काउंसिल से पारित किया गया है। इसके उपरांत कांग्रेस के राष्ट्रीय और प्रदेशस्तरीय नेताओं ने इन सुधारों का विरोध किया है। हिमाचल प्रदेश के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन सिंह ने जीएसटी रिफॉर्म्स से राजस्व के एक हजार करोड़ रुपए के नुकसान होने की बात कही गई है। लेकिन ऐसा कह कर उन्होंने कांग्रेस पार्टी के जन विरोधी चेहरे को उजागर किया है। हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल के तीन वर्षों में लोगों को कोई राहत नहीं दी है। कांग्रेस सरकार ने जनता पर अलग-अलग तरह के टैक्स और सेस लगाकर बोझ डालने का काम किया है। जहां केंद्र सरकार ने जीएसटी रिफॉर्म्स लाकर लोगों को राहत प्रदान की है वहीं कांग्रेस के नेता और मंत्री इसका विरोध कर पार्टी के जनविरोधी रवैए को जगजाहिर कर रहे हैं।

### कंगना के विरोध पर रणधीर का पलटवार, कांग्रेस को बताया जनविरोधी

यूथ कांग्रेस द्वारा मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत का विरोध करने के सवाल पर कहा कि इस प्रकार से नेताओं का बिना किसी कारण विरोध करने का औचित्य नहीं है। बीते कल सुंदरनगर में कंगना रनौत नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स की जानकारी लोगों और दुकानदारों को देने आई थीं। लेकिन इस दौरान यूथ कांग्रेस ने प्रदर्शन कर जीएसटी रिफॉर्म्स के विरोध को दर्शाया है। रणधीर शर्मा ने कांग्रेस पार्टी और यूथ कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी नहीं चाहती कि आम लोगों को सस्ती चीजें मिलें। उन्होंने आरोप लगाया कि आटा-चावल को जीएसटी मुक्त करने का फैसला हो या हेल्थ इंश्योरेंस को टैक्स फ्री करने की बात कांग्रेस इसका विरोध कर रही है। उन्होंने कहा यह साफ दर्शाता है कि कांग्रेस और यूथ कांग्रेस जनता के हितों के खिलाफ खड़े हैं। जहां एक ओर केंद्र सरकार आम आदमी को राहत देने के फैसले ले रही है, वहीं विपक्ष इन फैसलों में भी राजनीति खोजकर विरोध करने से पीछे नहीं हट रहा।



# शादी से एक दिन पूर्व घर से 500 मीटर दूर अधजला मिला युवती का शव

**अनंत ज्ञान, जोल**

जोल पुलिस चौकी के तहत गांव बैरियां में 24 वर्षीय युवती का शव घर से 500 मीटर दूर जली हुई अवस्था में बरामद हुआ है। युवती की पहचान अंशिका ठाकुर पुत्री स्व. विपिन ठाकुर निवासी बैरियां के रुप में हुई है।

24 सितंबर के दिन युवती की शादी होनी तय थी। युवती का शव जहां जली हुई अवस्था में पाया गया, वहीं युवती के चेहरे व गले पर कट के निशान भी पाए गए हैं। किसने युवती को रात के समय घर से यहां बुलाया और बेरहमी से उसकी हत्या कर दी, पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। वहीं, पुलिस ने सबूतों को खंगालने के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर के समय फोरेस्ट गार्ड ने बैरियां गांव में बैरियां–रामनगर सड़क से कुछ दूरी पर एक युवती के को शव को देखा। इसके बाद उसने इसकी सूचना जोल पुलिस चौकी में दी।

उक्त सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई और आगामी तफ्तीश शुरु की। वहीं, युवती के परिजन मौके पर पहुंचे तो अपनी लाडली को मृत अवस्था में देखकर उनका बुरा हाल हो गया। उधर, जोल पुलिस चौकी के प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि बैरियां में 24 वर्षीय युवती का शव बरामद हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। फोरेसिंग टीम को जांच के लिए बुलाया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### हर्ष गुप्ता ने संभाला कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नगर परिषद संतोषगढ़ के कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार अंब नगर पंचायत के सचिव हर्ष गुप्ता को दिया गया है। हर्ष गुप्ता ने नगर परिषद कार्यालय संतोषगढ़ में आकर कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त पदभार संभाला। हर्ष गुप्ता 2023 में दौलतपुर नगर पंचायत के सचिव थे, फिर उन्होंने 8 अगस्त, 2024 को नगर पंचायत अंब के सचिव का कार्यभार संभाला था और अब शहरी विकास विभाग द्वारा उन्हें नगर परिषद संतोषगढ़ के कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। हर्ष गुप्ता मूल रूप से सुजानपुर टिहरा के निवासी हैं और डलहौजी में स्थायी रूप में रह रहे हैं। इस दौरान हर्ष गुप्ता ने कहा कि नगर परिषद के सभी नुमाइंदों व नगरवासियों के सहयोग से नगर के विकास कार्यों को करने की उनकी प्राथमिकता रहेगी तथा प्रत्येक गरीब तक सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए वह हमेशा प्रयत्नशील रहेंगे।

### श्मशानघाट के लिए दान की भूमि

**अनंत ज्ञान, जोल।** आज के दौर में जहां एक-1 इंच की जमीन के लिए सगे संबंधियों में विवाद खड़ा होने पर बात मरने-मारने तक आ जाती है। वहीं, समाज के कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो समाज हित में अपनी लाखों रुपए की जमीन को दान करने से भी पीछे नहीं हटते। विकासखंड बंगाणा की ग्राम पंचायत डीहर के गांव चडोली के दो लोगों ने कुछ ऐसा ही करके समाज के सामने मिसाल पेश की है। ग्राम पंचायत डीहर के गांव चडोली के निवासी शिवकुमार शर्मा ने 15 मरले और ओमप्रकाश शर्मा ने 5 मरले भूमि श्मशानघाट के लिए दान की है। उनकी इस पहल ने समाज को प्रेरणा दी है। इसकी गांववासियों और पंचायत वासियों द्वारा भी सराहना की जा रही है। बड़ी बात यह है कि पंचायत के नाम रजिस्ट्री इन दो लोगों द्वारा दान की गई भूमि भी पंचायत के नाम रजिस्ट्री भी हो चुकी है, अब जल्द ही उनके गांव चडोली में दान की गई इस भूमि पर श्मशानघाट बनाया जाएगा। भूमि दानी शिवकुमार और ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि गांव के लोगों को किसी के निधन के पश्चात अंतिम संस्कार के लिए 1 किलोमीटर खड्ड में ले जाना पड़ता था और वहां पर पहुंचने के लिए रास्ता बहुत ही खराब है, ऐसे में लोगों की पीड़ा देखकर ही उनके मन में श्मशान घाट के लिए जमीन दान करने का विचार आया। पंचायत डीहर प्रधान कृष्णा देवी, उपप्रधान रघुवीर सिंह, बीडीसी राजेंद्र सिंह, पंचायत सदस्य चंरजी लाल ने बताया कि चडोली गांव के निवासी शिव कुमार शर्मा और ओम प्रकाश शर्मा ने अपनी 20 मरले जमीन श्मशान घाट के लिए दान की है। इसकी पंचायत के नाम रजिस्ट्री भी हो चुकी है। इन दोनों लोगों द्वारा किए गए इस पुनीत कार्य के लिए पंचायत इनकी आभारी है।

### मोहाली में ही उपलब्ध रहेंगे मरीजों के लिए डॉ. राज

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ व स्पाइन सर्जन डॉ. राज बहादुर ने कहा कि वह फिलहाल मोहाली स्थित स्पाइन सेंटर में ही सेवाएं दे रहे हैं और वहीं मरीजों के लिए उपलब्ध हैं। ऊना में एक निशुल्क चिकित्सा शिविर में सेवाएं देने पहुंचे डॉ. राज बहादुर ने कहा कि उन्हें हाल ही में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि वह मोहाली छोड़ चुके हैं। डॉ. राज बहादुर ने कहा कि वह केवल महीने में एक या दो बार ही ऋषिकेश जाते हैं और वह भी विशेष बैठकों या मार्गदर्शन संबंधी कार्यों के लिए। डॉ. राज बहादुर ने कहा कि मैं अपने मरीजों को यह भरोसा दिलाना चाहता हूं कि मैं मोहाली स्पाइन सेंटर में नियमित रूप से उपलब्ध हूं। ऋषिकेश की जिम्मेदारी मुख्यतः प्रशासनिक व मार्गदर्शन से जुड़ी है। मेरा प्राथमिक कार्य मरीजों की सेवा करना है और इसके लिए मैं मोहाली में ही रहूंगा। डॉ. राज बहादुर देश के जाने-माने स्पाइन विशेषज्ञ हैं और उन्हें चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए कई बार सम्मानित किया जा चुका है।

### विजयी विद्यार्थियों को आयुर्वेदिक उपहार दिए

**अनंत ज्ञान, ऊना।** आयुर्वेद दिवस की तैयारियों के अंतर्गत सरकारी आयुर्वेदिक स्वास्थ्य तलमेहड़ा में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष आयुर्वेद दिवस की विषय-वस्तु जन-जन के लिए आयुर्वेद तथा पौधों के लिए आयुर्वेद-स्वास्थ्य और हरियाली साथ-साथ निर्धारित की गई है। केंद्र की प्रभारी व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. जागृति दत्ता के नेतृत्व में चिकित्साकर्मियों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तलमेहड़ा के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने विद्यालय व चिकित्सालय प्रांगण की सफाई की। इसके पश्चात उन्हें चिकित्सालय परिसर में स्थित लघु औषधीय उद्यान का भ्रमण कराया गया तथा औषधीय पौधों के महत्व और उनके दैनिक जीवन में उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। चिकित्सालय प्रांगण में डॉ. वरुण गर्ग ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं तथा समस्त कर्मचारियों को स्वास्थ्य व परिवार सशक्तिकरण की शपथ दिलाई। इसी क्रम में डॉ. इंदु भारद्वाज ने कक्षा 11 के विद्यार्थियों के लिए आयुर्वेद प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की। प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को आयुर्वेदिक उपहार प्रदान किए गए। डॉ. जागृति दत्ता ने कहा कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाना, समाज में स्वस्थ जीवन-पद्धति को बढ़ावा देना तथा औषधीय पौधों और हरियाली के महत्व का प्रचार-प्रसार करना है।

### देवन मोदगिल बने रोट्रेक्ट क्लब के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, ऊना।** रोटरी क्लब ऊना द्वारा लॉर्ड कृष्णा पब्लिक हाई स्कूल कोटला कलां में रोट्रेक्ट क्लब का गठन किया गया। इसमें देवन मोदगिल को अध्यक्ष चुना गया। ऋषव मनकोटिया को सचिव की जिम्मेदारी दी गई। राघव सैनी को संयुक्त सचिव, वृद्धा को कोषाध्यक्ष, अंशिका मेहरा को सार्जेंट एट आर्मस, दृष्टि को डायरेक्टर, कल्पना, विध्यांशी, अंशिका सैनी, प्रिया सैनी को डायरेक्टर चुना गया। वंशिका, वंशिका, रमनदीप कौर व विदुषी को सदस्य चुना गया। स्कूल के चेयरमैन शिव कुमार सैनी, मोनिका शर्मा, रमा कुमारी को ऑनरेरी मेंबर नियुक्त किया गया। इसमें अध्यापिका मोनिका शर्मा ने रोटरी के बारे बच्चों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने रोटरी क्लब द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के बारे में बताया। रोटरी क्लब ऊना के अध्यक्ष यशपाल ठाकुर ने अपने संबोधन में नए अध्यक्ष देवन मोदगिल, सचिव ऋषव मनकोटिया सहित सभी सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि रोट्रेक्ट क्लब के सदस्य होने के नाते क्या-क्या काम करने होते हैं, इस बारे पूरी जानकारी दी। कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऊना के सदस्य बरजिंद्रजीत सिंह गोल्डी, सचिव रंजीत जसवाल, मोनिका कुमारी सहित स्कूल स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### पर्यावरणीय असंतुलन के दौर में पौधरोपण आवश्यक

**अनंत ज्ञान, ऊना।** इनर व्हील क्लब ऊना ने बसाल स्थित अनिल फार्म हाउस व छायादार और फलदार पौधों का पौधरोपण किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष शोभा सोनी ने पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। वे हमें शुद्ध वायु, फल, छाया व जीवन जीने का संतुलन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण व पर्यावरणीय असंतुलन के दौर में पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है। पेड़ न केवल जलवायु को संतुलित करते हैं, बल्कि मिट्टी और जल संरक्षण में भी सहायक होते हैं। पौधरोपण कार्यक्रम में क्लब की सदस्याएं शोभा सोनी, पूर्व प्रधान जतिन्दर कौर, सचिवअमरजीत बबली, उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा और संयुक्त सचिव रंजना बख्शी ने सक्रिय रूप से भाग लिया और स्वयं पौधे लगाए। इनर व्हील क्लब की ओर से यह संदेश दिया गया कि क्लब सदैव समाज की भलाई और कल्याण के लिए कार्य करता है। चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो या पर्यावरण क्लब हर क्षेत्र में समाज के उत्थान के लिए समर्पित है। पौधरोपण जैसे प्रयास न केवल पर्यावरण की रक्षा करते हैं, बल्कि एक स्वस्थ और स्वच्छ भविष्य की नींव रखते हैं।

# गोबिंदसागर की लहरों पर राष्ट्रभक्ति की पतवार

## लठियानी में एनसीसी नौकायन शिविर बना अनुशासन, नेतृत्व व सामाजिक चेतना का संगम

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**



लठियानी की शांत गोबिंदसागर झील इन दिनों देशभक्ति के बुलंद जज्बे से भर उठी है।

**लठियानी।** लठियानी की शांत गोबिंदसागर झील इन दिनों देशभक्ति के बुलंद जज्बे से भर उठी है।

एनसीसी जलसेना इकाई बिलासपुर के नेतृत्व में, कमांडिंग ऑफिसर सज्जन कुमार के दिशा–निर्देश में आयोजित नौकायन अभ्यास शिविर में 70 कैडेट्स को न केवल जलक्रीड़ा में निपुण कर रहे हैं, बल्कि उन्हें देशसेवा, अनुशासन और सामाजिक सरोकारों से भी जोड़ा। यह शिविर महज तकनीकी प्रशिक्षण नहीं था, बल्कि एक विचारशील क्रांति थी। नावों की हर लहर देशभक्ति की तरंग बन गई और हर चप्पू सामाजिक बदलाव की दिशा में आगे बढ़ता नजर आया। गोबिंद सागर झील से लठियानी बाजार तक रैली के माध्यम से कैडेट्स ने जनसरोकार के नारों से माहौल को चेतना से भर दिया। नशे से दूरी रखें, शरीर को स्वस्थ रखें और चाचा–चाची कष्ट करो, पॉलिथीन को नष्ट करो इन नारों ने आम जनता को सोचने पर मजबूर कर दिया। एनसीसी कैडेट्स ने पर्यावरण, भ्रूण हत्या, नशा मुक्ति, पॉलिथीन उन्मूलन व मोबाइल लत जैसे मुद्दों पर सक्रिय जनसंपर्क के द्वारा सार्थक संवाद स्थापित किया। पंजाब के बठिंडा की एनसीसी कैडेट विमला देवी व हरियाणा के अंकित ने नुक्कड़ नाटकों व नौकायन प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चंडीगढ़ की वाणी के चेहरे की मुस्कान व ऊर्जा पूरे शिविर की प्रेरणा बनी। हिमाचल से मोहित संधू की टीम भावना ने नेतृत्व की अद्भुत जानकारी प्राप्त हुई। कमांडिंग ऑफिसर सज्जन कुमार ने कहा कि हर चप्पू जब अनुशासन और सेवा भावना से चलता है, तो वह सिर्फ नाव नहीं, राष्ट्र निर्माण की लहरें बनाता है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि लहरों से टकराना तुम्हारी फितरत होनी चाहिए, क्योंकि तुम्हीं हो वो युवा जो नई राहें बनाते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने कैडेट्स के अनुशासन व समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम में लठियानी स्कूल के एएनओ राजीव कुमार, भूपेंद्र सिंह का सक्रिय योगदान रहा। इस अवसर पर शशि पाल शर्मा, देवेंद्र सिंह बेली, विशाल कुमार, नरेश कुमार, राजकुमार, संजीव कुमार, सुषमा देवी, सपना देवी, सुमना देवी, चंदनबाला, सरीना शर्मा, मंजूषा शर्मा एवं अन्य सभी शिक्षकों ने उत्साहवर्धन में अहम भूमिका निभाई। यह शिविर सिर्फ प्रशिक्षण नहीं था, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व व सामाजिक जागरूकता का जीवंत मंच था, जहां नावों के साथ–साथ एक नई सोच, एक नया भारत आकार ले रहा था। झील की गहराइयों में न केवल पानी था, बल्कि एक नई चेतना की लहरें थीं। यह शिविर आने वाले कल के उन नागरिकों की नींव है, जो समाज को दिशा देंगे।

# चिंतपूर्णी मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़, जयकारों से गूंजा शक्तिपीठ



शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन माता चिंतपूर्णी मंदिर में दर्शनों के लिए पहुंचे श्रद्धालु।

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मंगलवार को भी श्रद्धालु श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ माता के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे। मंदिर न्यास द्वारा बनाई गई व्यवस्था के तहत दर्शन किए गए।

चिंतपूर्णी में शारदीय नवरात्र मेले में 10 लंगर संस्थाओं ने लंगर लगाने के लिए मंदिर न्यास से अनुमति ली है। इसके लिए उनके द्वारा 10,000 प्रति लंगर फीस और 10,000 प्रति लंगर धरोहर राशि यानी कुल एक लाख लंगर फीस और एक लाख धरोहर राशि जमा कराई गई है, जो कि सफाई व्यवस्था चुस्त रखने के बाद रिफंड होगी। मंदिर न्यास द्वारा मुख्य बाजार में टेंट लगाए गए हैं और निशुल्क पीने के पानी की व्यवस्था के साथ–साथ दवाइयां का भी इंतजाम किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन करने में कोई असुविधा न हो। मंदिर अधिकारी अजय मंडियाल ने बताया कि 10 लंगर संस्थाओं ने लंगर लगाने की अनुमति ली है। मंदिर को 24 घंटे खुला रखने का फैसला लिया गया है, लेकिन अगर भीड़ नहीं होती है, तो रात को 10:30 बजे बंद कर दिया जाएगा और सुबह चार बजे खोला जाएगा।

## विधायक विवेक शर्मा ने बसाल में सुनी जनसमस्याएं

# कुटलैहड़ इस समय आपदा की मार झेल रहा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



विधायक विवेक शर्मा लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने बसाल स्थित जल शक्ति विभाग में जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर भारी संख्या में क्षेत्रवासी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।

लोगों ने सड़क, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और बिजली से संबंधित मुद्दों को विधायक के समक्ष रखा। विधायक ने सभी शिकायतों व सुझावों को गंभीरता से सुना और मौके पर ही मौजूद विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र इस समय आपदा की मार झेल रहा है। हाल ही की भारी बारिश व बाढ़ के कारण कई सड़कें व मार्ग क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिसके चलते लोगों को आवाजाही में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सबसे पहले सड़कों व जल शक्ति योजनाओं को दुरुस्त करने के लिए कार्य योजना बनाई जाएगी। विधायक ने अधिकारियों से कहा कि जहां–जहां स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर पानी की दलदल की समस्या है, वहां जल्द नालियों और ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त किया जाए, ताकि विद्यार्थियों व स्थानीय लोगों को परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं का स्थायी समाधान ही उनकी राजनीति का उद्देश्य है। इस अवसर पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जन शिकायतों के निवारण के लिए विशेष सेल गठित करने और समयबद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।

# होम्योपैथिक डॉक्टर सुमित पुन्याल हिम प्राइड अचीवर अवार्ड से सम्मानित

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**



**बंगाणा।** गेयटी थियेटर शिमला में हिम टीवी दारा हिम सिने अचीवर्स अवाड्‌र्स का आयोजन किया गया। हमीरपुर के होम्योपैथिक डॉक्टर सुमित पुन्याल को उनके उत्कृष्ट कार्यों और समाज सेवा के लिए हिम प्राइड अचीवर अवार्ड से प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्मानी दारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें स्वास्थ्य और होम्योपैथी के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान और समाज को जागरूक करने के प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। डॉ. सुमित पुन्याल पिछले 10 वर्षों से होम्योपैथी के क्षेत्र में कार्यरत हैं और प्रदेश के लोगों को होम्योपैथिक चिकित्सा के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर रहे हैं। इसके साथ ही वे स्वास्थ्य और होम्योपैथी के प्रति लोगों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके प्रयासों से प्रदेश में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता विभिन्न स्तरों, जैसे एनजीओ, संगठनों, शिक्षण संस्थानों, आईसीडीएस और पंचायत स्तर तक फैली है। यह पहली बार नहीं है, जब डॉ. पुन्याल को उनके कार्यों के लिए सराहा गया है। इससे पहले उन्हें हिमालयन श्री 2024, हिमाचल की शान 2024 स्टेट अवार्ड व नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से भी सम्मानित किया जा चुका है। ये सम्मान उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और होम्योपैथी के प्रति उनके जुनून का प्रमाण हैं। डॉ. सुमित पुन्याल ने कहा यह सम्मान मेरे लिए गर्व की बात है, लेकिन वास्तव में यह पुरस्कार उन सभी कार्यकर्ताओं और सहयोगियों का है, जिन्होंने हर समय मेरा साथ दिया।

# सेवानिवृत्त फौजी बेटे ने मां पर किया हमला, अंब थाने में मामला दर्ज

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** ऊना जिले के तहत थाना अंब में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक सेवानिवृत्त फौजी बेटे ने अपनी ही बुजुर्ग मां पर दराट से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव नंदपुर निवासी उर्मिला देवी ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उनका बेटा वीरेंद्र सिंह, जो लगभग तीन महीने पहले भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुआ है, उनके साथ ही परिवार सहित रहता है। शिकायत के मुताबिक, 22 सितंबर को वीरेंद्र सिंह शराब के नशे में घर आया और गाली–गलौज करने लगा, जब उर्मिला देवी ने उसे समझाने की कोशिश की, तो उसने दराट से उन पर हमला कर दिया, जिससे उनकी बाजू पर गंभीर चोट आई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करवाया और मेडिकल ऑफिसर की राय के आधार पर वीरेंद्र सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 118(2), 352 और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थाना अंब पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई की जा रही है।

# वर्षा से प्रभावित फ्रेंड्स कॉलोनी का पूर्व विधायक रायजादा ने किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, ऊना**



ऊना फ्रेंड्स कॉलोनी में जल निकासी की समस्या देखते हुए सतपाल रायजादा व अन्य।

नगर निगम ऊना के अंतर्गत फ्रेंड्स कॉलोनी इस वर्ष अगस्त–सितंबर माह के मानसून सीजन में भारी वर्षा के कारण गंभीर जलभराव की समस्या से प्रभावित रही।

तेज बारिश के चलते लोगों के घरों, दुकानों तथा अन्य प्रतिष्ठानों में पानी घुस गया, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी क्षति उठानी पड़ी। उल्लेखनीय है कि अगस्त माह में जब भारी वर्षा के दौरान स्थानीय लोगों के घरों में पानी घुस गया था, तब पूर्व विधायक ऊना सदर सतपाल सिंह रायजादा स्वयं बारिश में मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने तत्काल राहत कार्य करवाते हुए जेसीबी मशीन लगाकर बंद नाले को खुलवाया, जिससे जल निकासी संभव हो सकी और लोगों को अस्थायी राहत मिली। आज पुन: स्थिति का जायजा लेने के लिए सतपाल रायजादा ने नगर निगम ऊना के आयुक्त महेंद्रपाल गुर्जर के साथ प्रभावित क्षेत्रों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रायजादा ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नालों व ड्रेनेज सिस्टम की त्वरित सफाई व सुदृढ़ीकरण किया जाए। स्थायी समाधान के लिए मास्टर प्लान तैयार कर उचित बजट की व्यवस्था की जाए। प्रभावित परिवारों व दुकानदारों को राहत पहुंचाने के लिए शीघ्र सर्वे करवाया जाए। जल निकासी व्यवस्था को आधुनिक तकनीक के अनुरूप विकसित किया जाए, ताकि भविष्य में नागरिकों को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर नगर परिषद ऊना के पूर्व अध्यक्ष अमरजोत सिंह, बीडीसी सदस्य विक्की सैनी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण व नैतिक मूल्यों पर ज्ञान साझा किया

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियानी।** बंगाणा उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायपुर मैदान में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन एक प्रेरणादायक अनुभव रहा।

प्रधानाचार्य सुरेश कुमार चौधरी ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि स्वच्छता समाज की समृद्धि की पहली सीढ़ी है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार ने विद्यालय के अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना की प्रशंसा की। छात्राओं ने नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और नैतिक मूल्यों पर ज्ञान साझा किया। शारीरिक शिक्षक विजय सर ने स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित किया। शिक्षकगण भी सक्रिय रूप से पखवाड़े में शामिल हुए और इसे जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया। एनएसएस स्वयंसेवक स्कूल परिसर की सफाई करते हुए दिखे। कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार ने इसे स्वच्छ भारत और सशक्त भारत के लिए एक प्रेरक कदम बताया।



एनएसएस के छात्र स्वच्छता अभियान के तहत विद्यालय परिसर की सफाई करते हुए।

# रोवर्स व रेंजर्स ने प्रेम आश्रम का किया भ्रमण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय महाविद्यालय ऊना की रोवर्स व रेंजर्स शाखा ने प्रेम आश्रम का भ्रमण किया इस भ्रमण का उद्देश्य विश्व शांति दिवस मनाना था। इस भ्रमण में रोवर लीडर डॉक्टर शाम सिंह बैंस तथा रेंजर लीडर डॉक्टर श्रेयसी सिंह शामिल रहे। इस भ्रमण में कॉलेज के छात्रों ने दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, संस्कार और उनकी जरूरतों को करीब से समझा। उन्होंने ये भी समझा कि ये दिव्यांग बच्चे अयोग्य नहीं हैं, इनमें अलग तरह की क्षमता होती है, जिन्हें समय के साथ–साथ विकसित करना होता है। कॉलेज के छात्रों ने दिव्यांग बच्चों के साथ म्यूजिकल गेम खेला तथा और कई तरह की गतिविधियों के द्वारा उनका मनोरंजन किया। इस भ्रमण में प्रेम आश्रम की प्राचार्या सिस्टर संजना का सहयोग रहा। इसके साथ ही राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर मीता शर्मा ने ऐसे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इससे छात्रों की संवेदना विकसित होती है। इस भ्रमण में प्राचार्या का विशेष सहयोग रहा ।

**पुनर्गठन** हिमाचल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड में गूंजेगी गगरेट की आवाज, विधायक कालिया को मिला सम्मान

# व्यापारी बीमा योजना के लिए सरकार से की जाएगी पैरवी

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



व्यापार मंडल गगरेट के प्रधान शुभम पुरी को ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड का सदस्य मनोनीत किए जाने पर विधायक राकेश कालिया को सम्मानित करता व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल।

हिमाचल प्रदेश ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के नवनियुक्त सदस्य व व्यापार मंडल गगरेट के प्रधान शुभम पुरी ने व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल के साथ विधायक राकेश कालिया से मुलाकात की और उनके माध्यम से व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के पुनर्गठन के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार प्रकट किया।

इस दौरान व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए व्यापार मंडल गगरेट के प्रधान शुभम पुरी को सदस्य मनोनीत करवाने के लिए विधायक राकेश कालिया को सम्मानित किया। शुभम पुरी ने कहा कि वर्तमान समय में व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए ऐसे बोर्ड की नितांत आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग जीएसटी व स्टेट टैक्स के माध्यम से प्रदेश सरकार को भारी राजस्व जुटा कर देता है, ऐसे में प्रदेश सरकार का व्यापारी वर्ग के प्रति संवेदनशील होना दर्शाता है कि प्रदेश सरकार व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए गंभीर है। शुभम पुरी ने विधायक राकेश कालिया के साथ व्यापारियों की समस्याओं पर गहन चर्चा की और विधायक राकेश कालिया के माध्यम से प्रदेश सरकार को राजस्व जुटाने में अहम योगदान देने वाले व्यापारियों के लिए मेडिकल सुविधा के साथ व्यापारियों का बीमा करवाने पर भी प्रदेश सरकार के समक्ष मामला उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा गया है कि मुसीबत के समय व्यापारियों के परिवार भी खून के आंसू रोने पर विवश हो जाते हैं। व्यापारियों का बीमा करवाने के लिए अगर प्रदेश सरकार चाहे तो व्यापारी बीमा योजना के लिए अंशदान देने को भी तैयार हैं, लेकिन हर हाल में हर व्यापारी का उसकी सालाना टर्नओवर के अनुसार बीमा करवाया जाना समय की मांग है। शुभम पुरी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड में विधानसभा क्षेत्र के तीन प्रतिनिधि शामिल करवा विधायक राकेश कालिया ने साबित किया है कि उन्हें व्यापारियों की समस्याओं की चिंता है। उधर, विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए गंभीर है। वह स्वयं मुख्यमंत्री के समक्ष व्यापारियों की आवाज बनेंगे और व्यापारियों की जायज मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया जाएगा। इस अवसर पर व्यापार मंडल के राजेश बिट्टा, विपिन पराशर, सुनील बिट्ढू, अनिल लक्की, गौरव कौशल, गौरव शर्मा, सागर चौहान, चंदन शर्मा, अभिनव पुरी, रोबिन जसवाल, प्रिंस ठाकुर, तरुण शर्मा, विकास शर्मा, मनमोहन मिन्टू, संदीप सिप्पी, प्रताप सिंह, चेतन बंसल आदि मौजूद रहे।

# कुटलैहड़ में बाढ़ प्रभावितों के साथ खड़े हुए भुट्टो, बांटी राशन किटें

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में बीते अढ़ाई माह से लगातार बाढ़ व प्राकृतिक आपदा का संकट झेल रहे परिवारों की मदद के लिए कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो लगातार राहत कार्यों में जुटे हुए हैं।

मंगलवार को उन्होंने क्षेत्र की बल्ह व हिंडोला पंचायतों में बाढ़ प्रभावित परिवारों को 233 राहत किटें वितरित कीं। इन किटों में कंबल, बाल्टी, बासमती चावल, आटा, दालें, चीनी, नमक, चायपत्ती और अन्य आवश्यक घरेलू सामग्री शामिल थी। भाजपा नेता दविंदर कुमार भुट्टो ने बताया कि कुटलैहड़ क्षेत्र के बाढ़ पीड़ित परिवारों के लिए यह समय बेहद कठिन है और ऐसे में राजनीति का कोई महत्व नहीं रह जाता। उन्होंने कहा कि मेरे कुटलैहड़ विस क्षेत्र का हर नागरिक मेरा परिवार है, जब परिवार पर कोई आपदा आती है, तो कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होना ही सच्ची सेवा है। राजनीति से ऊपर उठकर जरूरतमंदों की मदद करना मेरा कर्तव्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कठिन दौर में कोई भी व्यक्ति भूखा या परेशान न रहे, इसके लिए वे और उनकी पूरी टीम दिन–रात प्रयासरत हैं। राहत सामग्री बांटते समय उन्होंने ग्रामीणों से उनकी अन्य समस्याएं सुनीं और उन्हें भरोसा दिलाया कि हर संभव सहायता उनके लिए उपलब्ध कराई जाएगी। बीते ढाई महीनों से भाजपा नेता भुट्टो लगातार कुटलैहड़ के विभिन्न गांवों व पंचायतों में राहत सामग्री वितरित कर रहे हैं, अब तक सैकड़ों परिवारों को राशन किट, कंबल और आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। यही नहीं, जिन परिवारों के घर या खेत बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनके हालात का भी जायजा वे मौके पर जाकर ले रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि भाजपा नेता भुट्टो का यह प्रयास उनके लिए संबल का काम कर रहा है, जब कई परिवार रोजगार और आजीविका के साधनों से वंचित हो गए हैं, तब उन्हें न सिर्फ आर्थिक मदद, बल्कि मानसिक हौसला भी मिल रहा है।

# सच्चे मन से मांगी हर मनोकामना पूरी होती है माता शीतला की चौखट पर

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** जिला कुल्लू मुख्यालय के नजदीक सरवरी पुल के पास स्थित शीतला माता मंदिर अपनी मान्यताओं के लिए जाना पहचाना जाता है। शीतला माता को भगवान शिव की अर्धांगिनी मां पार्वती का अवतार माना जाता है।

शीतला मंदिर कुल्लू के पुजारी मदन देव शर्मा, जो कि पिछले 40 सालों से मंदिर में अपनी मुख्य पुजारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहें हैं उन्होंने मंदिर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि माता का मंदिर इसी स्थान पर हजारों सालों से विद्यमान है, मगर मंदिर के नवनिर्माण को करीब 40 साल से ऊपर का समय हो चुका है। उन्होंने बताया कि शीतला माता की पूजा करने से दैहिक, दैविक और भौतिक तापों से मुक्ति मिलती है। सच्चे मन से माता की चौखट में मन्नत मांगनें से भक्तों के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और माता के दरबार से कोई भी भक्त खाली हाथ नहीं लौटता। उन्होंने बताया कि खासकर चेचक जैसी बीमारियों के लिए तो मां का नीर रामबाण है, जो कि कभी निष्फल नही जाता।

**इतिहास** **शीतला** माता मंदिर के इतिहास से कई जनश्रुतियां जुड़ी हुई हैं। एक कथा के पुरातन समय में राजस्थान से एक राजा यहां पर ठहरने के लिए आया था। एक दिन ठहरने के बाद दूसरे दिन जब उसने घर वापस जाना था, तो एक कन्या को खेल आई और राजा को रोक दिया और कहा कि यहां पर मेरी स्थापना करो। इसके बाद कन्या कहीं पर लुप्त हो गई और माता के रूप में यहां पर विराजमान हुई। इसके बाद राजा ने यहां पर माता को स्थापित कर उसकी पूजा-अर्चना की। यहां पर माता के तीन रूप के दर्शन होते हैं। इसमें शीतला माता, ज्वाला माता, भेखली माता विराजमान हैं। बताया जाता है कि यहां पर जो भी अपने दुखों को लेकर जाता है माता उसके दुखों को दूर करती है। ऐसे कई वाक्य यहां पर पेश आ चुके हैं। पति की लंबी आयु के अकसर महिलाएं यहां पर आकर माता से मन्नत मांगती हैं।


शीतला माता मंदिर के अंदर माता रानी की मूर्ति।


सरवरी कुल्लू में स्थित शीतला माता मंदिर का दृश्य।

### माता के मंदिर में होता है चेचक की बीमारी का इलाज

शीतला माता मंदिर के पुजारी कहते हैं कि माता रानी के इस मंदिर में हजारों लोग अपनी शारीरिक कष्टों का निवारण के लिए पहुंचते हैं। मान्यताओं के अनुसार चेचक उस इंसान पर ज्यादा प्रभावी होता है, जिसपर माता रानी का बुरा प्रकोप पड़ता है। माना जाता है कि इस दौरान उनकी पूजा करने पर माता व्यक्ति की शरीर में आती है और बीमारी को ठीक कर देती है। उन्होंने बताया कि जो लोग सच्चे मन से माता रानी के समक्ष अपनी परेशानी और तकलीफों को बयां करते हैं, उन्हें माता रानी कभी भी खाली हाथ नहीं लौटाती, यहां पर आने वाले मनोकामना पूर्ति के लिए माता रानी को नमक और झाड़ू चढ़ाते हैं।

### सुबह व शाम 7:30 बजे होती है पूजा

जिले के सभी मंदिरों में नवरात्र शुरू होने से भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया है। नवरात्र में नव दुर्गा की पूजा विशेष रूप से की जाती है। शीतला माता रानी की पूजा सुबह के 7-30 बजे और शाम को भी 7:30 बजे नियमित समय पर की जाती है। उन्होंने बताया कि माता के मंदिर में चमड़े के बने उत्पाद सहित शराब और मादक पदार्थ को ले जाने और इस्तेमाल की सख्त मनाही है।

### किस तरह से करें माता रानी की पूजा

**शीतला** सप्तमी-अष्टमी के दिन सुबह जल्द उठकर माता शीतला का ध्यान करना चाहिए। शीतला सप्तमी के दिन व्रती को सुबह नित कर्मो से निवृत्त होकर स्वच्छ व शीतल जल से स्नान कर खुद को स्वच्छ करना अनिवार्य है। सप्तमी के दिन महिलाएं मीठे चावल, हल्दी, चने की दाल और लोटे में पानी लेकर पूजा करती हैं। मन में माता रानी ध्यान करते हुए माता शीतला को जल अर्पित करें और उसकी कुछ बुंदे अपने ऊपर भी डालें।

### हर रोज दर्शन को आते हैं हजारों भक्त

**शीतला** माता मंदिर सरवरी कुल्लू में हर रोज हजारों लोग माता के दर्शनों का लाभ लेने के लिए दूर-दूर से यहां पर पहुंचते हैं। माता रानी के मंदिर में दूर-दूर से आने वाले भक्तों के ठहरने के लिए धर्मशाला की सुविधा भी है, जहां पर भक्त आराम से विश्राम कर सकते हैं। मुख्य पुजारी के अनुसार इस मंदिर में प्रदेश से ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों से भी हजारों की संख्या में भक्त माता के दर्शन और अपने कष्टों का निवारण के लिए पहुंचते हैं।

# कुल्लू-मनाली राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर ट्रैफिक प्लान जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू-मनाली राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर बहाल किए जा रहे अस्थायी यातायात प्रबंधन के तहत जिला दंडाधिकारी तोरुल एस रवीश ने जनहित को दृष्टिगत रखते हुए ट्रैफिक प्लान के लिए आदेश जारी किए हैं।

भारी प्राकृतिक आपदा के चलते ब्यास नदी में राष्ट्रीय उच्च मार्ग के कई हिस्से बह गए थे। सड़क मार्ग का मरम्मत व विस्तार कार्य प्रगति पर है। इस दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और जन-सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक कुल्लू द्वारा ट्रैफिक मूवमेंट प्लान जारी किया गया है। रायसन-मनाली (राइट बैंक रोड) प्रात: 10 से दोपहर 2 बजे तक तथा सायं 5 से रात 9:30 बजे तक बंद रहेगा। इस अवधि में समस्त यातायात कुल्लू-मनाली के बीच लेफ्ट बैंक रोड (रायसन होकर) से संचालित होगा। दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक राइट बैंक रोड केवल कुल्लू से मनाली की ओर एकतरफा यातायात के लिए खुला रहेगा। इस दौरान पतलीकूहल से कलाथ के बीच केवल स्थानीय वाहनों को दोनों दिशाओं में आवाजाही की अनुमति होगी। रायसन से आलू ग्राउंड तक 50 मिनट का समय लगता है, ऐसे में रायसन में सायं साढ़े 4 बजे और आलू ग्राउंड से सायं 5:20 पर राष्ट्रीय उच्च मार्ग सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद रहेगा। शाम 5 से रात 9:30 बजे तक राष्ट्रीय उच्च मार्ग पूरी तरह मरम्मत व चौड़ीकरण कार्य के लिए बंद रहेगा।

इस दौरान केवल आपातकालीन सेवाओं के लिए वाहनों को अनुमति होगी और शेष यातायात लेफ्ट बैंक रोड से होगा। रात्रि 9:30 बजे से प्रात: 10 बजे तक राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर एकतरफा यातायात बहाल रहेगा। इस अवधि में भी पतलीकूहल से कलाथ तक के स्थानीय वाहनों को दोनों ओर आवागमन की सुविधा होगी। रायसन से 15 मील (डोहलुनाला) तक सड़क दोतरफा यातायात के लिए खुली रहेगी। इसके बाद तय समयानुसार वाहनों को 15 मील और आलू ग्राउंड पर रोककर नियंत्रित ढंग से आगे भेजा जाएगा। 15 मील आलू ग्राउंड तक 15 से 20 मिनट का समय लगता है। 15 मील में वाहन सायं 4:50 और आलू ग्राउंड में सायं 5:10 पर रोक दिए जाएंगे।

# पुखरी गांव में दरकी पहाड़ी, शौरी ने किया दौरा

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी सैंज घाटी की ग्राम पंचायत देवगढ़ गोही के आपदा प्रभावित पुखरी गांव के दौरे पर रहे।

प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे इस गांव में पूरी पहाड़ी दरक जाने से चार मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं तथा कई मकानों में गहरी दरारें आ चुकी हैं। विधायक ने प्रभावित परिवारों से मिलकर उनका दुख-दर्द साझा किया और राहत व पुनर्वास कार्यों का मौके पर जायजा लिया। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावितों को हर संभव सहायता पहुंचाना सरकार और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है तथा इसे सुनिश्चित करने के लिए वे लगातार विधानसभा क्षेत्र में हर आपदा प्रभावित परिवार तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। इस अवसर पर विधायक शौरी ने बताया कि प्राथमिक पाठशाला पुखरी का भवन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। इसे असुरक्षित घोषित कर, विद्यार्थियों की कक्षाओं के संचालन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश उपनिदेशक प्राथमिक शिक्षा कुल्लू को दिए गए हैं।

विधायक ने यह भी अवगत कराया कि गांव के लिए सड़क मार्ग पूरी तरह नष्ट हो गया है, अब क्षेत्र के लिए नई संभावनाओं की तलाश कर वैकल्पिक सड़क निर्माण करना अनिवार्य होगा। उन्होंने दोहराया कि वे लगातार आपदा प्रभावितों के बीच बने हुए हैं और लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। शौरी ने कहा कि हर प्रभावित तक राहत पहुंचेंगी और पुनर्वास कार्यों में तेजी लाई जाएगी।

## वन नेशन वन जीएसटी से ऐतिहासिक राहत

**अनंत ज्ञान, बंजार।** केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी में किए गए बदलाव व सुधार 22 सितंबर से पूरे देश में प्रभावी हो गए हैं। नए जीएसटी सुधार का पूरे देश में वन नेशन वन जीएसटी व्यापक असर देखने को मिलेगा। बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि यह कदम भारत की कर प्रणाली को सरल बनाते हुए आम जनता, विशेषकर मध्यम वर्ग को ऐतिहासिक राहत देने वाला है। शौरी ने कहा कि में वन नेशन वन जीएसटी चार कर-स्लैब घटाकर केवल दो कर दिए गए हैं।



इससे कर व्यवस्था आसान होने के साथ-साथ वस्तुओं और सेवाओं के दामों में स्थिरता आई है। इसका सबसे बड़ा लाभ मध्यम वर्ग को हुआ है, जिनके लिए अब दैनिक उपयोग की वस्तुएं पहले से अधिक सस्ती और सुलभ हो गई हैं। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कदम देश की आर्थिक संरचना को और मजबूत करेगा तथा आम उपभोक्ता की जेब में सीधी राहत देगा। उन्होंने इसे जनता व सरकार के बीच विश्वास बढ़ाने वाली व्यवस्था करार दिया।

# संस्कृति व पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

बंजार की ग्राम पंचायत कलवारी के देहुरी में दो दिवसीय 'तीर्थन नदी महोत्सव' का आयोजन हुआ।

दो दिवसीय महोत्सव के शुभारंभ मौके पर मुख्यातिथि रंजीव भारती पुत्र स्वर्गीय दिले राम शबाब पूर्व विधायक बंजार विधानसभा क्षेत्र द्वारा तीर्थन ध्वजारोहन के साथ इस कार्यक्रम का आगाज किया गया। दो दिवसीय कार्यशाला का भी आयोजन इस दौरान हुआ। इस मौके पर घाटी और तीर्थन नदी संरक्षण विषय पर शाई रोपा ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क में कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें समुदायिक नेतृत्व, पर्यटन, पर्यावरण और अकादमिक दृष्टिकोण से नदी व घाटी के संरक्षण पर विशेषज्ञों और स्थानीय प्रतिनिधियों ने चर्चा परिचर्चा की। इस दौरान विशेषज्ञों, स्थानीय लोगों और विभिन्न संगठनों ने मिलकर तीर्थन घाटी के सतत विकास के लिए कई अहम सुझाव और योजनाएं साझा कीं। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य तीर्थन घाटी में पर्यावरण संरक्षण, नदी के प्रदूषण पर नियंत्रण और पर्यटन के संतुलित विकास पर चर्चा करना रहा। इस कार्यक्रम में एपीएमसी अध्यक्ष जिला कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति राम सिंह मियां, उपमंडल अधिकारी बंजार पंकज शर्मा, हिमालय नीति अभियान के संयोजक गुमान सिंह, जेएनयु से सेवनिवृत प्रोफेसर डॉ.वरयाम सिंह, डॉ. सूरत ठाकुर, सेवानिवृत्त डिप्टी डायरेक्ट मतस्य खेम सिंह ठाकुर, पीएचडी संस्था से डॉ. संदीप मिन्हास, सहारा संस्था के निदेशक राजेंद्र चौहान, तीर्थन संरक्षण व पर्यटन विकास एसोसिएशन के अध्यक्ष वरुण भारती, जीभी घाटी पर्यटन विकास एसोसिएशन से ललित कुमार, एपीआरओ ओपी शर्मा, बंजार ब्लॉक पंचायत समिति चेयरमैन लता देवी, ग्राम पंचायत कलवारी की प्रधान प्रेम लता, पंचायत समिति सदस्य लीला देवी, आदर्श महिला मंडल देहुरी की प्रधान रामप्यारी, गोविंद सोनू ठाकुर, अनूप नेगी, बहादुर सिंह और लाल चंद राजपूत सहित अन्य कई गणमान्य लोग और संगठन शामिल हुए। तीर्थन नदी के संरक्षण का संकल्प के साथ इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटी प्रतियोगिता, महिला खेल, समूहगान, पेंटिंग, प्रश्नोत्तरी, प्रदर्शनी और पर्यावरण डॉक्यूमेंट्री का भी आयोजन हुआ।


तीर्थन नदी महोत्सव व साते जाच के अवसर पर देवी-देवता और हारियान।

इसी के साथ ही स्वास्थ्य विभाग व आयुर्वेद विभाग के द्वारा यहां पर हेल्थ चैकअप कैंप भी लगाया गया था, जिसका लोगों को लाभ मिला। इन प्रतियोगिता के विजेताओं को बंजार ब्लॉक पंचायत समिति चैयरमेन लता देवी द्वारा पुरस्कार भी बांटे गए। वहीं, दूसरे दिन के कार्यक्रम में लोगों द्वारा तीर्थन नदी की पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना की गई, जिसमें पुरष व महिलाएं पारंपरिक परिधान पहने हुए, ढोल नगाड़ों की थाप के साथ नदी पूजा में शामिल हुए। लोगों ने विश्व धरोहर ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के तीर्थ नामक स्थान से निकली इस पवित्र नदी को प्रदूषणमुक्त बनाए रखने का संकल्प लिया। पारंपरिक एवं ऐतिहासिक साते देहुरी जाच मेले का आयोजन हुआ। इस मेले में पेखड़ी के देवता लोमश ऋषि व कलवारी के देवता लक्ष्मी नारायण ने शिरकत की। देहुरी में कई देव परंपराओं का निर्वहन किया गया। इसमें सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। देवताओं का भव्य मिलन इस मेले का विशेष आकर्षण रहा। इस दौरान लोगों ने देहुरी सोह में नाटी मेले का खूब आनंद लिया। सहारा संस्था के निदेशक राजेंद्र चौहान ने बताया कि इस महोत्सव के दौरान तीर्थन नदी की धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्ता को नई पीढ़ी तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। यह महोत्सव युवाओं में संस्कृति और प्रकृति के प्रति श्रद्धा और जागरूकता को बढ़ावा देगा।

## न्यूज ब्रीफ

### जेएनवी के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल ने जिला कुल्लू के सभी अभिभावकों को सूचित किया कि जिनके बच्चे कक्षा 8वीं व 10वीं) में पढ़ रहे हैं वे अभिभावक जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल जिला कुल्लू में कक्षा 9वीं तथा 11वीं में रिक्त सीटों के लिए अपने बच्चों का ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि 23 सितंबर से बढ़ाकर 7 अक्तू बर हो गई है। नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 7 फरवरी, 2026 को होगी। अधिक जानकारी के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय कुल्लू के कार्यालय के फोन नं. 9418538510 पर संपर्क कर सकते हैं।

### खेल प्रतियोगिताओं के लिए छात्राओं के ट्रायल

**अनंत ज्ञान, आनी।** 26 सितंबर से शुरू होने वाली खंड स्तरीय अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिताओं के लिए मंगलवार को निरमंड में छात्राओं के ट्रायल आयोजित किए गए। इस दौरान निरमंड शिक्षा खंड की कुल 95 छात्राओं ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। भारी बारिश व हालिया आपदा के चलते इस वर्ष खेल कैलेंडर में बदलाव किया गया है। संशोधित योजना के तहत इस बार सभी शिक्षा खंडों में केवल ट्रायल ही लिए जा रहे हैं, ताकि योग्य खिलाड़ियों का समय पर चयन हो सके। राज माता शांति देवी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निरमंड में आयोजित ट्रायल खंड प्रभारी दया नंद ठाकुर की निगरानी में हुए। चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी ट्रायल केंद्रों पर खेल प्रभारी व अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। ट्रायल में चयनित खिलाड़ी अब जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। छात्राओं की प्रतियोगिताएं 26 से 28 सितंबर तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाजोरा में होंगी, जबकि छात्रों की खेलकूद प्रतियोगिताएं 27 से 29 सितंबर तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भुंतर में आयोजित की जाएंगी, जबकि राज्य स्तरीय खेल स्पर्धाएं 13 अक्तूबर से शुरू होंगी।

# विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने राष्ट्रीय आयुष दिवस पर रोपे औषधीय पौधे

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के दसवें संस्करण के अवसर पर वृत्त आयुर्वेदिक चिकित्सालय कटराईं में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस दौरान विधायक भुवनेश्वर गौड़ विशेष रूप से उपस्थित हुए और उन्होंने आयुर्वेदिक अस्पताल परिसर में औषधीय पौधों का रोपण किया। जानकारी देते हुए चिकित्सालय प्रभारी डॉक्टर जसविंदर कपूर ने बताया कि राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के मौके पर कटराईं में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कटराईं में सुबह की सभा में डॉ. प्रोमिला ने स्टूडेंट्स को शारीरिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी और छात्राओं को मासिक धर्म के समय बरती जाने वाली विशेष सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया। आयुर्वेद तथा योग का आम जीवन में महत्व तथा समाज में योग तथा आयुर्वेद के प्रचार व प्रसार के अंतर्गत स्थानीय महिला मंडल की सदस्य तथा अन्य गांव वासियों ने विशेष योग सत्र में भाग लिया तथा प्राणायाम तथा योग की बारीकियों को समझा । महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण व शिक्षा के उद्देश्य से जागरूकता शिविर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के अंतर्गत महिलाओं के स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।




# ढालपुर में मनाया राष्ट्रीय आयुष दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में राष्ट्रीय आयुष दिवस मनाया गया। जिले भर के अन्य आयुर्वेदिक संस्थानों में भी राष्ट्रीय आयुष दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में जहां मरीजों के साथ-साथ अन्य लोगों को आयुर्वेद के बारे में जानकारी दी गई। वहीं, आयुर्वेद के माध्यम से लोग किस तरह से स्वस्थ जीवन जी सकते हैं और किस तरह से समाज को भी प्रेरणा दे सकते हैं। इसके बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गई। जिला आयुष अधिकारी डॉ. मनु शर्मा ने बताया कि भारत में आयुष मंत्रालय का गठन वर्ष 2014 में हुआ था और वर्ष 2016 से प्रति वर्ष धन त्रयोदशी के दिन आयुर्वेद दिवस मानाया जाता रहा है। धन त्रयोदशी की तिथि में बार-बार परिवर्तन होने के कारण इस वर्ष से आयुर्वेद दिवस का आयोजन अब 23 सितंबर को मनाने का फैसला किया गया है।

# ऋतिक कार्तिक को एबीवीपी कुल्लू की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कुल्लू इकाई की नव कार्यकारिणी का मंगलवार को विधिवत गठन किया गया।

परिषद के संगठनात्मक विस्तार व छात्रहित के संकल्प को लेकर आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। इस अवसर पर ऋतिक कार्तिक को कुल्लू इकाई का अध्यक्ष तथा संजना ठाकुर को इकाई का सचिव चुना गया। चुनाव प्रक्रिया में चुनाव अधिकारी के रूप में रूपेंद्र ठाकुर उपस्थित रहे। वहीं, कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति कुल्लू विभाग संगठन मंत्री रोहित राणा रहे, जिन्होंने नव निर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं और संगठन के प्रति निष्ठा व परिश्रम से कार्य करने का आह्वान किया। एबीवीपी के नव निर्वाचित इकाई के अध्यक्ष ऋतिक कार्तिक ने कहा कि वे छात्रहितों की आवाज को मजबूती से उठाएंगे और शिक्षा जगत में व्याप्त समस्याओं का समाधान कराने के लिए संघर्षरत रहेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी दोहराया कि छात्र संघ चुनाव बहाली, शिक्षा में समान अवसर और मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति ही परिषद का प्रमुख लक्ष्य रहेगा। बैठक में बड़ी संख्या में परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने नई कार्यकारिणी को बधाई व शुभकामनाएं दीं।


एबीवीपी कुल्लू इकाई की नव कार्यकारिणी का विधिवत गठन किया।

## छात्र संघ चुनाव बहाल कर हमारे लोकतांत्रिक अधिकार लौटाए जाएं: अभिनव कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** एबीवीपी कुल्लू इकाई ने प्रदेश स्तरीय मांगों को लेकर 24 घंटे की सांकेतिक भूख हड़ताल की। 24 घंटे बाद पूर्व में रहे कार्यकर्ता योगेंद्र विष्ट ने जूस पिलाकर सांकेतिक भूख हड़ताल तुड़वाई।

इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सरकार से तुरंत समाधान की मांग की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने धरना देकर प्रदेश सरकार से छात्रों की समस्याओं का समाधान करने की अपील की। छात्रों ने प्रदेश स्तर पर कई अहम मांगें उठाई। जिला संयोजक एवं कुल्लू इकाई अध्यक्ष अभिनव कश्यप ने बताया कि सरकार प्रदेश में छात्र संघ चुनाव बहाल नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही छात्र संघ चुनाव बहाल किए जाएं। इसके अलावा और भी कई मांगें हैं, जिनमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को जल्द लागू करना, शैक्षणिक संस्थानों में लंबित रिक्त पदों को तुरंत भरना। एसपीयू मंडी के साथ हो रहे भेदभाव को समाप्त करना है।

**झटका** राजनीतिक गलियारों में मची हलचल, राजीव का कांग्रेस में एक लंबा व ऐतिहासिक सफर

# कांग्रेस को बड़ा झटका, राजीव ठाकुर भाजपा में शामिल

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** मनाली कांग्रेस पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होकर कांग्रेस को एक करारा झटका दिया है।

मनाली में कांग्रेस पार्टी को एक बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। मनाली ब्लॉक के उपाध्यक्ष, राजीव ठाकुर, जो कुल्लू फलोत्पादक संघ के पूर्व महामंत्री और हलाण-2 पंचायत के पूर्व प्रधान भी रह चुके हैं, उन्होंने कांग्रेस छोड़ कर भाजपा का दामन थाम लिया है। उनके साथ-साथ, मरजां बूथ अध्यक्ष राजकुमार और युवा कांग्रेस कार्यकर्ता सुरेंद्र उर्फ वीर सिंह भी भाजपा में शामिल हुए हैं। राजीव ठाकुर को मनाली विधानसभा क्षेत्र में एक प्रभावशाली नेता माना जाता है। बताया जाता है कि वे लंबे समय से कांग्रेस में चल रही गुटबाजी से परेशान थे। हाल ही में सड़क सुविधाओं की कमी के कारण बागवानों को हो रहे नुकसान के मुद्दे पर उन्होंने सरकार व स्थानीय कांग्रेस नेताओं से मदद की गुहार लगाई थी, लेकिन उनकी बातों को कथित तौर पर नजर अंदाज किया गया। ऐसा माना जा रहा है कि यही वह आखिरी कारण था, जिसने उन्हें कांग्रेस छोड़ने पर मजबूर कर दिया। राजीव का कांग्रेस में एक लंबा और ऐतिहासिक सफर रहा है। मनाली कांग्रेस में उपाध्यक्ष रहे राजीव लगातार दो कार्यकाल तक कुल्लू फलोत्पादक मंडल के महामंत्री रहे और ग्राम पंचायत प्रधान के रूप में भी उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किए, जिनकी स्थानीय जनता ने हमेशा सराहना की है। पूर्व मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता गोविंद सिंह ठाकुर ने राजीव ठाकुर का भाजपा परिवार में स्वागत किया। इस अवसर पर, भाजपा मनाली और नग्गर मंडल की संयुक्त बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन भी विशेष रूप से उपस्थित थे। भाजपा नेताओं ने इसे कांग्रेस की विफल नीतियों और घटते जनाधार का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि लोग कांग्रेस से निराश होकर लगातार भाजपा की ओर आकर्षित हो रहे हैं, क्योंकि भाजपा राष्ट्रहित और विकास के मार्ग पर चलने वाली एक सच्ची जन-आधारित पार्टी है। भाजपा में शामिल हुए नेताओं ने भी कांग्रेस पर सिर्फ सत्ता की राजनीति तक सीमित रहने का आरोप लगाया। इस घटना को मनाली की राजनीति में कांग्रेस के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है, जो आने वाले समय में भाजपा को और भी मजबूत कर सकता है। लिहाजा, इससे कुल्लू व मनाली के राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है।



मनाली कांग्रेस पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल होकर कांग्रेस को एक करारा झटका दिया है।

# रोटरी क्लब मनाली ने मनाया हिंदी दिवस

**अनंत ज्ञान, मनाली।** रोटरी क्लब मनाली ने आदर्श रावमा पाठशाला मनाली में हिंदी दिवस मनाया। प्रधानाचार्य पुष्पा ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में अध्यापकों व रोटरी क्लब के सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान रोटरी क्लब ने पुस्तकालय को किताबें भेंट की। प्रधानाचार्य ने हिंदी साहित्य व हिंदी जगत पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 14 सितंबर, 1949 को भारत की संविधान सभा में एक ऐतिहासिक फैसला लिया गया। इस दिन, संविधान के निर्माताओं ने अनुच्छेद 343 के तहत यह तय किया कि देवनागरी लिपि में लिखी गई हिंदी भारत गणराज्य की आधिकारिक भाषा होगी। इस फैसले ने हिंदी को देश की पहचान और प्रशासनिक कार्यों का केंद्र बिंदु बना दिया। इसी फैसले के कारण देश के तत्कालिन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1953 में पहली बार 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की और तब से लेकर हिंदी दिवस मनाया जाता है। रोटरी क्लब मनाली की अध्यक्ष अमिता ठाकुर व सचिव मीनाक्षी ने कहा कि हिंदी हमारे भारतवर्ष की राष्ट्रभाषा है और इसका यथोचित सम्मान करना हम सब का नैतिक दायित्व हैं।आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटेरियन अनिला डाबरा ने की। उन्होंने भी हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला।

# प्राचीन चिकित्सा पद्धति को अपनाकर स्वस्थ जीवनशैली पाएं : किरण भड़ाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

केलांग में मंगलवार को जिला स्तरीय आयुर्वेद दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डीसी किरण भड़ाना ने मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के शुरुआत उपायुक्त किरण भड़ाना ने दीप प्रज्वलित कर की। डॉ. सुरेश ने मुख्यथिति व सभी विभागों के अधिकारियों व उपस्थित महिला मंडल के सदस्यों का स्वागत किया और आयुर्वेद दिवस की महता व इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला आयुष अधिकारी वनिता शर्मा ने मुख्यथिति व उपस्थित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों एवं स्थानीय महिला मंडलों व उपस्थित लोगों का स्वागत व कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने जिले में विभाग के कार्य कलापों के बारे में जानकारी देते हुए उपस्थित सभी से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने व योग व आयुर्वेद को अपने दिनचर्या में शामिल करने का आग्रह किया तथा आयुष विभाग के जिला अस्पताल में सुविधाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। मुख्यथिति ने इस अवसर पर बोलते हुए आयुष विभाग के जिला अस्पताल की ओपीडी का लाभ उठाने की अपील की तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आग्रह किया।

### केलांग में जिला स्तरीय आयुर्वेद दिवस समारोह का हुआ आयोजन

उपायुक्त ने कहा कि आयुर्वेद न केवल रोगों की चिकित्सा करता है, बल्कि उनके नियंत्रण और रोकथाम में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि इस प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति को अपनाकर हम स्वस्थ जीवनशैली प्राप्त कर सकते हैं। आयुर्वेद में प्राकृतिक जड़ी-बूटियों व पौधों के माध्यम से उपचार किया जाता है, जिससे शरीर के साथ-साथ मन भी स्वस्थ रहता है। इस अवसर पर उन्होंने ओषधीय पौधा लगाकर पौधरोपण अभियान की शुरुआत भी की तथा स्थानीय लोगों से खाकर महिलाओं से अपने किचन गार्डन में ओषधीय पौधे लगाकर इनको अपने दैनिक जीवन में इसका उपयोग करने की सलाह दी। इसके पश्चात मुख्यथिति तथा अन्य अधिकारियों ने सेल्फी प्वॉइंट पर सेल्फी ले कर आयुर्वेद को बढ़ावा देने की मुहिम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में जिला आयुर्वेद अधिकारी सहित अनेक चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी व स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान आयुर्वेदिक औषधियों के वितरण, स्वास्थ्य परीक्षण एवं निशुल्क चिकित्सा शिविर एवं जागरूकता व्याख्यान का आयोजन भी किया गया। मुख्यातिथि द्वारा स्वास्थ्य विभाग व आयुष विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी नागरिकों से आयुर्वेद को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम तभी सफल हो सकते हैं जब हम इन्हें अपने जीवन में अपनाते हैं।

# शूलिनी मंदिर में देवी ब्रह्मचारिणी की आराधना को उमड़े श्रद्धालु

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** माता शूलिनी मंदिर में नवरात्र के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही भक्त माता के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचने लगे और पूरे दिन मंदिर परिसर जयकारों और भजन-कीर्तन से गूंजता रहा। दूसरे दिन माता ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मां की आराधना की और सुख, शांति तथा समृद्धि की कामना की।


माता शूलिनी मंदिर में नवरात्र के दूसरे दिन देवी के दर्शनों को लगी भक्तों की लाइन।

पुजारियों ने विधिविधान से विशेष पूजा संपन्न कराई। माता शूलिनी मंदिर में मंगलवार को भजनों और कीर्तन का दौर चलता रहा। भक्तों ने मां के भजनों पर झूमकर नृत्य किया और वातावरण भक्तिमय बना रहा। मंदिर प्रांगण में सजावट और रोशनी के विशेष प्रबंध से श्रद्धालुओं का उत्साह और बढ़ गया। श्रद्धालुओं की मंदिर में लंबी कतारें लगी रहीं। दिनभर लोगों का आना-जाना लगा रहा। भीड़ को देखते हुए प्रशासन व मंदिर प्रबंधन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। भक्तों के लिए बैरिकेडिंग, साफ-सफाई और पेय जल की विशेष व्यवस्था की गई। शहर के शूलिनी मंदिर ही नहीं, बल्कि शहर के अन्य मंदिरों में भी नवरात्र के चलते खासा उत्साह देखा गया। जगह-जगह मां दुर्गा की आरती और भजन संध्या का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने परिवार सहित मंदिर पहुंचकर मां के दर्शन किए और पूजन संपन्न की। शहर में नवरात्र का पर्व उत्साह और भक्ति के माहौल के बीच मनाया जा रहा है और आने वाले दिनों में देवी के अन्य स्वरूपों की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं में और अधिक उमंग देखने की उम्मीद है।

## रेणुका जी के विकास के लिए डॉ. प्रेम के योगदान को सदैव रखा जाएगा याद: विनय

अनंत ज्ञान, नाहन

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने माइना बाग स्थित डॉ. प्रेम सिंह मेमोरियल स्टेडियम में पूर्व मुख्य संसदीय सचिव एवं रेणुका विधान सभा क्षेत्र से विधायक स्वर्गीय डॉ. प्रेम सिंह की जयंती व पुण्यतिथि के अवसर पर, उनकी प्रतिमा पर सपरिवार माल्यापर्ण किया।

विनय कुमार ने स्वर्गीय डॉ. प्रेम सिंह की स्मृति में आंवला का पौधरोपण कर हरित हिमाचल, खुशहाल हिमाचल का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वर्गीय प्रेम सिंह, पूर्व में हिमाचल प्रदेश सरकार में मुख्य संसदीय सचिव व श्री रेणुकाजी विधानसभा क्षेत्र के छह बार विधायक रहे। उन्होंने स्वर्गीय डॉ. प्रेम सिंह को इस अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि श्री रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। इससे पूर्व हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने सिविल अस्पताल ददाहु में स्वर्गीय डॉ. प्रेम सिंह की याद में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया तथा इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और सभी को निःसंकोच रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। किसी भी व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान जरूरत मंदों को जीवन दान देता है।

उन्होंने बताया कि हर वर्ष इस दिन डॉ. प्रेम सिंह की जयंती तथा पुण्यतिथि की स्मृति में युथ कांग्रेस और एनएसयू आई द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है। विनय कुमार के सुपुत्र आर्या कुमार ने भी इस अवसर पर रक्तदान किया। विनय कुमार ने रक्तदाताओं को इस अमूल्य योगदान के लिए प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। इस रक्तदान शिविर में 46 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान के लिए अपना पंजीकरण करवाया। इस दौरान 38 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। रक्तदान शिविर के दौरान डॉ. निशि जसवाल ने बताया कि सिरमौर जिला में 17 सितंबर से 1 अक्तूबर तक सशक्त नारी अभियान भी चलाया जा रहा है।

## राम-लक्ष्मण ने विश्वामित्र के साथ किया प्रस्थान

कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान

**अर्की।** अर्की नगर पंचायत के ऐतिहासिक चौगान मैदान में चल रही रामलीला के दूसरे दिन राम लीला के मंचन का शुभारंभ वंदना से हुआ।

जानकारी देते क्लब के निदेशक हेमेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस दौरान सुबाहू व मारीच द्वारा ऋषि विश्वामित्र को तंग करना, विश्वामित्र का राजा दशरथ के पास जाना व राम-लक्ष्मण को अपने साथ लेकर आना, ताडका वध, सुबाहू वध, अहिल्या उद्धार सहित कई मनमोहक दृश्यों का मंचन हुआ, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। उन्होंने बताया कि पुरानी परंपरा के अनुसार रामलीला के मंचन के दौरान हर दिन एक मुख्यातिथि को बुलाया जाता है। रामलीला के दूसरे दिन समाजसेवी गिरधारी लाल शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर रामलीला क्लब द्वारा मुख्यतिथि को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि हर दिन होने वाली रामलीला के पश्चात उससे संबंधित प्रश्न उपस्थित दर्शकों से पूछा जाता है तथा पर्ची के माध्यम से प्रश्न का सही उत्तर देने वाले को उस दिन के मुख्यातिथि द्वारा पर्ची निकालकर ईनाम दिया गया। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में उपस्थित लोगों को नवरात्र की बधाई दी तथा कहा कि रामलीला क्लब द्वारा काफी वर्षो से चली आ रही परंपरा को संजोए रखा है। उन्होंने क्लब को अपनी ओर से सहयोग राशि दी तथा लोगों से ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। दशहरे के बारे में जानकारी देते हुए निदेशक हेमेंद्र गुप्ता व अध्यक्ष अजय रघुवंशी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दशहरे से पूर्व संध्या पर तीन देवताओं के रथ अर्की पहुंचेंगे तथा दशहरे वाले दिन देव नृत्य होगा। इसमें तीन देवताओं के रथों के अलावा भगवान लक्ष्मीनारायण की पालकी को भी लाया जाएगा।


अर्की नगर पंचायत के ऐतिहासिक चौगान मैदान में रामलीला मंचन का दृश्य।

इस दौरान राम-लक्ष्मण की शोभायात्रा भी अर्की नगर पंचायत के सभी वार्डों में निकाली जाएगी व विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। सायं के समय रावण व कुंभकरण वध के साथ पुतलों का दहन होगा व बाजार में भरत मिलाप कार्यक्रम आयोजित होगा।

उन्होंने क्षेत्र की जनता से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने व कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का आह्वान किया। इस मौके पर रामलीला क्लब अर्की के सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### चिन्मया विद्यालय की छात्रा ने हॉस्टल में लगाया फंदा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** चिन्मया विद्यालय नौणी की एक छात्रा द्वारा हॉस्टल में फंदा लगाकर आत्महत्या करने की घटना सामने आई है। मृतक छात्रा लद्दाख की रहने वाली थी और इसी वर्ष चिन्मया विद्यालय में प्लस वन साइंस में एडमिशन लेकर होटल में ही रहती थी। एएसपी सोलन राज कुमार चंदेल ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच चल रही है। जानकारी के अनुसार छात्रा टांग में दर्द के चलते स्कूल नहीं गई थी। उसका हॉस्पिटल से भी उपचार चल रहा था सुबह करीब 9 बजे अटेंडेंट ने उसे ब्रेकफास्ट दिया कुछ देर बाद जब वहीं खाने की प्लेट लेने हॉस्टल रूम गई तो छात्रा फंदे से लटकी हुई मिली। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। छात्रा को फंदे से उतार कर बचाने का प्रयास किया गया पर सोलन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जरूरी साक्ष्य जुटाए। साथ ही वार्डन और स्कूल प्रबंधन के बयान दर्ज किए। स्कूल प्रबंधन ने परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है।

### भारती ने नगर निगम की लापरवाही पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा के वरिष्ठ नेता तरसेम भारती ने सोलन नगर व समूचे सोलन विधानसभा क्षेत्र में गंदगी व सफाई व्यवस्था की बदहाली पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नियंत्रण वाले नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिस कारण शहरवासी भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। तरसेम भारती ने बताया कि बरसात के दिनों में पहाड़ों से मिट्टी बहकर नालियों में भर जाती है और फिसलन व मलबे के कारण नालियां पूरी तरह जाम हो जाती हैं। इसके चलते वर्षा का पानी ठीक से बाहर नहीं निकल पाता और जगह-जगह पानी भर जाता है। इस रुके हुए पानी से मच्छर, कीड़े-मकोड़े पनपते हैं, जो बच्चों व आम जनता के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम प्रशासन सफाई व्यवस्था के प्रति पूरी तरह उदासीन है और कांग्रेस सरकार की कमी के कारण शहरवासियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। पूरे शहर की नालियां जाम पड़ी हैं और गंदगी से हालात बद से बदतर हो चुके हैं। तरसेम भारती ने मांग की है कि नगर निगम तुरंत विशेष सफाई अभियान चलाए और सभी नालियों की सफाई करवाकर गंदगी को दूर करे, ताकि शहरवासी स्वच्छ वातावरण में स्वस्थ जीवन जी सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह नगर निगम की जिम्मेदारी है कि लोगों की सेहत और सुविधा का ध्यान रखा जाए।

### 30 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 27 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मैसर्ज तपन इंडस्ट्रीज सोलन में सेल्स एग्जीक्यूटिव, ड्राइवर व एडवाइजर के 25 पद व मैसर्ज इंडफ्लेक्स प्रेसिजन लिमिटिड परवाणू में ट्रैनी मैकेनिकल के 5 पदों पर भर्ती के लिए 27 सितंबर को जिला रोजगार कार्यालय सोलन में कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी जगदीश कुमार ने दी। जगदीश कुमार ने कहा कि उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं, ग्रेजुएट, मैकेनिकल में डिप्लोमा व आयु 19 से 33 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। इन पदों की विस्तृत जानकारी आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस में प्राप्त कर सकते हैं। सभी योग्य व इच्छुक आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस पर कैंडिडेट लॉगइन टैब के माध्यम से पंजीकृत करने के उपरांत अपनी रेजिस्ट्रेशन प्रोफाइल पर अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन करने से पूर्व प्रत्येक आवेदक का नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है। जगदीश कुमार ने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार अपनी योग्यता संबंधी सभी अनिवार्य प्रमाण पत्र व दस्तावेज सहित जिला रोजगार कार्यालय सोलन में 27 सितंबर को प्रातः 10.30 बजे पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि कैंपस इंटरव्यू में भाग लेने के लिए कोई भी यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा।

### एलआर वर्मा ने बाला सुंदरी मंदिर में की पूजा-अर्चना

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ श्रीआ महामाया बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर में शारदीय नवरात्र मेले का अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआर वर्मा ने पूजा-अर्चना कर विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान उपमंडलाधिकारी नाहन एवं मुख्य मेला अधिकारी राजीव सांख्यान तथा मेला अधिकारी उपेंद्र चौहान ने भी पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मंदिर न्यास त्रिलोकपुर के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि यह मेला आज से आरंभ होकर 7 अक्तूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इसमें हिमाचल से ही नहीं, बल्कि राज्य के साथ लगते हरियाणा राज्य से भी भारी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए मेला स्थल व आस-पास के क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित कानून व्यवस्था के लिए पुलिस तथा होमगार्ड के जवानों को मेले के दौरान कड़े प्रबंध करने के आदेश दिए गए हैं।

### विजेताओं को नकद पुरस्कारों से नवाजा

**अनंत ज्ञान सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने जलवायु परिवर्तन जागरूकता विषय पर वार्षिक मैराथन का आयोजन किया। इसमें 550 से अधिक छात्र, संकाय सदस्य और फिटनेस प्रेमी शामिल हुए। मैराथन की शुरुआत एडीसी राहुल जैन ने थोडो ग्राउंड से हरी झंडी दिखाकर की। कार्यक्रम का समन्वयन खेल विभाग द्वारा किया गया। विजेताओं को नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। लड़कों में अर्पित और लड़कियों में बोबिता सोनार ने पहला स्थान प्राप्त किया। आयोजन का उद्देश्य पर्यावरणीय जिम्मेदारी, स्वास्थ्य और स्थिरता का संदेश फैलाना था।

### आयुर्वेदिक के बारे में विभाग की योजना रखी

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** एकल अभियान गतिविधि राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस विभाग आरोग्य योजना के माध्यम से भगवान धन्वंतरी की जयंती उपलक्ष्य पर आयोजित किया गया। संभाग दक्षिण हिमाचल, भाग सिरमौर, अंचल सोलन व श्री रेणुका जी के संच सराहा व नारग के पश्चा में मनाया गया। कार्यक्रम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस स्लोगन नारे के साथ प्रभात फेरी सराह में निकाली गई। इसमें 120 से 130 ग्रामवासी जिसमें आचार्य, संच समिति, ग्राम समिति सविलय भाग लिया। प्रभात फेरी रैली बाद एकत्रीकरण स्थान पर संस्कार पक्ष बाद मुख्यातिथि, वशिष्ठातिथि, मुख्य वक्ता अन्य समिति पदाधिकारी का परिचय करवाया गया। तत्पश्चात मुख्य वक्ता उद्बोधन कन्याल रणदीप शर्मा स्वाज्टा एकल अभियान की योजना और आयुर्वेदिक के बारे में गतिविधि विभाग की योजना रखी गई। उसके बाद डॉ. निवेदिता आयुर्वेदिक नालागढ़ का उद्बोधन रहा, जिन्होंने आयुर्वेदिक के बारे में बहुत सारी जानकारी के साथ फायदे बताएं और आयुर्वेदिक हमारे जीवन के लिए भविष्य के लिए कितना जरूरी है।

## नालागढ़ में निर्माणाधीन मेडिकल डिवाइस पार्क का मंत्रियों ने किया निरीक्षण

# 350 करोड़ की लागत से बन रहा हाईटेक प्रोजेक्ट

अनंत ज्ञान, बद्दी

उद्योग, संसदीय कार्य, श्रम एवं रोज़गार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने सोलन जिले के नालागढ़ उपमंडल में निर्माणाधीन मेडिकल डिवाइस पार्क और घीड़ औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण किया। उनके साथ मंत्रिमंडलीय उप समिति के सदस्य एवं नगर नियोजन, शहरी विकास और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी तथा आयुष एवं खेल मंत्री यादविंदर गोमा भी उपस्थित रहे।


मेडिकल डिवाइस पार्क व घीड़ औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण करते उद्योग मंत्री।

निरीक्षण के दौरान उद्योग मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेडिकल डिवाइस पार्क और औद्योगिक क्षेत्र के निर्माण कार्य में और तेजी लाई जाए, ताकि प्रदेश को इसका पूर्ण लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि यह परियोजना ग्राम पंचायत मंझोली के घीड़ व तैलीवाला गांव में प्रदेश सरकार अपने संसाधनों से तैयार कर रही है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था और युवाओं के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने बताया कि मेडिकल डिवाइस पार्क का निर्माण कार्य लगभग 1623 बीघा भूमि पर किया जा रहा है, जिस पर करीब 350 करोड़ की राशि खर्च की जा रही है। इस पार्क में कैंसर केयर, रेडियोथेरेपी, रेडियोलॉजी, इमेजिंग, दंत चिकित्सा, स्टेंट और ऑर्थोपेडिक उपकरणों सहित लगभग 150 प्रकार के चिकित्सा उपकरणों का निर्माण किया जाएगा मंत्री ने कहा कि मेडिकल डिवाइस पार्क को एक 'वन स्टॉप डेस्टिनेशन' के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां सभी सुविधाएं जैसे कि 3डी डिजाइन, विविध प्रकार की प्रयोगशालाएं और एकीकृत सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। इससे न केवल निर्माण लागत घटेगी, बल्कि चिकित्सा उपकरण निर्माण क्षेत्र में मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र विकसित होगा। उन्होंने बताया कि भूमि समतलीकरण के लिए 100 करोड़, सड़कों के निर्माण पर 31.35 करोड़, जल निकासी पर 12.46 करोड़, विद्युत वितरण नेटवर्क पर 25.05 करोड़, जलापूर्ति पर 7.79 करोड़ और 3डी डिजाइन लैब्स पर 27.91 करोड़ व्यय किए जा रहे हैं। इस अवसर पर नालागढ़ के विधायक हरदीप सिंह बावा, अतिरिक्त मुख्य सचिव आरडी नजीम, उद्योग विकास निगम की एमडी ऋचा वर्मा, एसपी बद्दी विनोद धीमान और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स 30 तक करा लें ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले में सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के अंतर्गत सभी 60,079 सामाजिक सुरक्षा पेंशनरों की ई-केवाईसी, कल्याण मोबाइल ऐप के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा की जा रही है।

इसमें सभी पेंशनरों के आधार कार्ड, जन्मतिथि, मोबाइल नं. तथा पूर्ण स्थायी पत्ते सहित नवीनतम जानकारी दस्तावेजों के आधार पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा सत्यापित किया जा रहा है। जिला कल्याण अधिकारी विवेक अरोड़ा ने बताया कि जिले में पेंशनरों का सत्यापन कार्य अधिकांश पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने ई-केवाईसी से शेष रहे पेंशनर्स से आग्रह किया कि वह 30 सितंबर से पूर्व अपने सभी दस्तावेजों की नवीनतम जानकारी सहित अपनी स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से सत्यापन करवा लें ताकि पेंशनरों को पेंशन का लाभ समय से मिल सके।

## डीसी सोलन ने किया दून हलके के आपदा प्रभावित गांव 'जामन दा डोरा' का दौरा


दून हलके के आपदा प्रभावित गांव जामन दा डोरा का निरीक्षण करते डीसी सोलन।

ओम शर्मा, अनंत ज्ञान

**बीबीएन।** डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने मंगलवार को दून विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बवासनी के तहत जामन दा डोरा गांव में भारी वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुए मकानों का जायजा लिया और पीड़ितों के पुनर्वास के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

प्रशासन ने आपदा प्रभावित पीड़ितों को जमीन देने व उनके पुनर्वास के लिए कवायत तेज कर दी है। डीसी मनमोहन शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में जिन लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं, उनके लिए भूमि चिन्हित कर मामला आगामी कार्रवाई के लिए प्रेषित करें, ताकि पीड़ितों को जल्द भूमि उपलब्ध करवाई जा सके। उन्होंने कहा कि भारी वर्षा के कारण जामन दा डोरा गांव में लगभग 7 मकान पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गए थे। इसमें 40 लोग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को फौरी राहत के तौर पर सहायता राशि, तरपाल व राशन किट उपलब्ध करवाई गई थी।

मनमोहन शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को भारी वर्षा के कारण अवरुद्ध हुई सड़कों की स्थायी मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को क्षतिग्रस्त मकानों, पशुशालाओं व अन्य नुकसान का जल्द आकलन करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक बद्दी विनोद धीमान, उपमंडलाधिकारी बद्दी संजीव धीमान, तहसीलदार बद्दी सतिंद्र जीत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को मिली नई ड्रेस

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** आंगनबाड़ी केंद्र में मंगलवार का दिन बच्चों व उनके माता-पिता के लिए बेहद खास रहा। अनु गुलाटी ने बताया कि उनका हमेशा से सपना था कि आंगनबाड़ी के बच्चों की भी एक समान ड्रेस हो, ताकि उनमें आत्मविश्वास बढ़े व सभी बच्चे एक जैसी पहचान के साथ स्कूल आएं। माता रानी की कृपा से आज यह सपना पूरा हो सका है। उन्होंने बच्चों के माता-पिता का तहे दिल से आभार जताते हुए कहा कि उनके सहयोग के बिना यह संभव नहीं हो पाता। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि बच्चों की ड्रेस पर अपनी राय अवश्य साझा करें। यह पहल न केवल बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने वाली साबित हुई है, बल्कि समाज में आंगनबाड़ी केंद्र की उपयोगिता को भी और अधिक सशक्त करने वाली मानी जा रही है।

# जीएसटी की नई दरों से रसोई से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स तक होगा सस्ता

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

**नाहन।** केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में की गई कटौती देशभर में लागू होने जा रही है। नवरात्र के पहले दिन से मिल रही इस राहत को जनता और व्यापारी वर्ग दोनों ने सराहा है।

जीएसटी काउंसिल ने टैक्स के मौजूदा स्लैब को 5 और 18 प्रतिशत की दो मुख्य श्रेणियों में कर दिया है। इससे घरेलू उपकरणों से लेकर डेयरी और दैनिक उपयोग की वस्तुएं सस्ती होंगी। वोल्टास, डायकिन, और गोदरेज जैसी कई कंपनियों ने एसी, फ्रिज और वॉशिंग मशीन की कीमतों में कटौती का ऐलान कर दिया है। अमूल और मदर डेयरी ने भी घी, मक्खन, पनीर, आइसक्रीम व फ्रोजन स्नैक्स के दाम घटाए हैं। भारतीय रेलवे ने भी रेल नीर की कीमत कम कर दी है। इस कदम से बाजार में उत्साह का माहौल है। बिजनेसमैन निर्भय सिंह कंवर ने कहा, यह फैसला ग्राहकों का भरोसा बढ़ाएगा और त्योहारी सीजन में बिक्री को दोगुना करने में मदद करेगा।

वहीं, ढाबा मालिक सुशील कुमार पंजाबी ने कहा, मक्खन और पनीर के दाम कम होने से हमारी लागत कम होगी और हम ग्राहकों को भी बेहतर कीमत दे पाएंगे। शॉपिंग मॉल में काम करने वाले नरेंद्र ठाकुर ने कहा, इस कटौती से ग्राहकों की भीड़ बढ़ेगी। लोग अब ज्यादा खरीददारी करेंगे और यह अर्थव्यवस्था के लिए एक अच्छा संकेत है। आम आदमी के लिए यह सीधे तौर पर बचत का मामला है। राकेश पुंडीर ने इस फैसले पर खुशी जताते हुए कहा, घी और मक्खन जैसी रोजमर्रा की चीजें सस्ती हो रही हैं। यह सरकार की तरफ से नवरात्र का बहुत अच्छा तोहफा है। इन नई दरों से उम्मीद है कि बाजार में उपभोक्ता खर्च बढ़ेगा और घरेलू सामानों की मांग में तेजी आए।

# सोलन में पेयजल संकट को लेकर भाजपा का प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, सोलन

सोलन शहर में पेयजल संकट को लेकर एक बार फिर से भाजपा ने सड़कों पर उतरकर सरकार व नगर निगम को घेरा। भाजपा सोलन मंडल शहरी इकाई ने अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता और प्रदेश उपाध्यक्ष रशिम धर सूद की अगुवाई में ओल्ड डीसी ऑफिस के बहार धरना-प्रदर्शन किया और डीसी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। नगर निगम के भाजपा पार्षदों व पार्टी कार्यकर्ताओं ने जल संकट को लेकर पुराने डीसी आफिस कार्यालय के बाहर धरना दिया।

उग्र कार्यकर्ताओं ने बाल्टी, मटकों के साथ निगम के खिलाफ कुर्सी छोड़ो या पानी दो के नारे लगाए। भाजपा मंडल अध्यक्ष व पार्षद शैलेंद्र गुप्ता ने आरोप लगाया कि पानी अधिकारियों के फाइलों में तो आ रहा है, लेकिन लोगों के नलके सूखे हैं। धरने पर बैठे भाजपा नेताओं में मुख्य रूप से डिप्टी मेयर मीरा आनंद, पार्षद शैलेंद्र समेत रश्मिधर सूद, कुशल जेठी शामिल हुए। नाराज पार्टी कार्यकर्ताओं ने सरकार व निगम व जल शक्ति विभाग के खिलाफ नारेबाजी की।


सोलन में पानी की समस्या को लेकर खाली बाल्टियां लेकर प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता।

रश्मिधूर सूद ने कहा कि सोलन की जनता पिछले तीन माह से पानी के लिए तरस रही है, लेकिन लोगों की आवाज को कोई सुन नहीं रहा है। सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है और स्वास्थ्य मंत्री भी इस मामले में गंभीर नहीं है। शहर में चौथे पांचवें दिन और कई जगह तो सप्ताह बाद पानी दिया जा रहा है। भरी बरसात में लोग टैंकर का पानी मंगवाने पर मजबूर हैं। डिप्टी मेयर मीरा आनंद ने आरोप लगाया कि उनके वार्ड में भी पानी 8वें 9वें दिन पानी मिल रहा है। सोलन शहर में जिस तरह की पानी का संकट पैदा हुआ है इसके लिए सरकार जिम्मेवार है। पार्षद अमरजीत पांजा ने कहा कि सोलन में पानी के संकट से हाहाकार मचा हुआ है, लेकिन किसी के कान पर जूं तक नही रेंग रही है। शैलेंद्र गुप्ता ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि न तो सरकार गंभीर है और न ही प्रशासन नींद से उठ रहा है। शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि डीसी को पांच हजार लोगों के हस्ताक्षर वाला ज्ञापन सौंपा जा रहा है। उन्होंने कहा कि गिरि पेयजल योजना पिछले 18 साल से चल रही है, लेकिन कांग्रेस कार्यकाल में ही ऐसे जल संकट क्यों पैदा हो रहा है।

**संबोधित** लोगों की जन समस्याओं का समयबद्ध निदान प्रदेश सरकार की प्राथमिकता

# लोहाराघाट में उपतहसील का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान, सोलन

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि लोगों की विभिन्न जन समस्याओं का समयबद्ध निदान प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है और यह सुनिश्चित बनाया जा रहा है कि समस्याओं का निदान लोगों के घर-द्वार के समीप हो।

संजय अवस्थी अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत क्यार-कनैता में उपतहसील लोहारघाट का शुभारंभ करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं दीं और सभी के सुखमय जीवन की कामना की। विधायक ने कहा कि लोहारघाट उपतहसील के आरंभ होने से क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोह, सौर, क्यार कनैता, मलौण, जयनगर, भिंयूखरी व लग सहित अन्य गांव के लगभग 12 हजार लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि उपतहसील के शुरू होने से जहां लोगों को राजस्व कार्यों में सहायता मिलेगी। वहीं, उनके समय की बचत भी होगी। उन्होंने सीएम सुक्खू का दूरदराज क्षेत्र में उपतहसील खोलने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी कार्यों में लोगों का काफी समय लगता है।


ग्राम पंचायत क्यार-कनैता में लोगों की समस्याएं सुनते अर्की के विधायक संजय अवस्थी।

प्रदेश सरकार यह प्रयास कर रही है कि राजस्व से संबंधित लोगों के विभिन्न कार्य घरद्वार पर भी पूर्ण हो सकें। इसके लिए राजस्व अदालत आरंभ की गई है। यहां लोगों के विभिन्न राजस्व कार्य पूर्ण हो रहे हैं। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के संवेदनशील नेतृत्व में किसानों व पशुपालकों की आय में बढ़ोतरी के लिए सकारात्मक पहल की है। उन्होंने कहा कि किसानों व पशुपालकों की आर्थिकी सुदृढ़ करने के लिए गेहूं, मक्की व हल्दी का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया गया है। गाय के दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 45 रुपए से बढ़ाकर 51 रुपए प्रति लीटर तथा भैंस के दूध के मूल्य को 55 रुपए से बढ़ाकर 61 रुपए प्रति लीटर किया गया है। इससे किसान व पशुपालक व्यापक तौर पर लाभान्वित होंगे।

संजय अवस्थी ने कहा कि इस वर्ष आपदा के कारण हुए नुकसान की भरपाई व प्रभावितों को राहत पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर कार्य रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार प्रभावितों के पुनर्वास के लिए कार्य कर रहे अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीएम के कुशल नेतृत्व में आपदा के प्रभावितों के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा 4500 करोड़ रुपए का राहत पैकेज दिया गया था। प्रभावितों को दी जाने वाली राहत के अंतर्गत पूरी तरह से क्षतिग्रस्त मकानों के मालिकों को दी जाने वाली राशि को बढ़ाकर 7 लाख रुपए तथा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के मालिकों को दी जाने वाली सहायता राशि को बढ़ाकर एक लाख रुपए किया गया है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद भी लिए गए यह सभी निर्णय सराहनीय है।

विधायक ने कहा कि ग्राम पंचायत भिंयूखरी के गांव सनोग व कुसरी के लिए पेयजल व सिंचाई योजनाएं स्वीकृत करवा दी गई हैं। उन्होंने कहा कि लदाघाट से सूण मार्ग के निर्माण के लिए लगभग 8.04 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हो चुकी है। इसका कार्य जल्द ही आरंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जाबल-मनलोगकलां-कूकू और सरयाल से जयनगर मार्ग के पुनः निर्माण के लिए लगभग 31 करोड़ रुपए की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट उच्च स्तर पर भेजी जा चुकी है।

# 110 कामगारों ने रक्तदान कर महादान का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, बद्दी



औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के तहत लक्कड़ डिपू के निकट काठा स्थित एसएसएफ प्लास्टिक्स इंडिया लिमिटेड में आयोजित प्रथम रक्तदान शिविर में 110 कामगारों ने रक्तदान किया।

इस शिविर का शुभारंभ कंपनी के महाप्रबंधक नवल किशोर जोशी ने किया। जोशी ने सर्वप्रथम सभी रक्तदानियों का आभार जताया और कहा कि कंपनी ने पहली बार शिविर का आयोजन किया है, जिसमें बहुत अच्छा सहयोग मिला। कंपनी भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन करती रहेगी। शिविर में रोटरी एंड ब्लड बैंक सोसायटी रिसोर्सिस सेंटर सेक्टर-37 चंडीगढ़ की टीम ने डॉ. रोहली अग्रवाल की अगुवाई में यह करीब एक दर्जन से अधिक कर्मियों के साथ रक्त एकत्रित किया। डॉ. रोहली अग्रवाल ने कहा के शिविरों के माध्यम से एकत्रित रक्त से मरीजों की जान बचाई जा सकती है, खासकर जो दुर्घटनाओं, सर्जरी या रक्त विकारों से पीड़ित होते हैं। शिविरों का आयोजन कर ब्लड बैंकों में रक्त की कमी को पूरा किया जा सकता है, जिससे मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। शिविर में अमरजीत ने 96वीं बार रक्तदान किया। इस अवसर पर कंपनी के महाप्रबंधक नवल किशोर जोशी, पाइन ट्री पैकेजिंग कंपनी के महाप्रबंधक राजेश शर्मा, कैंप मोटिवेटर बलबीर सिंह, वरिष्ठ फेक्टरी मैनेजर राकेश चोपड़ा, विजय चौहान, एचआर मैनेजर विकास गुप्ता, बीडीसी मेंबर बरोटीवाला सुदामा दरोच, डॉ. अनवर मोहम्मद, अमरजीत, बृजेश शर्मा, चरणजीत, जगमोहन, रोहित राणा, संदीप शर्मा, रणदीप सिंह, प्रदीप पराशर, राजिंदर ऋषि, नवीन, सुनील, राजीव, अरुण कुमार, प्रदीप ठाकुर, रणबीर सिंह, भास्कर झा, बलराम यादव, अजय, तरकनाथ, पंकज सिंह, जीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम धामी ने राजपुर में दुकानों का किया भ्रमण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजपुर, देहरादून में 'बचत उत्सव' के तहत विभिन्न दुकानों का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने व्यवसायियों से बातचीत भी की। मुख्यमंत्री ने जीएसटी की नई दरों के लागू होने पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया तथा इस ऐतिहासिक निर्णय को जनता के हित में बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी स्लैब में व्यापक सुधार किए गए हैं। नई दरों की वजह से प्रदेश के लाखों परिवारों और छोटे व्यापारियों को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने व्यापारियों व दुकानदारों से मिलकर फीडबैक प्राप्त किया और सभी से घटे हुए जीएसटी का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए आग्रह किया। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत अभियान में भागीदारी सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी जागरूकता के लिए प्रदेश में यह अभियान 29 सितम्बर तक चलाया जाएगा, जिसमें मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों की सहभागिता रहेगी। उन्होंने कहा अधिक से अधिक लोग नए जीएसटी स्लैब के फायदे समझें और इसका लाभ उठा सकें, इसके लिए स्थान-स्थान पर जानकारी साझा की जाएगी।

### योग और ध्यान पर किया जागरूक




**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय के विक्टरी अगेंस्ट ड्रग एब्यूज (वाडा) क्लब ने एनसीसी नौसेना विंग के सहयोग तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत योग एवं ध्यान पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। यह सत्र आयुष मंत्रालय (आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी विभाग) द्वारा प्रस्तावित योग और ध्यान की समग्र पद्धतियों के माध्यम से एक स्वस्थ और नशामुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देने पर केंद्रित था। सत्र के दौरान पश्चिमोत्तानासन, पर्वतासन, योग निद्रा, पादहस्तासन और शशांकासन जैसे आसनों का अभ्यास कराया गया। कार्यवाहक प्राचार्य नीना शर्मा ने छात्राओं को नशा मुक्त भारत अभियान के प्रतिनिधि बनने के लिए प्रेरित किया और एक स्वस्थ एवं सशक्त राष्ट्र के निर्माण में युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया।

### ओलंपिक खेलों में कराटे भी होंगे शामिल : मीनू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के बैनर तले हरियाणा स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन का चुनाव मंगलवार को पंचकूला में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का ऐलान करते हुए हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष कप्तान जसविंदर सिंह मीनू बेनीवाल ने कहा कि कराटे केवल एक खेल नहीं बल्कि आत्मरक्षा का माध्यम है। ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा प्रदेश में नवगठित कराटे एसोसिएशन के माध्यम से न केवल निकट भविष्य में होने जा रहे ओलंपिक खेलों में इसे शामिल किया जाएगा बल्कि प्रदेश में इस खेल को प्रमोट करने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कराटे एसोसिएशन के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्कूलों व कॉलेजों में पढ़ने वाली लड़कियों में इस खेल को प्रचारित करते हुए उन्हें इसके साथ जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। इस अवसर पर पदाधिकारियों का ऐलान करते हुए कैप्टन जसविंदर सिंह मीनू बेनीवाल ने बताया कि खरखौदा के विधायक पवन खरखौदा को अध्यक्ष, गुरुग्राम के जस कालरा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पंचकूला के डॉ.नरेश मग्गू, झज्जर के आशीष राठी, जींद के सूर्य देव तथा कुरुक्षेत्र की सुश्री अंजली को प्रदेश उपाध्यक्ष, कैथल के अनूप सिंह को महासचिव, सोनीपत के अनिल भारद्वाज,पानीपत के जयदेव नौलखा तथा हिसार की सुश्री कमलेश नेहरा को संयुक्त सचिव, चरखी-दादरी के मोहित को कोषाध्यक्ष, फरीदाबाद के नरवीर मलिक, हिसार के विवेक, गुरुग्राम के ललित बेदी तथा पानीपत के अंकित जागलान को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है।

# हरियाणा के 11 जिलों में नहीं सुधरा लिंगानुपात, सरकार सख्त

## लिंगानुपात सुधार में सुस्ती दिखाने वाले सीएमओ पर होगी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने कहा कि लिंगानुपात सुधारने के मामले में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) परफॉर्मेंस नहीं दिखा रहे, उनके खिलाफ विभाग सख्त कार्रवाई करेगा और उन पर नजर रखी जा रही है।

उन्होंने मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से राज्य टास्क फोर्स (एसटीएफ) की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उन्होंने सभी सीएमओ को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिलों में सक्रिय रहते हुए फील्ड स्तर पर निगरानी को और मजबूत करें। साथ ही मुख्यालय के अधिकारियों को भी आदेश दिए कि वे जिलों को पूरा

**स्वास्थ्य विभाग एसीएस ने ली राज्य टास्क फोर्स की बैठक**

सहयोग प्रदान करें और ठोस कदम उठाएं। बैठक के दौरान बताया गया कि इस वर्ष एक जनवरी से 22 सितंबर तक राज्य का लिंगानुपात सुधरकर 907 हो गया है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान 904 था। हालांकि जिलावार कुछ जिलों की परफॉर्मेंस नकारात्मक सामने आई है, इस सूची में प्रदेश के 11 जिले शामिल थे। इनमें चरखी दादरी, करनाल, सिरसा, हिसार, अंबाला, यमुनानगर, सोनीपत, कैथल, महेन्द्रगढ़, भिवानी तथा पलवल शामिल है। इन जिलों में अन्य की तुलना में प्रदर्शन कमजोर पाया गया है और लिंगानुपात माइंस में है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने इन जिलों के सीएमओ को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि वे ठोस कार्ययोजना बनाकर जल्द से जल्द सुधारात्मक कदम उठाएं। बैठक में कैथल जिले के मामले पर भी चर्चा हुई, जिसमें एक सरकारी फार्मासिस्ट द्वारा अवैध रूप से एमटीपी किट बेचे जाने की शिकायत मिली थी। इस पर स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने सख्त रुख अपनाते हुए कैथल सीएमओ से कार्रवाई रिपोर्ट लेते हुए निर्देश दिए कि फार्मासिस्ट को तत्काल निलंबित किया जाए और उसके खिलाफ पुलिस कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए।

स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि रिवर्स ट्रैकिंग की प्रक्रिया को और तेज किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि अब तक 11 मामलों में कार्रवाई की जा चुकी है। बैठक में प्राइवेट चिकित्सकों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भी ली गई।

### मुख्य सचिव सक्सेना के सेवा विस्तार मामले में फाइल तलब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने दूसरे दिन की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह एक विशेष दूत के माध्यम से मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी से संबंधित आधिकारिक फाइल न्यायालय में पेश करे। इस दौरान भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसडी संजय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए और स्पष्ट किया कि अभियोजन की मंजूरी संबंधी फाइल उपलब्ध है और न्यायालय के आदेश पर प्रस्तुत की जा सकती है। राज्य की ओर से महाधिवक्ता अनूप रतन ने दलीलें पूरी कीं।

वहीं, याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पीयूष वर्मा और अंकुश दास सूद पेश हुए, जबकि वरिष्ठ अधिवक्ता श्रवण डोगरा ने प्रबोध सक्सेना का पक्ष रखा। याचिकाओं में 28 मार्च, 2025 के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें सीबीआई की चार्जशीट लंबित होने के बावजूद प्रबोध सक्सेना को छह महीने का सेवा विस्तार दिया गया था। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 24 सितंबर को निर्धारित की है।

### टीडीआई ग्रुप ने पंजाब बाढ़ राहत के लिए दिया 51 लाख का योगदान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



उत्तर भारत के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक टीडीआई ग्रुप ने आज पंजाब के मुख्यमंत्री राहत कोष में 51 लाख का योगदान देने की घोषणा की, जिससे संकट के समय में समुदायों की सहायता करने की उनकी प्रतिबद्धता और मजबूत हुई। इस योगदान का उद्देश्य हाल ही में आई बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित राज्य में राहत और पुनर्वास उपायों को मजबूत करना है।

इस पहल के एक भाग के रूप में, टीडीआई समूह ने राज्य भर में चल रहे बाढ़ राहत और पुनर्वास प्रयासों में सहायता और तेजी लाने के लिए पंजाब के राजस्व, आपदा प्रबंधन, जल आपूर्ति और आवास मंत्री श्री हरदीप सिंह मुंडियन जी को कुल 51 लाख रुपए के चेक सौंपे। पंजाब में आई अभूतपूर्व बाढ़ के कारण बड़े पैमाने पर क्षति और विस्थापन हुआ है, जिसके लिए तत्काल और समन्वित सहायता की आवश्यकता है। इस योगदान के साथ, टीडीआई समूह राज्य प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे राहत कार्यों में समय पर सहायता प्रदान करना चाहता है। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, टीडीआई ग्रुप के प्रिंस छाबड़ा ने कहा, एक ज़िम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक होने के नाते, टीडीआई ग्रुप में हम मानते हैं कि इस चुनौतीपूर्ण समय में पंजाब के लोगों के साथ खड़े रहना हमारा कर्तव्य है। मुख्यमंत्री राहत कोष में हमारे 51 लाख के योगदान का उद्देश्य प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत और दीर्घकालिक पुनर्वास प्रदान करने के सरकार के प्रयासों में सहयोग करना है। हम ऐसे संकटों से निपटने के लिए समुदाय और प्रशासन के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भारत सरकार के 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत क्षेत्रीय सहकारी प्रबंधन संस्थान, सेक्टर-32सी, चंडीगढ़ में विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों एवं संस्थान के कर्मचारियों द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया।

अभियान का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने सभी कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए स्वच्छता के महत्व पर बल दिया तथा सभी को अपने कार्यस्थल, शैक्षणिक परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। अभियान के अंतर्गत न केवल संस्थान परिसर में बल्कि सेक्टर-32 स्थित सार्वजनिक पार्क में भी सफाई अभियान चलाया गया। कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने मिलकर कचरा एकत्रित किया, कूड़ेदान साफ किए तथा प्लास्टिक-मुक्त वातावरण को बढ़ावा देने वाले जागरूकता बोर्ड लगाए। यह पहल 'जनभागीदारी से जनआंदोलन' की भावना को प्रकट करती है, जो स्वच्छ भारत मिशन के प्रमुख उद्देश्यों में से एक है।

अभियान के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता बनाए रखने की शपथ ली। संस्थान ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी वह इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक और राष्ट्रीय अभियानों में सक्रिय योगदान देता रहेगा।

### सेक्टर-27 में 'स्वच्छोत्सव 2025' का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान के तहत नगर निगम चंडीगढ़ ने सेक्टर-27 में स्वच्छोत्सव नामक सामुदायिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर मेयर हरप्रीत कौर बबला ने स्थानीय निवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बनाए रखने के लिए नागरिक-नेतृत्व वाली पहलों की विशेष भूमिका है।

इस कार्यक्रम में अमित कुमार, आईएएस, आयुक्त, नगर निगम चंडीगढ़, श्री संजय अरोड़ा, मुख्य अभियंता, श्रीमती शिखा निज्हावन, अध्यक्ष, आरडब्ल्यूए सेक्टर 27-डी सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति और सामुदायिक नेता उपस्थित रहे। हरप्रीत कौर बबला ने कहा कि घरेलू कम्पोस्टिंग 'बहुत ही महत्वपूर्ण' है।

# निशुल्क कैंप में लोगों ने करवाया चेकअप

**अनंत ज्ञान, पंचकूला**



अमरटेक्स परिवार ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए ईएसआईसी हेल्थ कैंप का सफल और भव्य आयोजन किया। यह कैंप अमरटेक्स हेड ऑफिस, इंडस्ट्रियल एरिया-1, पंचकूला में आयोजित हुआ।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में कर्मचारी और स्थानीय लोग उपस्थित हुए और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कैंप में प्रमुख चिकित्सक डॉ. संजय (प्रबंधन), डॉ. दीपक, डॉ. नीतिका और डॉ. अरुण ने अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान कीं। डॉ. संजय के कुशल प्रबंधन और निर्देशन में पूरे कैंप का संचालन सुव्यवस्थित तरीके से हुआ।

कैंप में उपस्थित लोगों को फ्री हेल्थ चेकअप, विशेषज्ञ परामर्श, स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी जानकारी के साथ-साथ जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त दवाइयां (आवश्यक दवाएं) भी उपलब्ध कराई गईं। इस पहल से न केवल लोगों को तात्कालिक राहत मिली बल्कि उनके मन में नियमित जांच और समय पर इलाज की आदत विकसित करने का संदेश भी गया।

अरुण गोवर ने कहा कि, अमरटेक्स परिवार हमेशा से मानता है कि स्वस्थ कर्मचारी ही किसी भी संस्था और समाज की असली ताकत होते हैं। हमारा उद्देश्य केवल व्यापार करना नहीं है, बल्कि समाज और हमारे कर्मचारियों की भलाई में योगदान देना भी है। हम चाहते हैं कि हर परिवार स्वस्थ रहे, क्योंकि स्वास्थ्य ही असली संपत्ति है। उनकी इस सोच के चलते अमरटेक्स समय-समय पर इस तरह की सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों का आयोजन करता रहता है।

लोगों ने कहा कि अमरटेक्स जैसी संस्थाएं केवल व्यापार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज की भलाई और कर्मचारियों के स्वास्थ्य को भी सर्वोच्च प्राथमिकता देती हैं।

## देश-विदेश

# जीएसटी में सुधार के बाद अब डीए में होगा बंपर इजाफा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्र सरकार ने 8वें वेतन आयोग के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसका ऐलान इसी साल के शुरुआत में किया गया था। हालांकि सरकार की तरफ से इसके लिए टीआरए भी तय नहीं किया गया है, जबकि सदस्यों के नाम भी तय नहीं हुए है। हालांकि, इस देर से सरकारी कर्मचारियों को किसी तरह का नुकसान नहीं होगा। लागू किए जाने और ऐलान के बीच के अंतर को एरियर्स के तौर पर भुगतान किया जाएगा।

बताया जा रहा है कि आयोग के लागू होने पर लगभग 50 लाख कर्मचारियों और 65 लाख पेंशनधारकों को लाभ मिलेगा। त्योहारी सीजन में डीए में 3 प्रतिशत वृद्धि के साथ वित्तीय राहत की पूरी संभावना है। सरकारी सूत्रों की मानें तो मौजूदा नवरात्र के दौरान ही केंद्र सरकार अपने लाखों कर्मचारियों और पेंशनरों को महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की सौगात दे सकती है। कहा यह भी जा रहा है कि, जीएसटी में हुए सुधार के बाद सरकार को बढ़ोतरी पिछले छमाही के मुकाबले अधिक होगी यानी यह तीन प्रतिशत से भी अधिक हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

**नवरात्र में सरकारी कर्मियों को मिलेगी सौगात**

### खालिस्तानी नेता गोसल हथियारों से जुड़े अपराधों में गिरफ्तार

**एजेंसी, टोरंटो।** कनाडा की पुलिस ने खालिस्तानी नेता इंद्रजीत सिंह गोसल को हथियारों से जुड़े कई अपराधों के आरोप में ओंटारियो के व्हिटबी शहर से गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार, ओंटारियो प्रांतीय पुलिस ने गोसल को बंदूक का लापरवाही से इस्तेमाल करने सहित अन्य अपराधों में पकड़ा। 36 वर्षीय गोसल को सोमवार को ओशावा अदालत में पेश किया गया, जहां उस पर टोरंटो निवासी 23 वर्षीय अरमान सिंह और न्यूयॉर्क निवासी 41 वर्षीय जगदीप सिंह के साथ आरोप लगाए गए।

# ट्राई ने ब्रॉडकास्टिंग और केबल डिस्ट्रीब्यूशन इंडस्ट्री में बदलाव के लिए नया ड्राफ्ट किया जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने मंगलवार को टेलीकम्युनिकेशन (ब्रॉडकास्टिंग और केबल) सर्विसेज इंटरकनेक्शन (एड्रेसेबल सिस्टम्स) (सातवां संशोधन) रेगुलेशन, 2025 का ड्राफ्ट जारी किया, जिसका उद्देश्य ब्रॉडकास्टिंग और केबल डिस्ट्रीब्यूशन इंडस्ट्री में बदलाव लाना है।

प्राधिकरण ने 9 अगस्त, 2024 को हितधारकों से सुझाव लेने के लिए टेलीकम्युनिकेशन (ब्रॉडकास्टिंग और केबल) सर्विसेज इंटरकनेक्शन (एड्रेसेबल सिस्टम्स) रेगुलेशन, 2017 और टेलिकम्युनिकेशन (ब्रॉडकास्टिंग और केबल) सर्विसेज डिजिटल एड्रेसेबल सिस्टम्स ऑडिट मैनुअल के ऑडिट से संबंधित प्रावधानों पर एक कंसल्टेशन पेपर जारी किया था। टेलीकॉम इंडस्ट्री बॉडी ने प्रस्तावित फ्रेमवर्क पर 6 अक्टूबर तक आम जनता से सुझाव मांगे हैं, जो एक अप्रैल, 2026 से लागू होने वाला है। संचार मंत्रालय के अनुसार, कमेंट्स इलेक्ट्रॉनिक रूप में ट्राई की सलाहकार (बी एंड सीएस) डॉ. दीपाली शर्मा और संयुक्त सलाहकार (बी एंड सीएस) सपना शर्मा को भेजे जा सकते हैं। यह ऑडिट, अनुपालन और इंफ्रास्ट्रक्चर-शेयरिंग नियमों में बड़े बदलाव लाता है, जो टेलीविजन चैनलों के ब्रॉडकास्टर और डिस्ट्रीब्यूटर के बीच संबंध को नियंत्रित करते हैं। डिस्ट्रीब्यूटर को हर साल 30 सितंबर तक ट्राई से मान्यता प्राप्त ऑडिटर या ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (बीईसीआईएल) द्वारा प्रमाणित ऑडिट रिपोर्ट सभी ब्रॉडकास्टर के साथ साझा करनी होगी। हालांकि, ट्राई के ड्राफ्ट में विवादों से बचने के लिए समय सीमा स्पष्ट करने का प्रस्ताव है। (अनंत ज्ञान)

### लैंडिंग गियर में छिपकर काबुल से दिल्ली पहुंचा अफगान युवक



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। काबुल से दिल्ली आई एक फ्लाइट के लैंडिंग गियर में छिपकर एक 13 साल का लड़का भारत पहुंच गया। यह घटना 21 सितंबर की सुबह करीब 11.10 बजे की है, जब केएएम एयरलाइंस की फ्लाइट (आरक्यू-4401) दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड हुई। एयरलाइन के सुरक्षा कर्मचारियों ने विमान के पास एक बच्चे को घूमते हुए देखा। पूछताछ करने पर पता चला कि वह अफगानिस्तान के कुंदुज शहर का रहने वाला है और बिना टिकट विमान के लैंडिंग गियर वाले हिस्से में छिपकर आया था। जांच के दौरान, एयरलाइन की सुरक्षा और इंजीनियरिंग टीम को लैंडिंग गियर के पास से एक छोटा लाल रंग का स्पीकर भी मिला। इस चौंकाने वाली घटना के बाद, बच्चे को तुरंत संबंधित एजेंसियों के पास पूछताछ के लिए लाया गया। सभी प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद, उसी दिन दोपहर को उसे केएएम एयरलाइंस की वापसी फ्लाइट (आरक्यू-4402) से वापस काबुल भेज दिया गया। (अनंत ज्ञान)

### मॉस्को पर यूक्रेन के ड्रोन हमले से हवाई यातायात बाधित

**एजेंसी, मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को को निशाना बनाकर यूक्रेन की ओर से पूरी रात किए गए ड्रोन हमलों के कारण मंगलवार को मॉस्को क्षेत्र के प्रमुख हवाई अड्डों पर हवाई यातायात प्रभावित रहा। यह जानकारी मीडिया की एक खबर से मिली। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन के पोर्टल के अनुसार, कल शाम से मॉस्को और उसके आसपास 36 ड्रोन मार गिराए गए। सोमवार (स्थानीय समयानुसार) शाम करीब सात बजे दक्षिण-पश्चिम मॉस्को स्थित पीटीआई कार्यालय के आसपास दो जोरदार विस्फोट के बाद कई छोटे विस्फोटों की आवाज सुनी गई। ड्रोन हमले के कारण मॉस्को हवाई अड्डों पर 200 से अधिक उड़ानें रद्द या विलंबित हुईं। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली में कुट्टू का आटा खाने से करीब 200 लोग बीमार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

उत्तर-पश्चिमी दिल्ली में नवरात्र के दौरान कथित तौर पर कुट्टू का आटा खाने से लगभग 200 लोग बीमार हो गए। पुलिस ने बताया कि जहांगीरपुरी, महेंद्र पार्क, समयपुर, भलस्वा डेयरी, लाल बाग और स्वरूप नगर सहित विभिन्न इलाकों के मरीजों की हालत स्थिर है और कोई गंभीर मामला सामने नहीं आया।

पुलिस के अनुसार, मंगलवार सुबह लगभग छह बजकर 10 मिनट पर जहांगीरपुरी थाने में उन्हें कई लोगों के बीमार पड़ने की सूचना मिलने लगी, जिन्होंने कथित तौर पर कुट्टू के आटे से बना खाना खाया था। पुलिस ने बताया, "टीम को बाबू जगजीवन राम मेमोरियल (बीजेआरएम) अस्पताल भेजा गया, जहां मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सुबह से लगभग 150 से 200 लोग आपातकालीन वार्ड में रिपोर्ट कर चुके हैं।"

अधिकारियों ने कहा कि संदिग्ध भोजन विषाक्तता ने इलाके में विशेष रूप से चिंता पैदा कर दी, क्योंकि बड़ी संख्या में लोग नवरात्र के अवसर पर उपवास कर रहे हैं। पुलिस ने आगे दहशत की स्थिति को रोकने के लिए तुरंत बीट स्टाफ और जन संबोधन प्रणाली के माध्यम से दुकानदारों, विक्रेताओं और निवासियों को इस मामले के बारे में जागरूक करना शुरू कर दिया। पुलिस ने बताया कि स्थानीय बाजारों में बिक रहे कुट्टू के आटे की गुणवत्ता की जांच सहित आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए मामले की सूचना खाद्य विभाग को दे दी गई है। (अनंत ज्ञान)

# 'ऑपरेशन सिंदूर' : शहीद के परिवार से वसूला शोकसभा का खर्च

**एजेंसी, फरीदाबाद**

'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान की गोलीबारी में शहीद हुए पलवल के लांसनायक दिनेश शर्मा के परिजन आहत हैं। पिता दयाचंद का कहना है कि उनके शहीद बेटे की शोकसभा के नाम पर सरपंच ने 52 हजार रुपए वसूले हैं। जहां शहीद के नाम पर पार्क बनाने की घोषणा हुई, वह जोहड़ की जमीन है, वहां पार्क बन ही नहीं सकता।

यही नहीं, शोक जताने पहुंचे सीएम नायब सिंह सैनी ने गांव मोहम्मदपुर का नाम बदलकर दिनेशपुर करने की घोषणा की थी। पंचायत अब इसके लिए सहमत नहीं है। दयाचंद ने बताया कि वह हाल ही में पलवल के डिवीजनल कमिश्नर (डीसी) से मिले थे। इसमें उन्होंने दिनेश को लेकर की गई सीएम घोषणा के बारे में बात की। डीसी ने यह कहकर लौटा दिया कि जब तक पंचायत गांव का नाम बदलने का प्रस्ताव पास करके नहीं देगी, तब तक कुछ नहीं कर सकते। अब परिवार सीएम सैनी से मिलेगा। दूसरी तरफ, श्रद्धांजलि सभा के खर्चे के लिए 52 हजार रुपए लेने के आरोपों को सरपंच कुमार युगपुरुष के पिता भूपराम पाठक नकार रहे हैं। उनका कहना है कि किसी से कोई पैसा नहीं लिया गया। सारा खर्च मैंने अपनी जेब से किया है। (अनंत ज्ञान)

**परिजन बोले- पंचायत ने लिए 52 हजार रुपए**

### इंदौर में इमारत ढही, 2 लोगों की मौत

**एजेंसी, इंदौर।** शहर के रानीपुरा इलाके में सोमवार देर रात तेज बारिश के बीच जवाहर मार्ग पार्किंग के पास स्थित पांच मंजिला इमारत अचानक ढह गई। इस हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और चीख-पुकार मच गई। इमारत के मलबे में एक ही परिवार के 14 लोग दब गए। हालांकि, सुबह 3:45 बजे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया और आखरी बॉडी निकालने के बाद प्रशासन और रेस्क्यू टीम ने राहत की सांस ली। कड़ी मशक्कत के बाद 12 लोगों को बचा लिया जो सभी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इन सभी को इंदौर एम वाय में भर्ती कराया गया, जहां इलाज जारी है। वहीं दो लोगों की इस मलबे में दबने से मौत हो गई। (अनंत ज्ञान)

# भारत का इकलौता सक्रिय ज्वालामुखी फटा

**एजेंसी, पोर्ट ब्लेयर**



अंडमान-निकोबार के बैरन आइलैंड में बीते 8 दिनों के भीतर दो बार हल्के ज्वालामुखी विस्फोट हुए हैं। यहां भारत का इकलौता सक्रिय ज्वालामुखी है। यह ज्वालामुखी 13 और 20 सितंबर को फटा, हालांकि दोनों बार विस्फोट हल्के दर्जे के थे और आसपास के इलाकों पर किसी तरह का खतरा नहीं है।

बैरन आइलैंड पोर्ट ब्लेयर से करीब 138 किलोमीटर दूर है और यह दक्षिण एशिया का इकलौता सक्रिय ज्वालामुखी है। यह लगभग 3 वर्ग किलोमीटर का निर्जन द्वीप है, जिस पर ज्वालामुखी की राख और पत्थर फैले रहते हैं। यह द्वीप 354 मीटर ऊंचा है और अंडमान-निकोबार की खास पहचान माना जाता है। रिकॉर्ड के मुताबिक यहां पहली बार विस्फोट 1787 में हुआ था। इसके बाद कई बार यह ज्वालामुखी सक्रिय हुआ। हाल में 2017 और 2022 में बड़े विस्फोट हुए थे। इस साल जुलाई में भी गतिविधि दर्ज की गई थी। (अनंत ज्ञान)

### चीन का शीर्ष रक्षा वैज्ञानिक भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार

**एजेंसी, बीजिंग।** हथियार प्रणालियों के लिए 'सेमीकंडक्टर चिप्स' विकसित करने में विशेषज्ञता रखने वाले चीन के एक शीर्ष वैज्ञानिक को भ्रष्टाचार निरोधक प्राधिकारियों ने हिरासत में ले लिया। उनकी कंपनी 'झेजियांग ग्रेट माइक्रोवेव टेक्नोलॉजी' ने यह जानकारी दी। हांगकांग में 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' की मंगलवार की खबर के अनुसार, कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसे '21 सितंबर को कंपनी के वास्तविक नियंत्रक और अध्यक्ष यू फैक्सिन के परिवार से पता लगा कि यू को हुआंगशी के 'सुपरवाइसरी कमीशन' द्वारा हिरासत में लिया गया है।' यू यहां हांग्जो स्थित झेजियांग यूनिवर्सिटी के 'एयरोनॉटिक्स एंड एस्ट्रोनॉटिक्स' स्कूल में प्रतिष्ठित प्रोफेसर भी हैं। (अनंत ज्ञान)

## हलचल

# एच-1बी वीजा शुल्क में भारी वृद्धि से बाजार में उथल-पुथल

## रुपया 48 पैसे टूटकर 88.76 प्रति डॉलर के सबसे निचले स्तर पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से एच-1बी वीजा शुल्क में भारी वृद्धि से बाजार में उथल-पुथल मचने के बीच मंगलवार को रुपए में गिरावट जारी रही। दोपहर के कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में 48 पैसे की गिरावट आई और यह अब तक के सबसे निचले स्तर 88.76 पर आ गया।

विदेशी मुद्रा व्यापारियों के अनुसार एच-1बी वीजा शुल्क में वृद्धि से भारत के आईटी क्षेत्र से धन प्रेषण और संभावित इक्विटी बिकवाली से जुड़ी चिंताएं पैदा हो गई हैं। यह भारतीय मुद्रा के लिए दोहरी मार है, ऐसे समय में जब इस वर्ष विदेशी निवेश पहले से ही कमजोर है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपया 88.41 पर खुला। इसके बाद यह कमजोर होकर डॉलर के मुकाबले 88.76 के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया। इस तरह इसमें पिछले बंद भाव के मुकाबले 48 पैसे की गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे गिरकर 88.28 पर बंद हुआ था। (अनंत ज्ञान)

### सेंसेक्स 58 अंक गिरा, निफ्टी 25200 के नीचे हुआ बंद

**मुंबई।** शेयर मार्केट में लगातार तीसरे दिन यानी मंगलवार को गिरावट देखने को मिली और दोनों ही बेंचमार्क इंडेक्स लाल निशान पर बंद हुए। सेंसेक्स में 58 अंकों की गिरावट देखी गई, तो निफ्टी 50 में 33 अंकों की गिरावट देखने को मिली। मंगलवार को सेंसेक्स ने 82,147 के लेवल पर ओपनिंग दी और दिन के आखिर तक यह 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,102 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 50 ने भी मंगलवार को 25,209 के लेवल पर ओपनिंग दी और दिन के आखिर तक यह 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,169 के लेवल पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामले में ईडी के सामने पूछताछ के लिए पेश हुए युवराज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्टार क्रिकेटर युवराज सिंह आनलाइन सट्टेबाजी ऐप 'वन|बेट' से जुड़े धन शोधन के मामले में पूछताछ के लिये प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष मंगलवार को पेश हुए। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने इस हरफनमौला से पूछताछ की और धन शोधन निरोधक अधिनियम के तहत उनके बयान दर्ज किए। एक इन्फ्लुएंसर अन्वेशी जैन भी इसी मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश हुई। ईडी इससे पहले क्रिकेटर सुरेश रैना, शिखर धवन, रॉबिन उथप्पा, टीएमसी की पूर्व सांसद और बांग्ला अभिनेत्री मिमि चक्रवर्ती, अभिनेता अंकुश हाजरा से भी पूछताछ कर चुका है। अभिनेता सोनू सूद को बुधवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इस सट्टेबाजी ऐप के संचालन की जांच ईडी की ऐसे प्लेटफार्मों के खिलाफ व्यापक जांच का हिस्सा है, जिन पर करोड़ों रुपये की ठगी करने और कथित तौर पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों की भारी मात्रा में चोरी करने के आरोप हैं। इस जांच के तहत आने वाले दिनों में एजेंसी द्वारा कुछ अन्य खिलाड़ियों, फिल्म अभिनेताओं, ऑनलाइन प्रभावशाली व्यक्तियों और मशहूर हस्तियों से पूछताछ किए जाने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

### 12 से 18 नवंबर के बीच केरल में आस्ट्रेलिया से खेल सकती है अर्जेंटीना फुटबॉल टीम

**एजेंसी, तिरूवनंतपुरम।** लियोनेल मेस्सी समेत अर्जेंटीना फुटबॉल टीम नवंबर में केरल दौरे पर कोच्चि में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेल सकती है। खेल विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि अभी दोस्ताना मैच की तारीख तय नहीं हुई है लेकिन यह कोच्चि में 12 से 18 नवंबर के बीच होगा जब अर्जेंटीना की टीम और मेस्सी केरल में होंगे। सूत्रों ने कहा कि विश्व कप 2022 विजेता अर्जेंटीना का सामना केरल से हो सकता है। अर्जेंटीना टीम के केरल दौरे को लेकर कुछ विवाद हो गया था जब अगस्त में कुछ रिपोर्ट में कहा गया कि यह दक्षिण अमेरिकी टीम नहीं आ रही है। बाद में अगस्त में ही प्रदेश के खेलमंत्री वी अब्दुरहमान ने कहा कि टीम नवंबर में केरल आएगी। (अनंत ज्ञान)

### डब्ल्यूएफआई ने अमन और फ्रीस्टाइल कोच को कारण बताओ नोटिस किया जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सेहरावत को विश्व चैंपियनशिप में स्वीकार्य वजन सीमा पर खरा नहीं उतर पाने को लेकर सोमवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया। अमन पुरुषों की फ्रीस्टाइल कुश्ती 57 किलोग्राम स्पर्धा में पदक के प्रबल दावेदारों में से एक थे, लेकिन प्रतियोगिता के दिन उनका वजन स्वीकार्य सीमा से 1.7 किलोग्राम अधिक था, जिसके कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। डब्ल्यूएफआई ने कहा कि जाग्रेब में चार कोच थे, लेकिन वे वजन प्रबंधन पर नजर नहीं रख सके, और उन्हें भी इसके मद्देनजर 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया गया है। डब्ल्यूएफआई के एक अधिकारी ने कहा, 'यह स्वीकार्य नहीं है। हमें इसके पीछे के कारणों का पता लगाना होगा। दो महीने से भी कम समय में हमारे दो अच्छे पहलवानों को अयोग्य घोषित कर दिया गया। हमें इसकी जांच करनी होगी, इसलिए हमने अमन को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया है।' अधिकारी ने बताया कि मुख्य कोच जगमंदर सिंह, विनोद, वीरेंद्र और नरेंद्र को भी स्पष्टीकरण देना होगा। उन्होंने बताया कि अमन और चारों कोच से 27 सितंबर तक जवाब देने के लिए कहा गया है।(अनंत ज्ञान)

### फुटबॉलर अलीशा का खूबसूरत अंदाज

**अलीशा** देबोरा लेहमैन (जन्म 21 जनवरी 1999) एक स्विस पेशेवर फुटबॉलर है जो सेरी ए क्लब कोमो और स्विट्जरलैंड की राष्ट्रीय टीम के लिए फॉरवर्ड के रूप में खेलती है। 2023-24 सीज़न के अंतिम अवे गेम में , लेहमैन ने ब्राइटन एंड होव एल्बियन के खिलाफ 1-0 की जीत में गोल किया और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया।



### हैंपशर के खिलाफ आखिरी चैंपियनशिप मैच के लिए राहुल चाहर सरे टीम में

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर राहुल चाहर ने इस हफ्ते के अंत में हैम्पशायर के खिलाफ काउंटी चैंपियनशिप के अपने आखिरी मैच के लिए सरे के साथ करार किया है। चाहर को आखिरी बार आईपीएल 2025 के दौरान खेलते हुए देखा गया था, जहां उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए सिर्फ एक मैच खेला था। जबकि भारतीय टीम के लिए उन्होंने अपना आखिरी मुकाबला 4 साल पहले खेला था। वह हैम्पशायर के खिलाफ अहम मुकाबले से पहले जल्द ही टीम के साथ जुड़ेंगे, क्योंकि उनकी ये टीम लगातार चौथा खिताब जीतने की कोशिश में है।

ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार, चाहर सितंबर की शुरुआत में काउंटी क्लब के लिए खेलने के लिए रजिस्टर्ड थे, लेकिन उन्हें वार्विकशायर और नॉटिंघमशायर के खिलाफ क्लब के घरेलू मैचों में खेलने की ज़रूरत नहीं थी। विल जैक्स और कैम स्टील के चोटिल होने के बाद चाहर को टीम में शामिल किया गया है।

चाहर ने कहा कि मैं इस हफ्ते के मैच के लिए सरे के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। मैं वहां प्रभाव डालने और सीजन के अपने आखिरी मैच में टीम की मदद करने जा रहा हूं। (अनंत ज्ञान)

## एशिया कप 2025 तनावपूर्ण रहेगा भारत का आज का मुकाबला

# भारत-बांग्लादेश मुकाबले में स्पिनरों पर नजर

**एजेंसी, दुबई**

पाकिस्तान को एक तनावपूर्ण मैच में हराने के बाद भारतीय टीम एशिया कप सुपर 4 चरण के अगले मैच में बुधवार को बांग्लादेश से खेलेगी तो भी तनाव कम नहीं रहेगा और इस मुकाबले में नजरें दोनों टीमों के स्पिनरों पर रहने वाली हैं ।

आंकड़ों के आधार पर देखा जाएगा तो यह मुकाबला भी एकतरफा रहने की उम्मीद है क्योंकि दोनों टीमों के बीच 17 टी20 मैचों में से बांग्लादेश एक ही जीत सका है। वनडे विश्व कप 2015 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर रोहित शर्मा को संदेह का लाभ देते हुए 'नॉट आउट' करार दिए जाने के बाद से दोनों टीमों के मुकाबले तनाव से भरे रहे हैं। शेख हसीना सरकार के गिरने के बाद से भारत के बांग्लादेश के साथ राजनयिक संबंध भी तनावपूर्ण रहे हैं। बीसीसीआई ने इस साल अगस्त में बांग्लादेश में होने वाली सफेद गेंद की श्रृंखला भी 2026 तक स्थगित कर दी बशर्ते वहां लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार सत्तारूढ़ हो । कागजों पर बांग्लादेशी टीम भारत के सामने कहीं नहीं ठहरती और सूर्यकुमार यादव की टीम एक और शानदार जीत की प्रबल दावेदार है, लेकिन इस प्रारूप में कुछ भी कयास लगाना संभव नहीं है और बांग्लादेश के स्पिनर बेहतर प्रदर्शन करके पासा पलट भी सकते हैं ।



मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे होगा शुरू।

बल्लेबाजी में हालांकि बांग्लादेश का भारत से कोई मुकाबला नहीं है । भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा शानदार फॉर्म में हैं और 210 की औसत से रन बना रहे हैं। वहीं शुभमन गिल का पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद स्ट्राइक रेट 158 के आसपास है। बांग्लादेश के दो सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाज कप्तान लिटन दास (129 प्लस) और तौहीद हृदय (124 प्लस) के आंकड़े भी दमदार नहीं हैं।

बांग्लादेश चाहेगा कि भारत पहले बल्लेबाजी करे और तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान के साथ उसके स्पिनर रिशाद हुसैन और आफ स्पिनर मेहदी हसन जल्दी विकेट निकालें । भारत को 150.160 रन पर रोकने की दशा में ही बांग्लादेश के लिए कोई उम्मीद बनेगी।

भारत के लिये चिंता की मामूली बात तिलक वर्मा का स्पिनरों को अच्छे से नहीं खेल पाना है। 'क्रिकमेट्रिक' विश्लेषण साइट के अनुसार तिलक का स्ट्राइक रेट 2025 में स्पिन के खिलाफ कम रहा है ।

उन्होंने 2024 में स्पिनरों की 61 गेंद खेलकर 116 रन बनाए जबकि डॉट गेंद का प्रतिशत 21.3 रहा है। इस साल उन्होंने सात पारियों में स्पिनरों की 80 गेंद खेलकर 92 रन बनाये और डॉट गेंदों का प्रतिशत 38 रहा है । तिलक और संजू सैमसन दोनों चौथे या पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं और ऐसे में स्पिनरों को बखूबी खेलना जरूरी है। तिलक की तुलना में रिंकू स्पिनरों को बेहतर खेल पाते हैं लेकिन भारतीय टीम प्रबंधन संयोजन में ज्यादा छेड़छाड़ नहीं करना चाहता। (अनंत ज्ञान)

#### दोनों टीमें

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, जसप्रित बुमरा, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा, रिंकू सिंह।

**बांग्लादेश :** लिटन दास (कप्तान, विकेटकीपर), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, सैफ हसन, तौहीद हृदोय, जेकर अली, शमीम हुसैन, नुरुल हसन, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, मोहम्मद सैफुद्दीन।

## पाक ने श्रीलंकाई बल्लेबाजों को सस्ते में निपटाया



**एजेंसी, अबुधाबी**

एशिया कप 2025 का तीसरा सुपर-4 मैच पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच अबुधाबी के शेख जायद स्टेडियम में खेला गया। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। 5.2 ओवर के बाद श्रीलंकाई टीम का स्कोर 43/3 है। चरिथ असलंका क्रीज पर थे।

श्रीलंकाई टीम के ओपनर्स पवेलियन लौट चुके थे। शाहीन अफरीदी ने पहले ओवर की दूसरी बॉल पर कुसल मेंडस (शून्य) को तलत हुसैन के हाथों कैच कराया। फिर, पारी के तीसरे और अपने दूसरे ओवर में पथुम निसांका (8 रन) को मोहम्मद हारिस के हाथों कैच कराया।

फाइनल की रेस में बने रहने के लिए दोनों टीमों के लिए यह मैच जीतना जरूरी है। जो टीम यह मैच हारेगी उसे अगला मुकाबला जीतने के साथ बाकी टीमों के रिजल्ट पर भी निर्भर रहना होगा। उनके फाइनल में पहुंचने के चांस भी बहुत कम हो जाएंगे। दोनों टीमों को अपने-अपने पहले सुपर-4 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान को भारत ने और श्रीलंका को बांग्लादेश ने हराया था।

## मेघना रेड्डी ने कोरिया ओपन के मुख्य ड्रॉ में किया प्रवेश

**एजेंसी, सुवोन (कोरिया)**

भारतीय खिलाड़ी मेघना रेड्डी ने मंगलवार को क्वालीफायर में सीधे गेम में जीत दर्ज कर कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया।

इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले दौर में चीनी ताइपे की पेई चू चेन को 21-6, 21-18 से हराने के बाद जापान की रिरिना हिरामोटो को रोमांचक मुकाबले में 21-19, 22-20 से पछाड़कर 475,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह पक्की की।

मेघना के सामने पहले दौर में थाईलैंड की तोनरुग साएहेंग की चुनौती होगी। क्वालीफायर में भाग लेने वाले अन्य सभी भारतीय मुख्य मुकाबले में आगे नहीं बढ़ पाए। शिवांश को पुरुष एकल में चीनी ताइपे के लू वेई हुआन से 12-21, 21-17, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा।

#### नितिन कुमार और हर्ष राणा की जोड़ी को मिली हार

नितिन कुमार और हर्ष राणा की जोड़ी को चीनी ताइपे के बाओ शिन दा गु ला और यू हसांग चौ ने 11-21, 17-21 से हराया, जबकि पुरुष युगल क्वालीफायर में शिवांश और प्रणव चंदेल की जोड़ी हंग बिंग फू और फू सुआन लियू से 15-21, 6-21 से हार गई। (अनंत ज्ञान)

## ऋषभ पंत वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज से बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत आगामी दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज में वेस्टइंडीज के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे। यह सीरीज 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी। भारतीय चयनकर्ताओं की बैठक 24 सितंबर को होने वाली है, जिसमें अजित अगरकर की अगुवाई वाली समिति इस सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगी। यह टीम पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए घरेलू टेस्ट मुकाबलों की तुलना में दो खिलाड़ी कम होगी।



ऋषभ पंत इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड में खेली गई एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान चोटिल हो गए थे। मैनचेस्टर में हुए चौथे टेस्ट में उनके बाएं पैर में फ्रैक्चर हो गया था। हालांकि उन्होंने पहली पारी में बल्लेबाजी की, लेकिन आखिरी टेस्ट से पहले उन्हें एन जगदीशन से रिप्लेस कर दिया गया। वर्तमान में पंत बेंगलुरु स्थित बसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे हैं। वह कंडीशनिंग पर काम कर रहे हैं और मेडिकल टीम की अगली रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। अभी उनके क्रिकेट में वापसी की कोई निश्चित तारीख तय नहीं की गई है। वेस्टइंडीज सीरीज के बाद भारत को 19 अक्तूबर से ऑस्ट्रेलिया में सीमित ओवरों की सीरीज खेलनी है।(अनंत ज्ञान)

#### विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे ध्रुव जुरेल

**पंत** की गैरमौजूदगी में ध्रुव जुरेल वेस्टइंडीज सीरीज में भारत के मुख्य विकेटकीपर होंगे। जुरेल ने इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंडुलकर ट्रॉफी के आखिरी दो टेस्ट में विकेटकीपिंग की थी। वह इस समय लखनऊ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेल रहे हैं। एन जगदीशन, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ ओपनिंग करने के साथ जुरेल के साथ कीपिंग की जिम्मेदारी भी साझा की थी, बैकअप विकेटकीपर के रूप में टीम में जगह पा सकते हैं।

## भारतीय महिला टीम को आईसीसी ने दिया झटका, पूरी टीम पर लगा भारी जुर्माना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली गई तीन मैचों की वनडे इंटरनेशनल महिला सीरीज मेहमान ऑस्ट्रेलिया टीम ने 2-1 से अपने नाम की है। इस सीरीज के पहले मुकाबले में कंगारू टीम ने आठ विकेट से जीत दर्ज की थी, वहीं दूसरा मैच भारत ने 102 से जीतकर सीरीज को बराबरी पर ला दिया था। लेकिन, ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे और निर्णायक मुकाबले में 43 रन से जीत दर्ज करते हुए सीरीज पर कब्जा जमा लिया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए तीसरे मैच में स्लो ओवर रेट के लिए आईसीसी ने भारतीय टीम पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।( अनंत ज्ञान)



#### कप्तान ने स्वीकार किया अपराध

**आईसीसी** की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि समय सीमा को ध्यान में रखते हुए भारत निर्धारित समय पर दो ओवर कम फेंक पाया था। इसके बाद एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी जीएस लक्ष्मी ने यह जुर्माना लगाया है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपराध के साथ जुर्माना भी स्वीकार कर लिया। इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी।

#### अब महिला विश्व कप में दिखेगी भारतीय टीम

**बता** दें कि आगामी आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप, जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका कर रहे हैं, उससे पहले यह दोनों टीमों का आखिरी मैच था। भारत अपने टूर्नामेंट की शुरुआत 30 सितंबर को गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ करेगा, जबकि ऑस्ट्रेलिया अगले दिन इंदौर में पड़ोसी प्रतिद्वंद्वी न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा।

## हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया के कप्तान बने दिनेश कार्तिक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** 7 नवंबर से शुरू होने वाले हांगकांग सिक्सेस के लिए टीम इंडिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को भारत का कप्तान बनाया गया है। इस नवंबर में यह टूर्नामेंट 7 तारीख से शुरू होगा और 9 को फाइनल खेला जाएगा। अब तक भारतीय टीम ने सिर्फ एक बार ही खिताब जीता है। 2024 में पाकिस्तान ने 5वीं बार ट्रॉफी उठाई थी। रॉबिन उथप्पा की कप्तानी में टीम इंडिया पिछले साल पहले राउंड से ही बार हो गई थी। टीम इंडिया को ग्रुप में पाकिस्तान और यूएई से हार का सामना करना पड़ा था।

इस साल दिनेश कार्तिक के साथ आर अश्विन भी इस टूर्नामेंट में खेलेंगे। दिनेश कार्तिक ने इंटरनेशनल और आईपीएल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है और अब अन्य लीग क्रिकेट खेलते हैं। आर अश्विन ने भी इसी साल आईपीएल से संन्यास लिया है और पिछले साल के अंत में इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। दिनेश कार्तिक और आर अश्विन के अलावा अन्य 5 खिलाड़ियों के नामों की घोषणा नहीं हुई है।

दिनेश कार्तिक ने भारतीय टीम के लिए 26 टेस्ट, 94 वनडे और 60 टी20 मैच खेले हैं। किसी भी फॉर्मेट में उनका औसत 30 से ज्यादा नहीं रहा है। 18 साल के इंटरनेशनल करियर में कार्तिक तीनों फॉर्मेट में मिलाकर 180 मैच खेल पाए हैं। हालांकि कार्तिक ने फर्स्ट क्लास में कमाल की बल्लेबाजी की है और लिस्ट के साथ फर्स्ट क्लास मैचों में 40 की अधिक की औसत से रन बनाए हैं। कार्तिक को 2022 टी20 वर्ल्ड कप के बाद भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया, जिसके बाद उन्होंने पिछले साल संन्यास ले लिया।( अनंत ज्ञान)

## आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में स्मृति शीर्ष पर बरकरार

### दीप्ति पांचवें स्थान पर पहुंची



**एजेंसी, दुबई।** दीप्ति शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की महिला एकदिवसीय रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में दो स्थान के फायदे से पांचवें स्थान पर पहुंच गईं। दीप्ति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो विकेट लिए जिससे भारतीय ऑफ स्पिनर 651 अंक के साथ दो स्थान ऊपर पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाज अयाबोंगा खाका प्रतिकूल परिस्थितियों से लाहौर में पाकिस्तान के खिलाफ 36 रन देकर दो विकेट लेने के बाद तीन स्थान ऊपर चढ़कर 15वें पायदान पर पहुंच गईं।( अनंत ज्ञान)

#### स्मृति करियर के सर्वश्रेष्ठ 818 रेटिंग अंक पर पहुंची

**स्मृति** मंधाना ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ संपन्न श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग के साथ बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। स्मृति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन मैच की श्रृंखला में दो शानदार शतक जड़े। गुवाहाटी में 30 सितंबर से शुरू हो रहे विश्व कप से पूर्व हुई इस श्रृंखला को हालांकि मेहमान टीम ने 2-1 से जीता। स्मृति करियर के सर्वश्रेष्ठ 818 रेटिंग अंक पर पहुंच गई हैं।

#### क्रांति गौड़ की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार शुरुआत

**भारत** की क्रांति गौड़ (23 स्थान के फायदे से 39वें स्थान पर) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी है जबकि इंग्लैंड की सोफी एकलेस्टोन (795 रेटिंग अंक) ने विश्व कप से पहले शीर्ष रैंकिंग की एकदिवसीय गेंदबाज के रूप में 85 अंक की बढ़त बना रखी है। जहां स्मृति ने अपना नंबर एक स्थान बरकरार रखा है तो वहीं ताजमिन ब्रिट्स ने बल्लेबाजी रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार किया है। लाहौर में दक्षिण अफ्रीका के श्रृंखला जीतने के दौरान ब्रिट्स ने लगातार दो नाबाद शतक जड़े और 15 स्थान के फायदे से छठे पायदान पर पहुंच गईं।

#### ब्रिट्स ने किया शानदान सुधार

**ब्रिट्स** का 2025 में औसत 91.85 है और उन्होंने एक दिवसीय मुकाबलों में 94.14 के स्ट्राइक रेट से 643 रन बनाए हैं। सितंबर 2023 की शुरुआत में 73वें स्थान पर रहने वाली दक्षिण अफ्रीका की इस बल्लेबाज ने सुधार किया है। इस बीच पाकिस्तान की सिदरा अमीन ने भी 10 स्थान की छलांग लगाई है। तीन मैच में नाबाद 121, 122 और नाबाद 50 रन बनाए।

## अंडर 19 टूर्नामेंट भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 117 गेंद शेष रहते बुरी तरह रौंदा

# वनडे में वैभव सूर्यवंशी ने फिर उड़ाया 'गर्दा'

**एजेंसी, लंदन**

वैभव सूर्यवंशी इन दिनों भारत की अंडर 19 टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर है। इस दौरे पर भारतीय अंडर 19 टीम और ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम के बीच खेले गए पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 225 रन स्कोर बोर्ड पर लगाए थे।

इसके जवाब में भारतीय टीम ने वैभव सूर्यवंशी की तूफानी शुरुआत और अभिज्ञान कुंडू की अर्धशतकीय पारी की बदौलत महज 30.3 ओवर में ही मुकाबला 7 विकेट के अंतर से जीत लिया। इसके साथ ही भारत ने सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। (अनंत ज्ञान)



#### किशन ने पहले ओवर में ऑस्ट्रेलिया को दिए 2 झटके

**इस** मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 को पहले ही ओवर में किशन कुमार ने दोनों ओपनर को पवेलियन भेजकर दो बड़े झटके दिए। इसके बाद स्टीवन होगन (39) और टॉम होगन (41) ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन मेजबान टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही। निचले क्रम के बल्लेबाज जॉन जेम्स (68 गेंदों पर 77 रन) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई अंडर-19 टीम 50 ओवरों में 225/9 का स्कोर बनाने में सफल रही। वहीं, भारत की ओर से हेनिल पटेल ने 3/38, जबकि कुमार और कनिष्क चौहान ने क्रमशः 2/59 और 2/39 विकेट लिए।

#### सूर्यवंशी का शानदार फॉर्म

226 रने के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत के शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करने उतरे वैभव ने केवल 22 गेंदों पर 172.73 की औसत से 38 रन बनाए, लेकिन फिर आउट हो गए। उनकी तूफानी पारी में 7 चौके और एक छक्का शामिल था। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ खेली गई उनकी धमाकेदार फॉर्म जारी है, जहां उन्होंने 5 मैचों की सीरीज़ में 355 रन बनाए थे।

#### अभिज्ञान रहे मैच के हीरो

ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहले वनडे मैच में अभिज्ञान कुंडू भारत अंडर-19 टीम के लिए बल्ले से स्टार रहे। वैभव सूर्यवंशी ने मेज़बान टीम पर अपना कहर बरपाया और उन्हें दिखा दिया कि वे उनसे क्यों डरते हैं? आयुष म्हात्रे की अगुवाई वाली भारतीय अंडर-19 टीम ने 226 रनों के लक्ष्य को महज 30.3 ओवर में ही हासिल कर लिया और ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 पर अपना दबदबा कायम रखा।

## सौरव गांगुली की सीएबी में वापसी, दोबारा बने अध्यक्ष

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) के अध्यक्ष चुने गए हैं। वह 2019 तक इस पद पर थे, 6 साल के बाद वह दोबारा इस पद पर नियुक्त हुए हैं।

गांगुली 2019 से 2022 तक बीसीसीआई के भी अध्यक्ष पद पर रहे थे। सीएबी अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने ईडन गार्डन्स स्टेडियम की क्षमता को 1 लाख तक बढ़ाने की बात कही। उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप के महत्वपूर्ण मैचों की मेजबानी हासिल करने को भी अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया।

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल की 94वीं वार्षिक आम बैठक में सौरव गांगुली को निर्विरोध अगला अध्यक्ष चुना गया. वह 2015 से 2019 तक सीएबी अध्यक्ष रह चुके हैं, उन्होंने बीसीसीआई अध्यक्ष बनने से पहले इस पद को छोड़ा था. जिसके बाद अविषेक डालमिया नए अध्यक्ष बने थे।

गांगुली ने वादा किया है कि ईडन गार्डन्स में टेस्ट क्रिकेट की वापसी सुचारु रूप से सुनिश्चित करेंगे। बता दें कि अक्तूबर में यहां बंगाल की टीम उत्तराखंड और गुजरात के साथ रणजी ट्रॉफी के 2 मैच खेलेगी। नवंबर में यहां भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टेस्ट खेला जाएगा।

पद पर नियुक्त होने के बाद गांगुली ने कहा कि उनकी पहली जिम्मेदारी भारत बनाम साउथ अफ्रीका टेस्ट की तैयारी करना होगा।

2019 में बांग्लादेश के खिलाफ पिंक बॉल टेस्ट के बाद यहां पहला टेस्ट होगा। सौरव गांगुली के अध्यक्ष पद पर रहते हुए ही भारत में पिंक बॉल से दिन रात्रि टेस्ट की शुरुआत हुई। (अनंत ज्ञान)